रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 07, संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 30 मई 2024, वर्ष-25, अंक-117, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



आइए गर्व के साथ मतदान करें
मनाएं लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव




**सेंसेक्स** 74,502.90 -667.55

**डॉलर** 83.375 +0.157

**रांची सर्राफा**
10 ग्राम 68,450
01 किलो 99,990

# राजमहल, गोड्डा, दुमका में आज थमेगा चुनाव प्रचार, सभी दलों ने लगाया जोर

*रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि सातवें चरण के तहत राजमहल, गोड्डा और दुमका में चुनाव प्रचार गुरुवार शाम पांच बजे थम जाएगा। इसके साथ चुनाव प्रचार आदि कार्य से चुनाव वाले संसदीय क्षेत्र में बाहर से आए राजनीतिक दलों के नेताओं-कार्यकर्ताओं को नियमानुसार वापस लौटना होगा। तीनों सीटों में एक जून को मतदान होना है। इसे लेकर बुधवार को भाजपा ने अपने तीन धुरंधरों को मैदान में उतार दिया वहीं झामुमो के लिए कल्पना सोरेन ने मोर्चा संभाला। गुरुवार को इस जंग में राजग की ओर से बाबूलाल संताल के मोर्चे पर होंगे तो इंडी गठबंधन के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी, राज्यसभा सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी और कल्पना सोरेन संताल की बाजी अपने पक्ष में करने की कोशिश करेंगे।*

| लोकसभा क्षेत्र | मतदाता | पुरुष मतदाता | महिला मतदाता |
|---|---|---|---|
| राजमहल | 17,04,671 | 8,51,165 | 8,53,496 |
| दुमका | 15,91,061 | 7,99,045 | 7,92,010 |
| गोड्डा | 20,28,154 | 10,50,328 | 9,77,809 |

## कांग्रेस और झामुमो ने आदिवासियों को हमेशा बंधुआ समझा : विष्णुदेव

**साहिबगंज।** छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने बुधवार को राजमहल के बरहेट में भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी जी तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनकर नया कीर्तिमान रचेंगे। छत्तीसगढ़ के सीएम ने झामुमो और कांग्रेस पर आरोप लगाया कि ये पार्टियां आदिवासियों को केवल वोट बैंक समझती हैं। 55 साल देश में कांग्रेस की सरकार रही, लेकिन, उसने कभी आदिवासियों के हित में कोई कदम नहीं उठाया। झामुमो ने तो आदिवासी समाज के लोगों को बंधुआ बनाया। इनके नेताओं ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बनाया है। झारखंड के लिए यह शर्म की बात है कि



यहां का मुख्यमंत्री रहा व्यक्ति भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद है। यह भजपा ही है, जिसने आदिवासियों को मान-सम्मान दिया। पहली बार भाजपा सरकार ने आदिवासियों के विकास के लिए आदिवासी कल्याण मंत्रालय बनाया। आज देश के सर्वोच्च पद पर आदिवासी बहन द्रौपदी मुर्मू विराजमान हैं। छत्तीसगढ़ आज झारखंड की तुलना में विकास में आगे निकल गया है। यह तब संभव हुआ, जब वहां लगातार पंद्रह साल तक भाजपा की सरकार रही।

## झूठ बोलकर जनता को भ्रम में रख रही कांग्रेस-झामुमो : मोहन यादव

**साहिबगंज ।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को राजमहल में आयोजित जनसभा में लोगों से भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-झामुमो सिर्फ झूठ बोलकर भारत की जनता को भ्रम में रखी हुई है। मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस ने झारखंड सहित इस इलाके के विकास के लिए नहीं सोचा। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर यहां बंदरगाह बनाया जा रहा। आज इंडी गठबंधन में पूर्व के नेताओं के बच्चे चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन नरेंद्र मोदी के परिवार का कोई भी सदस्य चुनाव नहीं लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ गरीब लोगों के घरों में उजाला हुआ है।



वे गरीबी की दुनिया से बाहर निकाले गए हैं। नरेन्द्र मोदी देश की जनता को विकसित करने के लिए काम कर रहे हैं। आज हमारी सेना विश्व की तीसरी सबसे ताकतवर सेना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करवाया। तीन तलाक को समाप्त किया। शौचालय दिया। आयुष्मान योजना दी। मोहन ने कहा कि इस बार के चुनाव के बाद जब भाजपा की सरकार बनेगी तो जल्द ही भारत विश्व का नंबर एक देश बनेगा।

## झारखंड में बालू माफिया, लैंड और लव जिहाद को राज्य का संरक्षण : नड्डा

**देवघर ।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को झारखंड के देवघर सारठ के पालाजोरी के खागा बड़जोरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के समीप स्थित मैदान में दुमका लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरने के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। नड्डा ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए इसके नेताओं को भ्रष्टाचारी बताया।



उन्होंने कहा कि झारखंड में बालू माफिया, लैंड जिहाद और लव जिहाद को राज्य सरकार का संरक्षण प्राप्त है। इंडी गठबंधन वालों को आपसे कोई लेना देना-नहीं है। ये सब भ्रष्टाचारी हैं। झारखंड में झामुमो वाले जल, जंगल, जमीन की बात करके सत्ता में आए थे। आज जल के किनारे वाली बालू गायब हो रही है। नड्डा ने कहा कि आज एक साधारण आदमी भी मान चुका है कि देश में आया बदलाव मोदी की देन है। आम आदमी का ये विश्वास किसी नेता को मुश्किल से ही मिलता है। उन्होंने कहा कि पहले लोग धर्म, जाति, स्थानीयता और भाषा आदि के आधार पर वोट करते थे। देश में अलग-अलग तरह के वाद थे लेकिन मोदी ने एक ही जाति, धर्म और वाद का नारा दिया और वो है विकासवाद का नारा। वे सबका साथ-सबका विकास की बात करते हैं। किसी एक जाति, समूह या धर्म के विकास का नारा उन्होंने कभी नहीं दिया। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था अब विश्व की तीसरे नंबर की बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। पीएम मोदी की दूरदर्शी सोच से ही यह संभव हो पा रहा है।

## इस बार केंद्र में इंडी गठबंधन की सरकार बननी तय : कल्पना सोरेन

**जामताड़ा।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि इस बार केंद्र में इंडी गठबंधन की सरकार बननी तय है। भाजपा ने जिस तरह तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को षड्यंत्र के तहत जेल भेज दिया उसी तरह जनता भी इस बार इंडी गठबंधन के साथ मिलकर भाजपा को खत्म कर देगी। कल्पना सोरेन जामताड़ा के वेना मैदान में बुधवार को दुमका लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन की प्रत्याशी नलिन सोरेन के पक्ष में जनसभा को संबोधत कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने नलिन के लिए वोट भी मांगे। कल्पना ने कहा कि जब शिबू सोरेन ने सिर नहीं झुकाया तो हेमंत सोरेन कैसे सिर झुका देंगे। हेमंत सोरेन के साथ पूरे झारखंड की आवाम है। साढ़े तीन करोड़ जनता उनके साथ है। कल्पना ने कहा कि झारखंड में तीन चरणों का चुनाव हो गया है। चुनाव का परिणाम साफ हो गया है। जनता ने इस बार इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को अपना मत दिया है। संथाल परगना में आखिरी चरण के चुनाव में भाजपा के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का काम हो रहा है और दुमका, राजमहल, गोड्डा में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी भारी मतों से जीत रहे हैं।



*भाजपा ने जिस तरह तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को षड्यंत्र के तहत जेल भेज दिया, उसी तरह जनता भी इस बार इंडी गठबंधन के साथ मिलकर भाजपा को खत्म कर देगी।*

## एक नजर

### कोकर अयोध्यापुरी और पिस्का मोड़ में ईडी ने की छापेमारी

**रांची।** कोकर के अयोध्यापुरी रोड नंबर-1 और पिस्का मोड़ के तेल मिल गली में बुधवार को ईडी की टीम ने छापेमारी की। बताया जा रहा है कि अयोध्यापुरी में एक निजी बैंक के अधिकारी सौरभ कुमार के मकान में ईडी की टीम पहुंची और आईएएस मनीष रंजन से जुड़े मामले में कागजातों की तलाशी ली। यहां ईडी की टीम ठाकुर नाम के एक व्यक्ति से जुड़े कागजातों को भी खंगाल रही है। चर्चा है कि ईडी को कुछ कॉल डिटेल्स भी हाथ लगे हैं। वहीं रातू रोड के पिस्का मोड़ स्थित तेल मिल गली के एक ठिकाने में भी ईडी की टीम ने मनीष रंजन को लेकर छापेमारी की है।

### खूंटी में पीएलएफआई उग्रवादी अमित टोपनो के बड़े भाई की हत्या

**खूंटी ।** जिला जेल में बंद प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई के सक्रिय उग्रवादी अमित टोपनो उर्फ पौलुस टोपनो के बड़े भाई 28 वर्षीय अंथोनी टोपनो की रनिया थाना क्षेत्र के जरकेल रंगरोड़ी गांव के पास हत्या कर दी गई। उसका शव बुधवार को रंगरोड़ी गांव के एक कुएं से मिला। अंथोनी रविवार को सिदम गांव का मंडा मेला देखने गया था। इसके बाद से वह घर नहीं लौटा था। उसकी धारदार हथियार से हत्याकर शव को कुएं में डाल दिया था। रनिया थाना पुलिस ने शव को पोटामार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### आज | कल




## नक्सलियों ने केबल बिछा रही कंपनी का कंटेनर फूंका, एक की जिंदा जलकर मौत

*आठ माह पहले नक्सलियों ने मैक्लुस्कीगंज में रेलवे पुल निर्माण कार्य साइडिंग पर भी हमला किया था*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के खलारी-मैक्लुस्कीगंज इलाके में मंगलवार देर रात माओवादियों ने एक मालवाहक कंटेनर को फूंक डाला। इससे कंटेनर में बैठे एक व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत हो गई। वारदात की सूचना मिलने के बाद बुधवार सुबह पुलिस की टीम मौके पर पहुंची है। रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा ने कहा है कि आपराधिक वारदात की सूचना मिली है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। घटना स्थल रांची से करीब 60 किलोमीटर दूर है। प्रारंभिक सूचना के अनुसार, हथियारबंद नक्सलियों ने मैक्लुस्कीगंज-चामा सड़क पर दुल्ली नामक जगह पर देर रात जमकर उत्पात मचाया। कई गाड़ियों को रुकवाया गया और उनपर सवार लोगों से मारपीट की गई। इसी दौरान एक मालवाहक कंटेनर को रुकवाकर उसमें आग लगा दी गई।

सूचना के अनुसार, कंटेनर का ड्राइवर मौके से भाग निकला, लेकिन कंटेनर के अंदर सो रहा एक व्यक्ति जिंदा जल गया। यह कंटेनर इलाके में ऑप्टिकल फाइबर बिछा रही एक कंपनी का बताया जा रहा है। बुधवार सुबह ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, खलारी थाना इंचार्ज विजय सिंह के अलावा मैक्लुस्कीगंज थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। इस वारदात के पीछे माओवादी नक्सली रवींद्र गंझू के दस्ते का हाथ होने की आशंका जताई जा रही है। माना जा रहा है कि केबल बिछाने वाली कंपनी से लेवी (रंगदारी) वसूली की मांग को लेकर नक्सलियों ने घटना को अंजाम दिया है। करीब आठ माह पहले नक्सलियों ने मैक्लुस्कीगंज में रेलवे पुल निर्माण कार्य साइडिंग पर भी हमला किया था और चार वाहनों को आग के हवाले कर दिया था।

## राज्य में हीटवेव, 17 जिलों में पारा 40 डिग्री के पार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य में सूरज आग उगल रहा है। उत्तर पूर्वी क्षेत्र के दो तीन जिलों को छोड़ दें तो पूरा राज्य भीषण गर्मी और हीट वेव के चपेट में है। गर्मी के सितम से पूरा राज्य हलकान है। अगले दो दिनों तक गर्मी से राहत की कोई संभावना नहीं है। एक जून तक गढ़वा पलामू चतरा में हीट वेब चलने की संभावना है। राज्य के 17 जिलों में एक बार फिर तापमान 40 के पार पहुंच चुका है। अगले 48 घंटे तक ऐसे ही मौसम के बने रहने के आसार हैं। रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि रांची के तापमान में भी करीब चार डिग्री की बढ़ोतरी हुई और अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मई माह में यह दूसरा मौका है कि राजधानी का तापमान 40 के पार पहुंचा है। तपती गर्मी को लेकर मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने यलो अलर्ट भी जारी किया है। गर्मी से गढ़वा में सैकड़ों चमगादड़ों की मौत हो गई है। शेष पेज 11 पर



*तपती गर्मी को लेकर मौसम विज्ञान केंद्र ने येलो अलर्ट भी जारी किया*

### गढ़वा-चतरा में सैकड़ों चमगादड़ों की मौत

**गढ़वा ।** गढ़वा और चतरा जिले में सैकड़ों की संख्या में चमगादड़ों की मौत होने की सूचना है। गढ़वा जिले के कांडी प्रखंड के सुरीपुर और कासंप गांव के इलाके में मंगलवार रात और बुधवार सुबह सैकड़ों चमगादड़ों की मौत हो गई। वहीं चतरा के पत्थलगढ़ा बाजार टांड में भी सैकड़ों चमगादड़ मृत पाए गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि भीषण गर्मी की वजह से इन चमगादड़ों की मौत हुई है। कांडी के ग्रामीणों का कहना है कि दोनों गांवों में चमगादड़ पेड़ पर रहते थे। सभी पेड़ सोन नदी के तटीय इलाके में हैं। बुधवार को जब स्थानीय ग्रामीण इलाके में गए तो देखा कि कुछ चमगादड़ मर चुके थे और वे पेड़ से नीचे गिरे हुए थे। लोगों ने आशंका जताई है कि चमगादड़ों की मौत गर्मी की वजह से हुई है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी आफताब आलम ने बुधवार को कहा कि गढ़वा के कांडी प्रखंड के सुरीपुर और कासंप गांव के इलाके में मंगलवार रात और बुधवार सुबह सैकड़ों चमगादड़ों की मौत हो गई। मामले की जांच चल रही है और पता लगाया जा रहा है कि चमगादड़ों की मौत कैसे हुई है। पशु चिकित्सक प्रदीप के मुताबिक, प्रथम दृष्टया गर्मी के कारण सभी चमगादड़ों की शेष पेज 11 पर

*यह गंभीर मामला है लेकिन अभी तुरंत किसी निष्कर्ष पर पहुंचना ठीक नहीं। तापमान तो पलामू-लातेहार में भी काफी बढ़ा हुआ है लेकिन वहां से ऐसी कोई सूचना नहीं आई है। गढ़वा के पशु चिकित्सक से पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही कुछ ठोस कहा जा सकेगा।*

**सुशील प्रसाद,** *डीन-वेटनरी कॉलेज, बीएयू*

## इंडिया

## संताल की सियासत तय करेगा झारखंड का राजनीतिक समीकरण




सुनील बादल

*अब सबकी नजरें चुनाव परिणाम पर रहेंगी जिससे झारखंड का नया समीकरण तैयार होगा।*

झारखंड की चुनावी राजनीति अब संताल परगना में अंतिम दौर पर चल रही है। एक जून को दुमका, राजमहल और गोड्डा लोकसभा सीटों के लिए चुनाव में भाजपा और झामुमो की परीक्षा भी होगी और झारखंड के भविष्य की रणनीति भी तय होगी । दुमका, राजमहल और गोड्डा की तीनों लोकसभा सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार हैं तो दुमका और राजमहल में झामुमो और गोड्डा में कांग्रेस के उम्मीदवार के लिए दोनों ही गठबंधन के नेता मेहनत कर रहे हैं। झामुमो में हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने स्टार प्रचारक के रूप में मोर्चा संभाला है जिनकी सभाओं में भीड़ उमड़ रही है ।कल्पना एक रणनीति के तहत अपने पति को जेल भेजने को मुद्दा बना रहीं हैं जैसा मुख्यमंत्री चंपई सोरेन विधानसभा से लेकर जनसभाओं में बोलते रहे हैं कि हेमंत सोरेन के विरुद्ध कोई सबूत नहीं है । भाजपा के सबसे कद्दावर नेता और गुरुजी को हराकर संताल परगना से अपनी राजनीतिक पारी शुरू करने वाले बाबूलाल मरांडी हेमंत सोरेन और झामुमो पर तीखे हमारे करते रहे हैं जिनका कहना है कि इतने भ्रष्ट अधिकारी,मंत्री और तंत्र को संरक्षण ही नहीं स्वयं जमीन घोटाले में वे शामिल हैं और सबूत नहीं तो कोर्ट से जमानत तक क्यों नहीं मिल रही है ?

संताल की जमीन पर कल्पना की यह बड़ी परीक्षा है जिसे शिबू सोरेन ने तैयार किया था और हेमंत सोरेन ने पिछले लोकसभा और विधानसभा में बेहतर प्रदर्शन कर अपनी लोकप्रियता दिखायी थी । अब सबकी नजरें चुनाव परिणाम पर रहेंगी जिससे झारखंड का नया समीकरण तैयार होगा । कल्पना को सबसे पहली चुनौती शिबू सोरेन की पारंपरिक सीट दुमका पर सीता सोरेन से है जो गुरुजी की बड़ी बहू हैं




। नलिन सोरेन उम्मीदवार हैं, पर इस सीट पर सोरेन परिवार की दो बहुओं की राजनीतिक लड़ाई है। अस्वस्थ गुरुजी अबकी सियासी रण से बाहर हैं, पर दुमका में उनकी पकड़ चर्चा में है। उनकी बड़ी बहू सीता सोरेन का भाजपा से उनके ही दल के खिलाफ चुनाव लड़ना और अपना हक छीनने को मुद्दा बनाकर झामुमो पर हमला बोलना भी चर्चा में है । सियासी झंझावात में गुरुजी की प्रतिष्ठा दोनों तरह से दांव पर है। एक ओर पार्टी है तो दूसरी ओर घर की बड़ी बहू ।बाबूलाल मरांडी की भी संताल परगना में अच्छी छवि और पकड़ है जिसे पीएम मोदी की सभाओं और देवघर एम्स,हवाई अड्डा जैसे ऐतिहासिक कार्यों से अधिक बल मिल रहा है ।अब देखना है कि पिछले दो वर्षों से बड़े घोटालों के तार जो संताल परगना से भी जुड़े हैं और अनेक बड़े लोगों को बेल तक नहीं मिली है वह जीत हार का मुद्दा बनता है या सोरेन परिवार की गिरफ्तारी ? दुमका सोरेन परिवार के लिए ही नहीं, भाजपा के लिए भी सियासी नाक की लड़ाई बन गया है। 2019 में भाजपा के सुनील सोरेन ने दुमका से आठ बार के सांसद रहे शिबू सोरेन को हराकर बरसों पुराना किला ढहा दिया था। इस बार भाजपा ने सीता को प्रत्याशी बनाकर झामुमो (गठबंधन) के लिए सिर चकराने वाली चाल चल दी। सीता की बगावत के खिलाफ झामुमो ने परिवार से प्रत्याशी तो नहीं उतारा, मगर उनकी देवरानी कल्पना सोरेन को प्रचार की कमान सौंप दी है। झारखंड की सियासत के वासुकीनाथ यानी दुमका से छिड़ी देवरानी-जेठानी की जंग अब झारखंड भर में चर्चा का विषय है ।भाजपा ने दुमका के स्थानीय प्रत्याशी सुनील सोरेन के हाथ से कमल का निशान लेकर सीता को थमाया है। सीता रामगढ़ (हजारीबाग) के नेमरा की रहने वाली हैं। चर्चा है कि झामुमो नेतृत्व ने दुमका के शिकारीपाड़ा से लगातार सात बार विधायक और स्थानीय प्रत्याशी नलिन सोरेन को मैदान में उतारकर एक तीर से दो निशाने किए हैं। एक तो भीतरी प्रत्याशी वाला दांव और दूसरा बड़ी बहू के खिलाफ परिवार से किसी को न उतारकर खुला विरोध से बचने का रास्ता भी। पिछले तीन चुनावों से भाजपा शिबू सोरेन को परास्त करने के लिए इसी अस्त्र का इस्तेमाल करती रही है और इसी के सहारे शिबू सोरेन को परास्त भी किया था। इस चुनाव में झामुमो भाजपा के खिलाफ बाहरी-भीतरी के पुराने मुद्दे को ही अस्त्र के तौर पर इस्तेमाल कर रही है ।वैसे दुमका में जीते कोई भी, ताज किसी सोरेन के सिर पर ही सजेगा। झारखंड की दुमका लोकसभा सीट पर मतदाताओं की कुल संख्या 10 लाख 25 हजार 968 है। 2011 की जनगणना के मुताबिक यहां की आबादी 20 लाख 59 हजार 611 है। यहां की करीब 92 फीसदी आबादी गांवों में रहती है, बाकी शहरों में । जातीय समीकरण पर नजर डालें तो एससी वर्ग की आबादी 7.84 प्रतिशत है और एसटी वर्ग की आबादी 37.39 प्रतिशत है।

## महिला इंजीनियर से गैंगरेप के पांच दोषियों को उम्रकैद

*युवती को गंभीर हालत में हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था*

**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** चाईबासा की जिला अदालत ने एक महिला इंजीनियर से गैंगरेप के केस में बुधवार को पांच आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इनमें सुरेन देवगम (20), शिवशंकर करजी उर्फ बाज (22), पुरमी देवगम उर्फ सेटी (19), प्रकाश देवगम उर्फ डेंबो (21) और सोमा सिंकू उर्फ पेट्रा (19) शामिल हैं। ये सभी चाईबासा जिले के मुफ्फसिल थाना अंतर्गत सालीहातु गांव के रहने वाले हैं। इस केस के पांच अन्य आरोपी वारदात के वक्त नाबालिग थे, इसलिए उनके मामले की सुनवाई जुवेनाइल कोर्ट में चल रही है। वारदात अक्टूबर, 2022 की है। एक प्रतिष्ठित कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में काम करने वाली युवती अपने एक पुरुष दोस्त के साथ स्कूटी पर चाईबासा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत टेकराताहू स्थित एयरोड्रम इलाके में घूमने गई थी। इसी दौरान दस युवकों ने दोनों को घेर लिया। युवकों ने युवती के दोस्त को मारपीट कर वहां से भगा दिया और उसे वहां से दूर झाड़ियों की तरफ ले जाकर गैंगरेप किया। विरोध करने पर उन्होंने युवती के साथ मारपीट कर उसे बुरी तरह जख्मी कर दिया।

उन्होंने युवती का पर्स और मोबाइल भी छीन लिया। पीड़िता झींकपानी थाना के एक गांव की रहने वाली है और वह वर्क फ्रॉम होम पर थी। वारदात के बाद वह किसी तरह बदहवासी के हाल में घर लौटी तो इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी दस आरोपियों को दो दिनों के अंदर गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में फॉरेंसिक जांच, मोबाइल लोकेशन और कई टेक्नीकल साक्ष्यों के आधार पर चार्जशीट फाइल की गई। अदालत में सुनवाई के दौरान कई गवाह भी पेश किए गए। सभी पक्षों की सुनवाई के बाद अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाया।

## एक नजर

### सात जून को कुरमी व कुड़मी समन्वय समिति की समीक्षा बैठक

**सिल्ली/मुरी।** कुरमी/कुड़मी (महतो) समन्वय समिति झारखंड बंगाल एवं उड़ीसा के फाउंडर सदस्यों, पदाधिकारियों, सभी प्रभारियों, लोकसभा चुनाव क्षेत्र के सभी प्रवेक्षको एवं बुद्धिजीवियों का संयुक्त बैठक दिनांक 07 जून दिन शुक्रवार को 1 बजे से विलेज रिजॉर्ट सिल्ली सुलुंमजुड़ी सिल्ली ब्लाक के नजदीक साहु पैट्रोल पम्प गली के पास होंगी।' बैठक में मुख्यरुप से चिन्हित लोकसभा चुनाव क्षेत्र में समिति द्वारा समर्थित उम्मीदवार के रिजल्ट एवं प्रवेक्षको के अनुशंसा पर गहन विचार विमर्श किया जाएगा तथा समाज के हित के लिए आगे का कार्यक्रम तय किया जाएगा। प्रभारियों एवं प्रवेक्षको का उपस्थिति आवश्यक समझा जाता है।

### ब्लू पौंड में डूबने वाले छात्र का दो दिनों बाद भी नहीं मिला शव

**रांची।** तुपदाना ओपी क्षेत्र के बालसिरिंग स्थित ब्लू पौंड में नहाने के दौरान डूबे छात्र का शव दो दिनों बाद भी नहीं मिला है। एनडीआरएफ की टीम मंगलवार और बुधवार दो दिनों तक दिनभर तलाश करते रही, लेकिन छात्र का शव नहीं मिला। ओपी प्रभारी दुलार महतो ने बताया कि गुरुवार को भी एनडीआरएफ टीम छात्र की तलाश करेगी। अब तक छात्र का शव नहीं मिल पाया है। उल्लेखनीय है कि गत मंगलवार को बालसिरिंग स्थित ब्लू पौंड में अंश अनुग्रह किंडो (15) की नहाने के क्रम में डूबने से मौत हो गई थी।

### झारखंड सहित पूरे विश्व में पानी का स्तर लगातार नीचे जा रहा है : सुबीर

**कोडरमा।** सामाजिक संस्था समर्पण द्वारा आपदा प्रबंधन कार्यों के सफल क्रियान्वयन को लेकर स्वयंसेवी संस्थाओं का उन्मुखीकरण कार्यशाला सह आईएजी बैठक का आयोजन दुधिमाटी स्थित होटल सेलिब्रेशन में किया गया। इंटर एजेंसी ग्रुप झारखंड के राज्य समन्वयक सुबीर कुमार ने आईएजी के मिशन, विजन और उद्देश्यों की चर्चा करते हुए कहा कि झारखंड सहित पूरे विश्व में पानी का स्तर लगातार नीचे जा रहा है। बेहतर लाइफ स्टाइल और विकास के नाम पर हम प्रकृति के साथ छेड़छाड़ कर रहे हैं। लिहाजा विपदा और आपदा की घटनाएं बढती ही जा रही है। उन्होंने कहा कि हीट वेव के नियंत्रण की बात हो या फिर अन्य आपदा से निपटने की, इसके लिए सरकार के पास कई योजनाएं और सेवाएं हैं। पर आमजनों को इसकी जानकारी नहीं है। इस वजह से न हम सरकार से सवाल पूछ पा रहे हैं और न ही सेवा ले पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम संस्थाओं को भी जानकारी बढ़ाने की जरूरत है, तभी सरकार, जिला प्रशासन या समुदाय को मदद कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रति वर्ष 1-2 डिग्री तापमान बढ़ रहा है। प्रोग्राम डायरेक्टर शुभेन्द्र झा ने कहा कि विकास के नाम पर हम प्रकृति से दूर और सीमेंट, बालू और छड के करीब पहुंच गए हैं। उन्होंने प्रकृति द्वारा दिए गए संपदा की रक्षा करने की बात करते हुए कहा कि पलास का फुल लू से बचने की अचूक दवा है।

## बीकेकेयू नेता ने केडीएच खदान का काम कराया बंद



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के सीसीएल जोन उपाध्यक्ष रतिया गंझू ने अपने समर्थकों के साथ बुधवार को केडीएच खदान का काम बंद करा दिया। रतिया गंझू अपने समर्थकों व ग्रामीणों के साथ जामुनदोहर के निकट ओबी हटा रहे मशीनों को काम करने से मना कर दिया। उन्होंने बताया कि विश्रामपुर मौजा में स्थानीय रैयतों को उनके जमीन के बदले उचित और पूरा मुआवजा नौकरी नहीं मिल सका। इसे लेकर उन्होंने चार महीने तक धरना दिया। धरना के 120वें दिन 28.01.2024 को सीसीएल प्रबंधन के साथ द्विपक्षीय लिखित वार्ता में मांगों पर बिन्दुवार निर्णय लिया गया। परंतु चार महीने बाद भी पहल नहीं हुआ। तय था कि निर्णयों पर पहल होने तक रोड के आगे खदान नहीं बढ़ाया जाएगा। लेकिन चुनाव में उनकी व्यस्तता का फायदा उठाकर केडीएच खदान रोड के आगे तक बढ़ा दिया गया। इसलिए उन्होंने काम बंद कराया है।

**रतिया गंझू के सहमति से ही शुरू कराया गया था काम: केडीएच पीओ :** केडीएच पीओ अनिलकुमार सिंह ने रतिया गंझू द्वारा खदान का काम बंद कराने को गैर जिम्मेदाराना कार्य बताया है। उन्होंने कहा कि 28 जनवरी के समझौता के बाद फिर से बीकेकेयू नेता रतिया गंझू के साथ एक वार्ता हुई थी। उनकी सहमति के बाद ही केडीएच विस्तारीकरण में काम लगाया गया। विस्तारीकरण कार्य शुरू होने के दौरान वे स्वयं भी वहां उपस्थित थे और कार्य शुभारंभ की औपचारिकता में बकायदा नारियल भी फोड़ा था। इसके बाद बिना किसी पूर्व सूचना के उन्होंने खदान का काम बंद करा दिया।

## खूंटी जेल में सेनेटरी पैड डिस्पेंसर मशीन का हुआ उद्घाटन




**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** नालसा और झालसा के निर्देश पर खूंटी के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष ऋषिकेश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को उपकारा खूंटी में सेनेटरी पैड डिस्पेंसर मशीन का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जेल के कर्मचारियों को निर्देश दिया कि जेल के रख-रखाव और साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें। प्रधान जिला जज ने जेल में महिला और पुरुष कैदियों के वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने जेल के चिकित्सा केंद्र का भी जायजा लिया। यह जानकारी डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी। इस मौके पर डीएलएसए सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर, प्रभारी कारा अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, डीएलएसए के सहायक कर्मचारी अवनीश भारद्वाज के अलावा जेल के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### धनबाद मंडल में चला मेगा टिकट चेकिंग अभियान

**झुमरी तिलैया।** धनबाद मंडल में बड़े पैमाना पर मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को मंडल के विभिन्न खंडों के साथ-साथ धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। यह मेगा टिकट चेकिंग अभियान दिन-रात चलाया जा रहा है । इस जांच अभियान कुल 1320 यात्रियों को पकड़ा गया। इसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रियों से 7 लाख 23 हजार 875 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई व उन्हें कड़ी हिदायत दी गई। यह जानकारी वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद सह वरीय जनसंपर्क अधिक ारी अमरेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों व विभिन्न मेल, एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है।

**लापुंग में खनन विभाग व लापुंग पुलिस की संयुक्त कार्रवाई**

# 13 अवैध बालू लदे हाइवा जब्त बालु माफिया में मचा हड़कंप



**लापुंग पुलिस व स्थानीय चालकों की मदद से सभी बालु लदे हाइवा को जब्त कर लापुंग थाना परिसर में लाया गया**

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग थाना क्षेत्र में पुलिस के वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार छापामारी अभियान चलाकर जिला खनन पदाधिकारी अबु हुसैन, खान निरीक्षक रांची एवं लापुंग के थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव ने सशस्त्र बलों के साथ लापुंग थाना क्षेत्र के कथकुंवारी से लापुंग भाया हुलसू महुगांव मिशन सड़क से 13 अवैध बालु लदे हाईवा जब्त किया गया। हाईवा में लाखों रुपए के कीमत की अवैध रूप से खनन कर बालु रांची शहरी क्षेत्रों में ले जाया जा रहा था। बालु का खनन एवं परिवहन बगैर किसी वैध रॉयल्टी चालान के तस्करी की जा रही थी। सूत्रों के अनुसार रांची के वरीय पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली कि बड़ी संख्या में हाईवा के द्वारा अवैध रूप से बालू का खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। इसी के आलोक में देर रात कार्रवाई की गई। पुलिस को देखकर हाईवा के चालक एवं उप चालक अंधेरा का लाभ उठा कर मौके से फरार हो गए। जिला खनन पदाधिकारी अबु हुसैन एवं थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव के सहयोग से मंगलवार की रात में 12 हाईवा तथा बुधवार को दिन में दोलैचा मोड़ के पास एक हाईवा को जब्त कर लिया गया। लापुंग थाना में लघु खनिज अधिनियम के तहत अवैध बालू ढुलाई के खिलाफ मालिक व चालक के ऊपर कांड संख्या 19/24 भादवि की धारा414/34 एवं 04/21 माईंस एवं खनिज अधिनियम के तहत विधि सम्मत कारवाई किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार विनियमन एवं विकास अधिनियम 1937 (संशोधन नियम 2015) धारा 54 जेजेएमसी नियम 2004 (संशोधन नियम) एवं 07/09/13 झारखंड खान (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियम 2017 के तहत मामला दर्ज किया गया है। सभी चालक अंधेरा का लाभ उठाकर गाड़ी छोड़ भागने में सफल रहे। लापुंग पुलिस व स्थानीय चालकों की मदद से सभी बालु लदे हाईवा को जब्त कर लापुंग थाना परिसर में लाया गया। खनन विभाग के पदाधिकारी एवं पुलिसिया कार्रवाई से बालु माफियाओं में हड़कंप मच गया। सूत्रों के अनुसार लापुंग में सरकारी रॉयल्टी कटती तो महीने में लाखों रुपया का टैक्स मिलता। उल्लेखनीय है कि लापुंग में जबकि एक भी बालू घाट नही है इसके बावजूद रोज सैकड़ों हाईवा व ट्रैक्टर से कारो, जमुनी, लोहागढ़हा सहित कई अन्य नदियों से अवैध बालू खनन एवं परिवहन किया जा रहा है।

## एयरपोर्ट अथॉरिटी सरना स्थल कर रही पर जबरन कब्जा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** आदिवासियों के विभिन्न संगठनों ने चिल्ड्रन पार्क मोरहाबादी में संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन किया। इसमें कहा गया कि आदिवासियों की जमीन पर माफिया तथा प्रशासन की मिली भगत से कब्जा किया जा रहा है। आदिवासियों के सरना स्थल पर एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा जबरन कब्जा करने का आदिवासी संगठन घोर निंदा करता है और आंदोलन तेज करने का निर्णय लेता है। कहा गया कि एयरपोर्ट के पास सरना स्थल को जिला प्रशासन के द्वारा ध्वस्त किया गया है। इस विषय पर ग्रामीणों के साथ बैठक कर सहमति लेकर मुख्यमंत्री से मिलकर धार्मिक स्थल पर पुनर्निर्माण एवं बचाने के लिए उन्हें मांग पत्र सौंपा जाएगा।

संवाददाता सम्मेलन में अजय तिर्की अध्यक्ष केंद्रीय सरना समिति, प्रेम शाही मुंडा अध्यक्ष आदिवासी जन परिषद, कुंदर्शी मुंडा रांची जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद, अभय भूत कुमार आदि उपस्थित थे।

# राजमहल के राधानगर थाना प्रभारी को हटाने की मांग



**चुनाव आयोग ने तत्काल पुलिस मुख्यालय को जांच के आदेश दिये हैं। स्थानीय प्रशासन से मिलकर चुनाव के दिन किसी साजिश को अंजाम देने की फिराक में है**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग पहुंच कर राजमहल के राधा नगर थाना के प्रभारी को हटाने के सबंध में तथा उधवा दियारा क्षेत्र के सभी बूथों पर केंद्रीय सुरक्षा बल की तैनाती की मांग की है। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया की 28 मई को दोपहर दो बजे निमाई टोला, पलाश गद्दी के पास भाजपा कार्य कर्ता सीमंतों मंडल भाजपा का प्रचार प्रसार करते ही पहुंचा । तभी चार व्यक्ति मोटर साइकिल पर जेएमएम का झंडा लगाए हुए आये और सीमंतो मंडल पर जान लेवा हमला किया , जब सीमंतो थाना गया तो केस दर्ज नहीं किया गया जब इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को दी गयी तब चौबीस घंटे बाद 29मई को प्राथमिकी दर्ज की गयी। किस परिस्थिति में 24 घंटे बाद प्राथमिकी दर्ज की गयी?

जेएमएम के कार्यकर्ता ने कहा कि भाजपा का प्रचार प्रसार यहां नहीं करना है। राजमहल के उधवा दियारा क्षेत्र में घुसपैठी एवं स्थानीय प्रशासन मिलकर उधवा दियारा के सभी बूथ कब्जा करने के फिराक में है एवम पूरे उधवा दियारा क्षेत्र में एक ही विशेष वर्ग के लोगों का कब्जा है और सभी घुसपैठियों एवम स्थानीय प्रशासन से मिलकर चुनाव के दिन किसी साजिश को अंजाम देने की फिराक में है। ज्ञापन पर चुनाव आयोग ने तत्काल पुलिस मुख्यालय को जांच के आदेश दिये हैं। प्रतिनिधिमंडल में न्यायिक मामले के सह प्रमुख प्रकाश झा शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### शिक्षा के बगैर विकास संभव नहीं : डॉ. परमेश्वर



**बेड़ो।** बेडो प्रखंड अंतर्गत ग्राम टेंगरिया में 10 पड़हा जेठ जतरा में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत। डॉ परमेश्वर भगत ने फीता काट कर जतरा का उद्घाटन किया एवं सभी लोगों को जतरा का शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि जतरा हमारी संस्कृति और रूढ़ी परंपरा का पहचान है, इसे बचा कर आने वाला पीढ़ी को देना हमारा कर्त्तव्य है। एक स्वच्छ, स्वस्थ समाज का निर्माण में नशा मुक्ति का बहुत अहम भूमिका होता है। आगे इन्होंने कहा की एक शिक्षित व्यक्ति ही, एक स्वच्छ समाज का निर्माण कर सकता है, शिक्षा के बगैर विकास संभव नही है। मौके पर पूर्व कुलपति डॉ. रविंद्र नाथ भगत, डॉ. नाफर अली, प्रो. मांगा उरांव, मुखिया कुंवारी खलखो, विशेश्वर उरांव, 5 पड़हा राजा लंबू उरांव आदि मौजूद थे।

### सिल्ली भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद साहू की सड़क दुर्घटना में मौत, शोक की लहर



**सिल्ली/मुरी।** भारतीय जनता पार्टी के सिल्ली मंडल अध्यक्ष बांसारूली निवासी विनोद साहू की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। उनकी मौत बुढाम और कीता के बीच सड़क दुर्घटना में हुई। वे बांसारूली दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक भी थे। दुर्घटना की खबर मिलते ही सिल्ली पुलिस मौके पर पहुंची और उनको आनन-फानन में सिल्ली सामुदायिक अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। खबर लिखे जाने तक उनकी शव सिल्ली अस्पताल में रखी हुई थी। इस दुखद घटना की सूचना मिलते ही सांसद संजय सेठ ने कहा कि विनोद साहू का निधन वज्रपात जैसा है। यह एक अपूरणीय क्षति है जिसकी भरपाई नहीं हो सकती। भाजपा ने एक सच्चा सिपाही खो दिया है। इस घटना से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मन बहुत व्यथित है। मेरे पास कुछ कहने को शब्द नहीं है और कहा की इस विकट परिस्थिति में मैं उनके परिवार के साथ खड़ा हूं। उनकी मौत की खबर सुनते ही विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता, और समाजसेवी अस्पताल पहुंचे। बताते चले की स्वर्गीय विनोद साहू काफी मिलनसार और मृदु भाषी व्यक्ति थे। उनके मौत की खबर फैलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।

### कोयला का उठाव नहीं होने से परेशान मजदूरों ने किया प्रदर्शन

**धनबाद।** बीसीसीएल एरिया पांच की निचितपुर कोलियरी कोलडंप में कोयला का उठाव नहीं होने से परेशान असंगठित मजदूरों ने बुधवार को कोलडंप के सामने विरोध प्रदर्शन किया. मजदूरों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की. मजदूरों ने कहा कि निचितपुर कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी जीएल धुर्वे की मनमानी के कारण कोलडंप में असंगठित मजदूरों को कोयला उठाव के लिए कोयला आवंटित नहीं किया जा रहा है. इससे करीब 600 मजदूरों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है. असंगठित मजदूरों ने बताया कि उन्हें पिछले छह माह से नियमित कोयला नहीं मिल रहा है. एक दंगल को दस से बारह दिन पर एक गाड़ी कोयला दिया जा रहा है.

### कोल्हान व पलामू प्रमंडल की स्वास्थ्य टीम को डीआरई की जानकारी दी गई




**रांची।** स्वास्थ्य विभाग के उपनिदेशक डॉ वीरेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान में कोल्हान और पलामू प्रमंडल के सभी जिलों की स्वास्थ्य टीम को जिला रिसोर्स एनवेलप (डीआरई) 2024-25 की विस्तृत जानकारी दी गई। चार दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम के तीसरे दिन आज पलामू प्रमंडल के पलामू, गढ़वा, लातेहार तथा कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम एवं सरायकेला-खरसावां जिलों के सभी स्वास्थ्य पदाधिकारी उपस्थित थे। ओरिएंटेशन का कार्य पूरा होने के बाद जिलों की टीम अपने संबंधित जिलों के प्रखंड स्तरीय टीम के साथ ब्लॉक रिसोर्स एनवेलप तैयार करेंगे। इसके बाद साल भर स्वास्थ्य कार्यक्रम सुचारू रूप से चलाए जाएंगे। आज के इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सभी निदेशक, उपनिदेशक, चिकत्सा पदाधिकारी, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी कार्यक्रमों के परामर्शी, समन्वयक, कार्यकारी सहायक तथा अन्य स्वास्थ्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मनीष रंजन के दो करीबियों के घर छापेमारी

रांची। झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग में टेंडर कमीशन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने बुधवार को रांची में दो ठिकानों पर छापेमारी की। दोनों ठिकाने आईएएस मनीष रंजन के करीबियों के बताए जा रहे हैं। सूचना के अनुसार, ईडी की टीम ने रांची के कोकर इलाके में अयोध्यापुरी में एक निजी बैंक के मैनेजर और पिस्का मोड़ इलाके की तेल गली में एक डेंटिस्ट के आवासों की तलाशी ली है। रात करीब आठ बजे ईडी की टीम तलाशी के बाद लौट गई। एजेंसी को जानकारी मिली थी कि इन दोनों से आईएएस मनीष रंजन की फोन पर लगातार बात होती रही है। कॉल डिटेल्स से इसका खुलासा हुआ है। टेंडर कमीशन के घोटाले में इनके राजदार होने की संभावना है। मनीष रंजन से ईडी ने मंगलवार को करीब आठ घंटे तक पूछताछ की थी। इस दौरान उनका सामना ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम से कराया गया था। पूछताछ में मनीष रंजन ने कमीशन के आरोपों से इनकार किया, लेकिन जब मंत्री से उनका आमना-सामना कराया गया तो कई सवालों पर उन्होंने चुप्पी साध ली थी। अब ईडी ने उन्हें 3 जून को फिर से तलब किया है।

### दुकान में सेंधमारी कर एक लाख रुपये नकद सहित हजारों के सामान चुरा ले गए चोर

**खूंटी।** शहर के बाजार टांड़ स्थित दूध, दही, कोल्ड ड्रिंक्स, मिक्सर, बिस्किट सहित स्टेशनरी के सामान की एक दुकान में मंगलवार रात चोरों ने सेंधमारी कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। दुकान मालिक सरोज चौधरी के अनुसार इस घटना में चोरों ने महाजन को देने के लिए दुकान में छिपा कर रखे गए एक लाख रुपये नकद सहित लगभग 10-15 हजार रुपये मूल्य के काजू, किशमिश सहित अन्य सामान चुरा ले गए। इस संबंध में खूंटी थाने में बुधवार को मामला दर्ज किया गया। पुलिस मामले की पड़ताल कर चोरों की तलाश में जुटी है।

## आस्था

### बजरंगबली मंदिर की पांचवी वर्षगांठ पर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

# चनकोपी नदी से कलश में पवित्र जल उठाकर निकाली गयी भव्य शोभायात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** बेड़ो प्रखंड के भैंसादोन गांव में श्री बजरंगबली मंदिर की पांचवीं स्थापना दिवस के मौके पर भव्य कलश शोभायात्रा निकालकर मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सह पंचम वर्षगांठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर गांव में आचार्य गणेश मिश्र की देखरेख में धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। सुबह छह बजे भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। मुख्य यजमान के रुप में नागेंद्र साहु- पारो देवी, बालेश्वर साहु- ललिता देवी, दिलेश्वर साहु-फूलो देवी की अगुवाई में श्री बजरंगबली मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलशयात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं एवं पुरुषों ने गाजा बाजा के साथ कलश यात्रा में हिस्सा लिया। वेद मंत्रोच्चार के बीच चनकोपी नदी से कलश में पवित्र जल उठाया गया। इसके बाद पुजारी गणेश मिश्र ने यजमानों को मंडप प्रवेश, गौरी गणेश पूजन के साथ साथ कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन कराया। बजरंगबली की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर दूध दही घी शहद एवं पंचामृत से अभिषेक किया गया। कार्यक्रम के दौरान नरकोपी, एडचोरो, बेयासी, पहाड़कंडरिया, डीपा टोली, पीपरटोली, करगे, गोके, हुरहुरी, गणेशपुर, चचकपी सहित दर्जनों गांवों की कीर्तन मंडली ने 24 घंटे के अखंड हरीकीर्तन एवं भजन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया और विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। संतोष कुमार ने श्रद्धालुओं के बीच लस्सी का वितरण किया।

### टिकट चेकिंग अभियान में पकड़े गए 2059 यात्री, लगभग 11 लाख का हुआ फाइन

**रामगढ़ ।** भारतीय रेल के धनबाद मंडल जोन में बुधवार को एक बार फिर बड़े पैमाने पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में 2059 यात्रियों को पकड़ा गया है। इन यात्रियों से लगभग 11 लाख रुपए का जुमार्ना वसूला गया है। वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार ने बताया कि धनबाद मंडल के विभिन्न खण्डों के साथ-साथ धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग की जा रही हैं। यह मेगा टिकट चेकिंग अभियान दिन-रात चलाया जा रहा है । जांच अभियान के परिणामस्वरूप बुधवार को 2059 यात्रियों को पकड़ा गया। अभियान में बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रियों को पकड़ा गया। उनसे 10 लाख 97 हजार 430 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई। चेकिंग अभियान में 189 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था। चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया । धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच की जा रही है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगी । इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है, ताकि वे अगली बार टिकट लेकर यात्रा करें।

# आनंद मार्ग महासम्मेलन को पुनदाग स्टेशन पर ट्रेनों का अस्थायी ठहराव

नवीन मेल संवाददाता रांची। आनंदा नगर (पुनदाग) में आनंद मार्गी धर्म महासम्मेलन का आयोजन हो रहा है। इसमें बड़ी संख्या में लोग भाग लेने के लिए आ रहे हैं। इसके लिए बुधवार (29 मई) से चार जून तक 13 ट्रेनों का एक मिनट के लिए पुनदाग स्टेशन पर ठहराव दिया गया है।

### ये ट्रेनें पुनदाग स्टेशन पर रुकेंगी

- ट्रेन संख्या 13303 धनबाद-रांची एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 07:27 बजे एवं प्रस्थान 07:28 बजे होगा।
- ट्रेन संख्या 13304 रांची-धनबाद एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 20:54 बजे एवं प्रस्थान 20:55 बजे होगा।
- ट्रेन संख्या 13403 रांची-भागलपुर एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 21:04 बजे एवं प्रस्थान 21:05 बजे होगा।
- ट्रेन संख्या 13404 भागलपुर-रांची एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 06:19 बजे एवं प्रस्थान 06:20 बजे होगा।
- ट्रेन संख्या 15027 हटिया-गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 19:14 बजे एवं प्रस्थान 19:15 बजे होगा।
- ट्रेन संख्या 15028 गोरखपुर-हटिया मौर्य एक्सप्रेस का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 04:32 बजे एवं प्रस्थान 04:33 बजे होगा।
- ट्रेन संख्या 18105 राउरकेला-जयनगर एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 22:15 बजे एवं प्रस्थान 22:16 बजे होगा।
- ट्रेन संख्या 18106 जयनगर-राउरकेला एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 07:55 बजे एवं प्रस्थान 07:56 बजे होगा।
- ट्रेन संख्या 18627 हावड़ा-रांची एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 20:09 बजे एवं प्रस्थान 20:10 बजे होगा।
- ट्रेन संख्या 18628 रांची-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 07:12 बजे एवं प्रस्थान 07:13 बजे होगा।
- ट्रेन संख्या 18619 रांची-दुमका एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 23:20 बजे एवं प्रस्थान 23:21 बजे होगा।
- ट्रेन संख्या 18620 दुमका-रांची एक्सप्रेस ट्रेन का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 01:49 बजे एवं प्रस्थान 01:50 बजे होगा।
- ट्रेन संख्या 03595 बोकारो स्टील सिटी- आसनसोल मेमू का पुनदाग स्टेशन पर आगमन 03:46 बजे एवं प्रस्थान 03:47 बजे होगा।



## उमेडंडा में कुएं से मिला महिला का शव, पति और ससुर गिरफ्तार

**रांची।** बुढ़मू थाना क्षेत्र के उमेडंडा स्थित नवदा टोली के कुएं से एक महिला का शव पुलिस ने बुधवार को बरामद किया है। महिला की पहचान निशा देवी के रूप में हुई है। वह नवदा गांव के ही संजय गंझू की पत्नी है। महिला कई दिनों से गायब थी। मृतका के परिजनों के शिकायत पर पुलिस ने महिला के पति संजय गंझू और ससुर सहदेव गंझू को गिरफ्तार किया है। परिजनों का आरोप है कि ससुराल में निशा के साथ मारपीट की गई थी। इसके बाद निशा और उसके पति को मायके से समझा-बुझाकर भेजा गया था। ससुराल पहुंचने के बाद से निशा गायब थी। निशा के परिजनों ने बुढ़मू थाने में दिये आवेदन में कहा है कि 24 मई को निशा का पति संजय गंझू, ससुर सहदेव गंझू और सास उर्मिला देवी ने निशा देवी के साथ मारपीट की थी। इसके बाद वे लोग निशा को चुरूगड़ा में भुगल गंझू के घर के पास छोड़कर चले गए। बाद में निशा की मां राजमुनी देवी ने संजय को समझाया और दोबारा मारपीट नहीं करने की सलाह दी। 25 मई को दोनों को समझा-बुझाकर नवदा भेजा गया। 25 मई से ही निशा ससुराल से गायब थी। निशा के मायके वालों को जब उसके गायब होने की जानकारी मिली तो उन्होंने खोजबीन शुरू की। इसी दौरान बुधवार सुबह निशा का शव नवदा में एक कुएं से बरामद किया गया।

### राजधानी की गिरती हुई विधि व्यवस्था को लेकर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता का बड़ा हमला, कहा

# रांची को क्राइम कैपिटल बनने से रोकें सीएम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने बुधवार को राज्य सरकार पर राजधानी रांची की गिरती हुई विधि व्यवस्था को लेकर बड़ा हमला बोला। प्रतुल ने कहा कि अभी रांची के एक बहुचर्चित बार में डीजे हत्याकांड की गूंज धीमी भी नहीं हुई थी कि 24 घंटे के भीतर रांची में पांच अलग-अलग वारदातों ने पुलिस की कलई खोल दी। ऐसा लगता अपराधी में पुलिस का खौफ समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि सरहद पर ड्यूटी कर रहे एक सैनिक की पत्नी से नामकुम में सामूहिक बलात्कार जैसा जघन्य वारदात होता है। सरहद की रक्षा कर रहे जवान की पत्नी की इज्जत की रक्षा भी ये जंग लगा सिस्टम नहीं कर पाया। मैक्लुस्कीगंज मुख्य मार्ग पर नक्सलियों के द्वारा एक कंटेनर को आग लगाकर एक व्यक्ति को जिंदा जला दिया जाता है।



*24 घंटे के भीतर रांची में पांच अलग-अलग वारदातों ने पुलिस की कलई खोल दी*

प्रतुल ने कहा राजधानी रांची में ब्राउन शुगर का व्यापार भी धड़ल्ले से चल रहा है। पुलिस इक्का-दुक्का गिरफ्तारियां कर रही हैं, लेकिन सरगना तक नहीं पहुंच पा रही है। इसके अतिरिक्त, बुधवार को सुखदेव नगर थाना अंतर्गत बैंक से पैसा निकाल कर जा रहे एक व्यक्ति से डेढ़ लाख रुपये की लूट हो गई। इन चार बड़ी घटनाओं के बाद सुखदेव नगर में घटी 10,000 रुपये कैश और दो लाख के गहने की चोरी तो छोटी घटना हो जाती है। प्रतुल ने मुख्यमंत्री से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की और कहा कि ऐसी व्यवस्था बने कि अपराधी किसी घटना को अंजाम देने से पहले 10 बार सोचने को विवश हो जाएं।

## रातू रोड दुर्गा मंदिर के पीछे डेढ़ लाख की लूट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित रातू रोड दुर्गा मंदिर के पीछे सरकारी क्वार्टर रोड में बुधवार को दिन में 11: 50 बजे एक व्यक्ति से डेढ़ लाख रुपये लूट लिये गए। रंजीत एंड कंपनी का ड्राइवर रंजीत सिंह कंपनी का पैसा दुर्गा मंदिर के सामने स्थित एचडीएफसी बैंक से निकाल कर अपने आवास की ओर जा रहा था, तभी काले रंग के पल्सर बाइक पर सवार दो युवक पैसे छिन कर भाग गए। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस की दी गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच में जुटी गई। पीड़ित व्यक्ति रंजीत ने पुलिस को बताया कि बैंक से पैसे निकाल कर बैग में रखा था। बैग को कार में रख कर अपनी आवास की ओर जाने लगा, तो वहां पर पहले से दो युवक पल्सर बाइक पर बैठ थे। तेज धूप था और उन दोनों के पेड़ के छांव में बैठे होने से किसी को शक नही हो सका कि वे छिनतई करने के उद्देश्य से इंतजार कर रहे हैं। मेरी गाड़ी रुकते ही वे दोनो अपनी गाड़ी स्टार्ट कर मेरी ओर आए और पीछे से मेरा हाथ पकड़ कर बैग छीन कर भाग गए। मैं जब तक कुछ समझ पाता, वे काफी तेजी से रातू रोड की ओर फरार हो गए।



# अनगड़ा में डायन बिसाही के शक में बुजुर्ग की हत्या, 5 महिलाएं गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के अनगड़ा में जादू-टोना और डायन बिसाही के शक में एक बुजुर्ग की जान ले ली गई। मानवता को शर्मसार करने वाली यह घटना बुधवार को जरगा गांव में घटित हुई है, जहां शक के आधार पर पांच महिलाओं ने एक बुजुर्ग बालेश्वर उरांव (60 वर्ष) की हत्या कर दी। घटना के बाद मौके पर पहुंची अनगड़ा थाने की पुलिस ने मृतक के पुत्र के बयान के आधार पर एनिमा मुंडा, जूलियानी तिर्की, सोमवारी देवी, दशमी देवी और धूलिया उरांव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त दो डंडा एवं एक बड़ा पत्थर भी बरामद किया है। देर शाम थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक का पुत्र उसके अंतिम संस्कार में व्यस्त है, इस कारण पूरी जानकारी नहीं मिल पाई है।



# सूचना प्रौद्योगिकी ई-गवर्नेंस की सचिव और स्टार्टअप हेड से मिला चैंबर का प्रतिनिधिमंडल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को राज्य के सूचना प्रौद्योगिकी ई-गवर्नेंस विभाग की सचिव विप्रा भाल और स्टार्टअप हेड दयाशंकर वर्मा से मुलाकात की। इस मुलाकात का उद्देश्य था कि झारखंड स्टार्टअप्स पॉलिसी के तहत झारखंड की स्टार्टअप्स कंपनियां लाभान्वित हो सकें। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि झारखंड के परिप्रेक्ष्य में वर्तमान में अधिसूचित पॉलिसी काफी बेहतर बनाई गई है। इसमें स्थानीय जरूरतों को देखते हुए कई आकर्षक प्रावधानों का समावेश किया गया है। चैंबर के स्टार्टअप उप समिति के चेयरमैन अमित अग्रवाल ने कहा कि विभाग द्वारा पूर्व में चिह्नित किए गए 107 स्टार्टअप्स की वर्तमान स्थिति की समीक्षा कर चैंबर अपनी रिपोर्ट विभाग को जल्द ही सौंपेगा। वहीं, जो स्टार्टअप्स वर्तमान में चल रहे हैं, उन्हें सरकार से जो सपोर्ट मिलता था, उन्हें भी त्वरित निष्पादन के लिए विभाग द्वारा आश्वस्त किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने सरकार की वर्तमान पॉलिसी के प्रावधानों की सराहना करते हुए कहा कि पॉलिसी के जरिए सरकार ने इस वर्ष के अंत तक झारखंड में कम से कम 1000 नए स्टार्टअप्स शुरू किए जाने का लक्ष्य रखा है, जो उत्साहित करनेवाली है। अपने क्षेत्रीय उपाध्यक्षों के माध्यम से राज्य के प्रत्येक प्रमंडलों में जागरूकता कॉन्क्लेव जैसे आयोजनों के माध्यम से राज्य में नए स्टार्टअप्स की संख्या में वृद्धि के लिए चैंबर द्वारा प्रयास करने की बात कही गई।



विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान पॉलिसी को कस्टमाइज किया गया है। 'वन प्रोडक्ट, वन डिस्ट्रिक्ट' को पॉलिसी में बढ़ावा दिया गया है। झारखंड के चार इंस्टीच्यूट को चिह्नित कर उसमें 5 इन्क्यूबेशन सिस्टम स्थापित किए जाएंगे तथा उसमें 50 लाख रुपये प्रतिवर्ष का अनुदान दिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने इस प्रावधान की सराहना करते हुए अधिक से अधिक युवा उद्यमियों को इस प्रावधानों का लाभ दिलाने में विभाग के साथ सहयोगात्मक भूमिका में प्रयास करने के लिए आश्वस्त किया। प्रतिनिधिमंडल की एक अन्य बैठक महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार के साथ हुई। राज्य के यंगस्टर्स में नशा लेने की बढ़ रही प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने विभाग द्वारा एक ड्राइव चलाने की इच्छा जताते हुए इस अभियान में झारखंड चैंबर को सहभागी बनाने का आग्रह किया, जिसपर प्रतिनिधिमंडल ने हरसंभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया।

## जेसीआई यूथ ने किया निःशुल्क सैनिटरी पैड का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जेसीआई यूथ रांची की ओर से स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देने और महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए बुधवार को स्टेशन रोड के पास स्लम क्षेत्र में निःशुल्क ईको-फ्रेंडली सैनिटरी पैड का वितरण किया गया। इस दौरान लगभग 60 किशोरी और महिलाओं के बीच ईको-फ्रेंडली सेनेटरी पैड के 80 पैकेट बांटे गए। माहवारी से जुड़ी गलत धारणों और मिथकों को दूर करने के लिए महिलाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई।

इस मौके पर संस्था की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने बताया कि आज की यह पहल किशोरियों के बीच स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए की गई। यह महिलाओं को सशक्तीकरण की ओर अग्रसर करेगी। हमारे देश में महिलाएं कभी कमजोर नहीं रहीं, वे शुरू से ही सशक्त रही हैं। इस मौके पर अध्यक्ष सोनल अग्रवाल, मोनिका गोयनका व अन्य सदस्य मौजूद थीं।

## न्यूज बॉक्स

### रेलवे टिकट की कालाबाजारी के आरोप में दो गिरफ्तार

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रेलवे टिकट की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में आरपीएफ ने पिछले दो दिनों में दो लोगों को पकड़ा है। टीम ने कार्रवाई करते हुए हिंदपीढ़ी के स्टार साइबर कैफे से मोहम्मद मिस्टर अंसारी को गिरफ्तार किया है।



इसके पास से 21 ई टिकट और 31 हजार रुपये बरामद किए हैं। इधर, चुटिया थाना क्षेत्र के प्रगति पथ स्थित मां साइबर कैफे में छापेमारी कर रंजीत कुमार को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 11 रेलवे ई-टिकट और 9800 रुपये जब्त किए गए है। रांची आरपीएफ पोस्ट के निरीक्षक दिगंजय शर्मा ने बुधवार को बताया कि रेलवे टिकट की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### रांची रेलवे स्टेशन परिसर में स्वच्छता जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक

**रांची।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय ने दैनिक जीवन में स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए रांची रेलवे स्टेशन के परिसर में एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक समाज में सफाई और स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम साबित हुआ। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने नुक्कड़ नाटक देखने के लिए अपना समय निकाला। झारखंड एजुकेशनल एंड एनवायरनमेंट ट्रस्ट (जेईईटी) के सदस्यों ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इसमें लोगों को पर्यावरण की जिम्मेदारी लेने और कूड़ेदान में कचरे का उचित निपटान करने, सार्वजनिक स्थानों पर गुटखा न थूकने, खुले में शौच और पेशाब को रोकने के लिए सार्वजनिक शौचालय का उपयोग करने के माध्यम से एक स्वच्छ, स्वस्थ समाज बनाने के चल रहे प्रयास में हाथ मिलाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। रसोई अपशिष्ट जैसे अपशिष्ट प्रबंधन को प्रोत्साहित करने के लिए 'शहरी खेती' (अपशिष्ट प्रबंधन और जैविक खेती पर काम करने वाला संगठन) के सहयोग से एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में कार्यालय कैंटीन कर्मचारियों, यानी भारतीय कॉफी हाउस (आईसीएच) के लिए आयोजित की गई थी। इसमें प्रतिभागियों को शिक्षित किया गया था कि दैनिक आधार पर उत्पन्न रसोई अपशिष्ट को कैसे रिसायकल और पुनः उपयोग किया जाए।

### सीएनजी ऑटो चालक महासंघ की बैठक में प्रदेश महासचिव का इस्तीफा मंजूर



**रांची।** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश पदाधिकारी की बैठक बुधवार कोदिन में 11:00 बजे ड्यूक मेंशन लाइन टैंक रोड कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी के अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने सिर हिलाकर सहमति प्रदान करते हुए प्रदेश महासचिव का इस्तीफा मंजूर कर लिया। अगली बैठक में प्रदेश महासचिव का कार्यभार किसी अन्य पदाधिकारी को दी जाएगी। साथ ही, अन्य बातों पर भी चर्चा हुई। कहा गया कि यातायात प्रशासन द्वारा बिना परमिट वाले ऑटो का परिचालन शहर में नहीं करने दिया जाएगा। जबकि, रांची में सीएनजी ऑटो का रजिस्ट्रेशन 15 से 16 हजार तक किया जा चुका है और परमिट मात्र 5000 ऑटो चालकों के पास है। इसके चलते सभी ऑटो मालिकों को ऑटो परिचालन करने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए 4 जून को लोकसभा चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद सभी ऑटो चालक आगामी 6 जून को बैठक कर उग्र आंदोलन करने का निर्णय लेंगे। जो भी निष्क्रिय पदाधिकारी होंगे, उन सब को भी अगली बैठक में पद से मुक्त करने का काम होगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

### हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के क्यूबा अपार्टमेंट में हुई छिन्नतई

**रांची।** हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के क्यूबा अपार्टमेंट में एक अपराधी ने घर के दरवाजे से एक महिला से चेन स्नैचिंग की है। घटना मंगलवार की रात 9:00 बजे की है। चेन स्नैचिंग एसएम अशरफ की पत्नी से की गई है। बताया जाता है कि एसएम अशरफ पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी के निजी सचिव रह चुके हैं। अपार्टमेंट के पहले फ्लोर पर पीड़िता का फ्लैट है। अपराधी ने पता पूछने के नाम पर फ्लैट का दरवाजा खटखटाया। दरवाजे खुलने के बाद अपराधी पता पूछने के बहाने नजदीक आया और महिला के गले में मौजूद सोने की चेन को छीन कर भाग गया। महिला ने बताया कि जब चेन छीना गया, उस समय बाहर अंधेरा था। व्यक्ति का चेहरा स्पष्ट नहीं दिखा, लेकिन वह लंबा-चौड़ा था तथा उसका रंग गोरा था। मामले को लेकर पीड़ित महिला ने हिंदपीढ़ी थाने में शिकायत की है। पुलिस बुधवार को घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, कोतवाली डीएसपी ने भी आरोपी की पहचान के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है।

### झारखंड के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए सर्वोत्तम मंच प्रदान करने को समर्पित है ईपीए ग्लोबल

# अंतरराष्ट्रीय एजुकेशन फेयर 2 जून को रांची में

*एजुकेशन फेयर में दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि रहेंगे उपस्थित*



**इन तिथियों और स्थानों पर होंगे अंतरराष्ट्रीय एजुकेशन फेयर**

(दिन में 10.00 से संध्या 5.00 बजे तक)

- धनबाद : सोनोटेल होटल्स एंड रिसॉर्ट्स, 31 मई, 2024
- जमशेदपुर : विवांता होटल, 1 जून, 2024
- रांची : चाणक्य बीएनआर होटल, 2 जून, 2024

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ईपीए ग्लोबल के सीईओ निशांत मारू ने बुधवार को चैंबर भवन में प्रेस वार्ता में कहा कि कंपनी झारखंड में पहली बार अंतरराष्ट्रीय एजुकेशन फेयर का आयोजन करने जा रही है। उन्होंने ईपीए ग्लोबल के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि उनकी कंपनी ऑस्ट्रेलिया में स्थापित है और अब रांची में भी इसकी शाखा खुल चुकी है। ज्ञात हो कि ईपीए ग्लोबल के निदेशक, निशांत मारू, रांची से हैं और झारखंड के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए सर्वोत्तम मंच प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। ईपीए ग्लोबल के सीईओ ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय एजुकेशन फेयर का आयोजन 2 जून को रांची में होगा और इसमें विश्व भर के शीर्ष विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। ग्लोबल स्टडी अंतरराष्ट्रीय फेयर दुनिया भर के शीर्ष विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों को एकत्र करेगा, जिससे छात्रों को उनके साथ सीधे बातचीत करने का अनूठा अवसर मिलेगा। उपस्थित लोग मौके पर ही अपने प्रोफाइल का मूल्यांकन करवा सकते हैं, जिससे कि उन्हें व्यक्तिगत मार्गदर्शन और त्वरित प्रतिक्रिया मिल सके। यह छात्रों के लिए इंजीनियरिंग, मेडिसिन, बिजनेस, लॉ, एमबीए, इकोनॉमिक्स, कंप्यूटर साइंस, आर्ट्स और अन्य कई शैक्षणिक धाराओं को एक्सप्लोर करने का एक अभूतपूर्व अवसर है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में भाग लेने पर, छात्रों को ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और यूरोप के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों से मिलने का अवसर मिलेगा, जैसे कि साउदर्न क्रॉस यूनिवर्सिटी, अल्गोमा यूनिवर्सिटी, माउंट सेंट यूनिवर्सिटी, ग्लोबल एजुकेशन, बे अटलांटिक यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी कॉलेज बर्मिंघम, पीबीआरएस, लासाले कॉलेज और कई अन्य। ये बातचीत पाठ्यक्रम की पेशकश, प्रवेश आवश्यकताओं और संभावित छात्रवृत्ति अवसरों के बारे में मूल्यवान जानकारी प्रदान करेगी।

निशांत मारू ने कहा कि ईपीए ग्लोबल शिक्षा परामर्श क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम है।

# खरसीदाग थाना पहुंची मानवाधिकार टीम, गैंगरेप मामले की ली जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

खरसीदाग ओपी क्षेत्र के अंतर्गत लाल खटंगा पोखर टोली में सेना के जवान की पत्नी से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने के बाद अखिल भारतीय मानवाधिकार संघ के राष्ट्रीय सचिव सुनील किस्पोट्टा थाना पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह जानकारी मिली कि पुलिस द्वारा निर्दोष ग्रामीण युवकों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें कुछ नाबालिग भी हैं और उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। इस कारण ग्रामीण थाने का घेराव किए हुए हैं। यह जानकारी मिलने पर वे राज्य सचिव मोहिनी रितिका टोप्पो के साथ थाना पहुंचे और थाना प्रभारी से मामले की जानकारी ली। थाना प्रभारी ने बताया कि हम अनुसंधान के कारण कुछ युवकों को सिर्फ पूछताछ करने के लिए थाना लेकर आए हैं और उन्हें किसी तरह से भी प्रताड़ित नहीं किया गया है। थाने में दर्ज प्राथमिक में युवकों का नाम नहीं है। हम इन युवकों से जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। थाना प्रभारी ने इस घटना का तार भूमि विवाद से भी जुड़े होने की संभावना जताई। सुनील किस्पोट्टा ने थाने में लाये गए युवकों से बात की। युवकों ने किसी तरह के प्रताड़ना के बात से इनकार किया। सुनील किस्पोट्टा ने थाना प्रभारी से कहा कि यदि युवक बेकसूर हैं, तो इन्हें किसी भी प्रकार से परेशान ना किया जाए। दोषियों को गिरफ्तार कर उन पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी महिला के साथ इस तरह की घटना ना घटे। सुनील किस्पोट्टा ने बाहर निकाल कर थाने का घेराव कर रहे ग्रामीणों से बातचीत की और उन्हें समझाया।






# कांग्रेस-झामुमो ऑप्टिकल फाइबर बिछाने पर कसते थे तंज : जेपी नड्डा

*आज सब्जी वाला भी डिजिटल ट्रांजेक्शन करता है, इसमें हम विश्व में चौथे स्थान पर*

*सिर्फ छह से नौ महीने में हमारे वैज्ञानिकों ने कोरोना का टीका बना दिया*




**नवीन मेल संवाददाता। देवघर**
भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने देवघर सारठ के पालाजोरी में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के बदलते भारत में दो लाख गांव में ऑप्टिकल फाइबर बिछाये गये। गांवों को वाई-फाई से जोड़ा गया। आज गांवों में दो लाख कॉमन सर्विस सेंटर चल रहे हैं। जब मोदी ऑप्टिकल फाइबर बिछा रहे थे तब कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा वाले कहते थे कि भारत तो अनपढ़ है। ये तो पैसे की बबार्दी है। उनको भारत का सामर्थ्य मालूम नहीं था लेकिन मोदी को मालूम था। आज सब्जी वाला भी डिजिटल ट्रांजेक्शन करता है। डिजिटल ट्रांजेक्शन के मामले आज भारत विश्व में चौथे स्थान पर है। ये मोदी का बदलता भारत है। ये डिजिटल भारत है। नड्डा ने कहा कि मैं स्वास्थ्य मंत्री रह चुका हूं। मैं देख चुका हूं इस देश में कई बीमारियों की दवा आने में 25-30 साल लग गये। कुछ दवाएं ऐसी हैं, जिसको भारत आने में 100 साल लग गये लेकिन याद कीजिये कोरोना काल को। मोदी ने वैज्ञानिकों को निर्देश दिया और अपने देश में दो-दो वैक्सीन बने। इस वैक्सीन को बनाने में सिर्फ छह से नौ महीने लगे। उन्होंने कहा कि हमने न सिर्फ अपने देश के लोगों को वैक्सीन दिया, बल्कि कई गरीब देशों को मुफ्त में वैक्सीन दिया भी। ये मोदी का बदलता भारत है। मांगने वाला भारत नहीं देने वाला भारत है।

## भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ का भाग्य बदला : साय

**सहिबगंज।** सहिबगंज में विष्णुदेव साय ने राजमहल सीट से भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी को विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि उनके संसद पहुंचने पर इस क्षेत्र की आवाज बुलंद होगी। उन्होंने कहा कि झारखंड और छत्तीसगढ़ दोनों राज्य एक साथ बने, लेकिन, छत्तीसगढ़ आज झारखंड की तुलना में विकास में आगे निकल गया है। यह तब संभव हुआ, जब वहां लगातार पंद्रह साल तक भाजपा की सरकार रही। एक बार फिर वहां भाजपा की सरकार बनी और विकास को फिर से नई गति दी जा रही है। दूसरी तरफ झारखंड को राजनीतिक अस्थिरता का खामियाजा भुगतना पड़ा। उन्होंने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने ऐसे काम कर दिखाए, जिन्हें कभी असंभव माना जाता था। कश्मीर से धारा 370 हटी और अयोध्या में भव्य राम मंदिर बना। यह मोदी सरकार के संकल्पों का परिणाम है।

### आयुष्मान योजना की चर्चा की

नड्डा ने कहा कि जब मैं स्वास्थ्य मंत्री था तो लोग मेरे पास आते थे। वे मुझसे दो लाख मांगते थे तो मैं उनको एक लाख दे पाता था। वे मुझसे चार लाख की मांग करते थे तो मैं उनको दो लाख ही दे पाता था लेकिन मोदी ने कहा, इस दिशा में कुछ बड़ा करते हैं। आयुष्मान योजना की सोच उन्हीं की सोच है। आज पांच लाख का इलाज आयुष्मान योजना से गरीब मुफ्त में करा रहे हैं। ये मोदी का बदलता भारत। नड्डा ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की चर्चा की। उन्होंने कहा की अगली बार सरकार बनने पर हम इस योजना को शुरू करने वाले हैं। इसके तरह आप अपने घर में सौर ऊर्जा से बिजली पैदा कर सकेंगे। इसके लिए सरकार 75 हजार रुपये देगी। इससे बची बिजली को सरकार खरीदेगी।

# मनीष रंजन की बढ़ सकती है मुश्किलें, 3 जून को फिर पूछताछ

**मंत्री आलमगीर का रिमांड आज समाप्त**

**ब्यूरो रिपोर्ट। रांची**
झारखंड में टेंडर कमीशन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ग्रामीण विकास विभाग के सचिव पूर्व आईएएस मनीष रंजन को दुबारा 3 जून को पूछताछ के लिए बुलाया है। इसके पहले 28 मई मंगलवार को करीब साढे नौ घंटे तक पूछताछ की थी। दूसरी तरफ मंत्री आलमगीर आलम की 12 दिनों से ईडी की रिमांड पर हैं, जिसकी अवधि 30 मई को समाप्त हो रही है। उसके बाद ईडी उन्हें कोर्ट में पेश करेगी। गौरतलब है कि राज्य में तीन हजार करोड़ से अधिक के टेंडर कमीशन घोटाले में ईडी ने ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व सचिव मनीष रंजन और मंत्री आलमगीर आलम को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की थी। हालांकि उनसे पूछताछ पूरी नहीं हुई है। इसलिए उन्हें फिर से पूछताछ के लिए बुलाया गया है। ईडी सूत्रों के अनुसार, आलमगीर आलम और मनीष रंजन दोनों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की गई है। ईडी ने दोनों के बीच मोबाइल पर हुए वातार्लाप तथा वाट्सएप चैट आदि के प्रमाण दिखाए और सत्यापन कराया। दोनों में टेंडर कमीशन के बंटवारे तथा कमीशन की राशि के बंटवारे से संबंधित चैट पर ईडी ने देर तक पूछताछ की है। आईएएस मनीष रंजन की संदिग्ध भूमिका सामने तब आयी थी, जब ईडी ने ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम से पूछताछ की थी। वीरेंद्र राम पिछले साल फरवरी में ईडी ने गिरफ्तार किया था। पूछताछ में ही वीरेंद्र राम ने टेंडर कमीशन में मोटी रकम वसूलने के मामले में आईएएस मनीष रंजन नाम लिया था। तब से ही मनीष रंजन ईडी की रडार पर थे। इसी क्रम में ईडी ने करीब एक साल बाद मई माह में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल तथा उनके नौकर जहांगीर आलम के फ्लैट में छापामारी की, जिसमें 37 करोड़ नगदी के साथ कई महत्वपूर्ण दस्तावेज व अन्य डिजिटल साक्ष्य मिले थे, जिसमें कमीशन बंटवारे की जानकारी ईडी को मिली थी। उसके बाद ही मंत्री आलमगीर आलम की गिरफ्तारी हुई और फिर मनीष रंजन को समन भेज कर पूछताछ की।

### टेंडर कमीशन घोटाला अब तक की गिरफ्तारी

ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम, उनका भतीजा आलोक रंजन, वीरेंद्र राम के चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश मित्तल के सहयोगी हरीश यादव, उनके सहयोगी नीरज मित्तल, रामप्रकाश भाटिया, तारा चंद, मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल, संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम व मंत्री आलमगीर आलम की गिरफ्तारी हो चुकी है।

## न्यूज | बॉक्स

### बाबूलाल 30 को राजमहल लोकसभा क्षेत्र में करेंगे दो जनसभाएं



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 30 मई को राजमहल लोकसभा क्षेत्र में दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे। पहली जनसभा साहिबगंज जिले के बोरियो विधानसभा क्षेत्र की खैरवा पंचायत स्थित जिरली करहरिया मैदान में 11:30 बजे से होगी। दूसरी जनसभा पाकुड़ जिले के महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के कांकजोल हटिया फुटबॉल मैदान में 01:00 से होगी।

### संथाल समाज दिशोम मांझी परगना की स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे सीएम



**रांची ।** संथाल समाज दिशोम मांझी परगना द्वारा 30 मई को 28वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में सूबे के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन शामिल होंगे। रामगढ़ जिले के कुजू ओपी क्षेत्र के हेसागढ़ा बुध बाजार फुटबॉल मैदान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारी पूरी हो चुकी है। बुधवार को संथाल समाज दिशोम मांझी परगना के अध्यक्ष फागू बेसरा कार्यक्रम स्थल पहुंचकर समारोह को सफल बनाने के लिए तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संथालों के लिए बीते 30-31 मई 1997 में संथाल समाज दिशोम मांझी परगना नामक एक सामाजिक संगठन की स्थापना की गई थी। इसका 28वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पहले सड़क मार्ग से आने वाले थे। लेकिन अब हवाई मार्ग से हेलीकॉप्टर के माध्यम से समारोह स्थल पहुंचेंगे। जिसके लिए कार्यक्रम स्थल के निकट हेलीपैड बनवाया गया है। उन्होंने बताया कि समारोह में झारखंड, बंगाल, उड़ीसा, असम, बिहार और भारत के विभिन्न राज्यों सहित नेपाल से संथाल समाज के पदाधिकारी एवं बुद्धिजीवी लोग शामिल होंगे।

### आरपीएफ ने ट्रेन से भारी मात्रा में शराब किया जब्त



**रांची ।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ऑपरेशन सतर्क के तहत रेलवे स्टेशन मुरी से 200 बोतल शराब बरामद किया है। बुधवार को आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार पोस्ट मुरी, फ्लाइंग टीम रांची को गुप्त सूत्रों से जानकारी मिली थी कि गाड़ी संख्या 18626 के साधारण डिब्बे में दो बोरी में शराब ले जाई जा रही है। सूचना के बाद जांच करने पर दो बोरी बरामद की गई। बोगी में पूछने पर बोरी का कोई मालिक नहीं था। बोरी को खोलने पर उसके अंदर से 200 बोतल शराब की बोतलें मिली। मौके पर उपनिरीक्षक बसंत मल्लिक ने उक्त शराब को जब्त किया और आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सौंप दिया।

### प्रधान न्यायायुक्त ने ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के आदेश को किया निरस्त, आरोपित निर्दोष करार

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त ने बुधवार को चेक बाउंस से जुड़े एक मामले में ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के आदेश को निरस्त करते हुए आरोपित को निर्दोष करार दिया। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट डीएन शुक्ला की कोर्ट ने कृष्ण देव प्रसाद साहू को दोषी करार देते हुए एक वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी। साथ ही 20 लाख रुपये का जुमार्ना भरने का आदेश दिया था। इस आदेश के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय की कोर्ट में कृष्ण देव प्रसाद साहू ने अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह के माध्यम से क्रिमिनल अपील दाखिल की। इसपर बुधवार को सुनवाई करते हुए अदालत ने ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के आदेश को निरस्त कर कृष्ण देव प्रसाद साहू को सभी आरोपों से बरी करने का आदेश दिया। अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर पाया कि उसने आरोपित को पैसे दिये थे। अधिवक्ता प्रीतांशु सिंह ने बताया कि उनके मुवक्किल कृष्ण देव प्रसाद साहू पर यह आरोप था कि उन्होंने अनूप सिंह से दोस्ताना कर्ज के रूप में 15 लाख रुपये उधार लिये थे।

# मादक पदार्थों के उत्पादन और सेवन के कलंक को मिटाना जरूरी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य के मुख्य सचिव एल खियांगते ने कहा कि राज्य में मादक पदार्थों का उत्पादन और इसका सेवन एक कलंक है। हमें इस कलंक को मिटाना है। स्कूलों, कॉलेजों पर फोकस करने की जरूरत है। समाज के प्रत्येक व्यक्तियों को भी इसके रोकथाम की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। राज्य में मादक पदार्थों के उत्पादन व सेवन की रोकथाम के लिए बुधवार को ओरिएंटेशन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथित मुख्य सचिव बोल रहे थे।

### मादक पदार्थों के उत्पादन की रोकथाम के किये जा रहे हैं प्रयास: डीजीपी

राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड में कुछ जिलों में बड़े पैमाने पर अफीम उत्पादन किए जाने की सूचना मिलती रहती है। इन जिलों में अफीम उत्पादन की रोकथाम की दिशा में प्रयास किए जा रहें हैं।
एनसीबी और अपराध अनुसंधान विभाग साथ मिलकर इस दिशा में कम कर रहे हैं।

### पांच साल में 4949 लोग हुए गिरफ्तार : वंदना दादेल

प्रधान सचिव गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की प्रधान सचिव दादेल ने कहा कि झारखंड हमेशा अफीम उत्पादन को लेकर सवालों के घेरे में रहा है। इसके उत्पादन और उपभोग में वृद्धि देखी गई है। कई बार तो झारखंड उच्च न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। झारखंड पुलिस के मुताबिक बीते पांच सालों में करीब 2,024 कांड प्रतिवेदित हुए हैं जबकि 4,949 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के माध्यम से कार्रवाई की जा रही है।

### मादक पदार्थों के सेवन की रोकथाम के लिए विभाग गंभीर

स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार ने कहा कि राज्य में मादक पदार्थों के सेवन की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग गंभीर है। सभी विभागों के साथ समन्वय बनाते हुए इस दिशा में कार्य किए जाएंगे। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार ने कहा कि विद्यार्थियों के बीच ड्रग्स के दुष्प्रभाव को रोकने के लिए काम किया जा रहा है। शिक्षण संस्थाओं के आसपास अवेयरनेस को लेकर एक्शन प्लान तैयार किया गया है। लॉ स्टूडेंट के साथ मिलकर जागरुकता प्रोग्राम चलाया जाएगा।

## मतगणना से पहले रांची लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों के साथ बैठक

# मतगणना स्थल की व्यवस्था व प्रक्रिया की दी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए मतगणना 04 जून 2024 को होगी। रांची संसदीय क्षेत्र की मतगणना पंडरा बाजार समिति में की जाएगी । मतगणना से संबंधित व्यवस्था एवं प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए निवार्ची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने उम्मीदवारों/एजेंट के साथ बुधवार को बैठक की। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार काउंटिंग हॉल में की गयी व्यवस्था एवं प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी निवार्ची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा उम्मीदवारों/एजेंट को दी गयी। पीपीटी के माध्यम से मैप दिखाकर सभी उम्मीदवारों/एजेंट को पंडरा स्थित मतगणना स्थल रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी 06 विधानसभा क्षेत्र के काउंटिंग हॉल, मतगणना में लगे पदाधिकारियों/कर्मियों एवं इलेक्शन एजेंट के आने-जाने का रास्ता, वाहनों



की पार्किंग आदि की जानकारी दी गयी। प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा अपने काउंटिंग एजेंट के अपॉइंटमेंट को लेकर भी निवार्ची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी। काउंटिंग एजेंट के अपॉइंटमेंट को लेकर आवश्यक दस्तावेज एवं फॉर्म 18 तथा 19 में आवेदन समर्पित करने के बारे में सभी को बताया गया। राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि काउंटिंग एजेंट को फोटो आईडेंटिटी कार्ड उपलब्ध कराया जायेगा, जिसे दिखाकर वो काउंटिंग हाल में प्रवेश कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त कांउटिंग एजेंट द्वारा दिये जानेवाले डिक्लेरेशन की भी विस्तृत जानकारी दी गई। कौन-कौन से लोग काउंटिंग एजेंट बन सकते हैं। इसके बारे में उम्मीदवारों को बताया गया। सभी उम्मीदवारों से कहा गया कि वो काउंटिंग एजेंट के अपॉइंटमेंट को लेकर ससमय आवेदन समर्पित कर दें, ताकि उन्हें भी समय पर अपॉइंटमेंट लेटर दिया जा सके। बैठक में उपस्थित सभी उम्मीदवारों को काउंटिंग से संबंधित वीडियो भी दिखाया गया। इसके अतिरिक्त पोस्टल बैलेट की गिनती के बारे में निवार्ची पदाधिकारी द्वारा बताया गया। सभी उम्मीदवारों/एजेंट को मतगणना स्थल में डू एंड डोन्ट्स के बारे में भी जानकारी दी गयी। जिला निवार्ची पदाधिकरी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के सहायक निवार्ची पदाधिकारी के अलावा कोई भी व्यक्ति मतगणना भवन में मोबाइल लेकर नहीं जा सकेगा।



झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने बुधवार को जामताड़ा के वेना मैदान में दुमका लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन की प्रत्याशी नलिन सोरेन के पक्ष में जनसभा की। वहीं उन्होंने गोड्डा से कांग्रेसा प्रत्याशी प्रदीप यादव के पक्ष में भी लोगों से वोट मांगे।

**सातवें चरण का मतदान** | संताल के तीनों सीटों पर एक जून को होगा मतदान

# मतदान के दौरान रहेगी विशेष व्यवस्था : के. रवि कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के.रवि कुमार ने कहा है कि सातवें चरण के तहत राजमहल, गोड्डा और दुमका संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव का प्रचार गुरुवार शाम पांच बजे थम जाएगा। उसी के साथ चुनाव प्रचार आदि कार्य से चुनाव वाले संसदीय क्षेत्र में बाहर से गए राजनीतिक दलों के नेताओं-कार्यकर्ताओं को नियमानुसार वापस लौटना होगा। वे बुधवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में प्रेस वार्ता कर रहे थे।




**चुनाव प्रचार का समय समाप्त होते ही बाहरी नेताओं-कार्यकर्ताओं को छोड़ना पड़ेगा क्षेत्र**

### बुथ पर पंखा,नींबू-पानी,मेडिकल सुविधा उपलब्ध रहेगी

गर्मी को देखते हुए मतदान के दिन मतगणना केंद्रों पर विशेष व्यवस्था की गयी है। बूथों पर गर्मी से बचने के लिए फैन, शेड, नींबू पानी, कुर्सी, मेडिकल सुविधा आदि बहाल की गयी है। वहीं दूर-दराज के मतदाताओं को बूथ तक लाने, ले जाने के लिए वाहन की सुविधा भी उपलब्ध करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि गर्मी से मतदान प्रतिशत प्रभावित नहीं हो, इसके लिए विशेष व्यवस्था करने के साथ यह भी प्रयास किया जा रहा है कि मतदाताओं को कतार में ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़े। इसके लिए मतदानकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पूर्व से ही मतदाता जागरूकता हेतु व्यापक अभियान चलाये गये हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

### राजमहल में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक

सातवें चरण के चुनाव में राजमहल, गोड्डा और दुमका में 1 जून को मतदान होना है। राजमहल ऐसा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र है, जहां पुरुषों से अधिक महिला मतदाता हैं। यहां कुल 17,04,671 मतदाता में से पुरुष मतदाता 8,51,165 और महिला मतदाता 8,53,496 हैं। दुमका में कुल मतदाता 15,91,061 हैं, जिनमें पुरुष 7,99,045 और महिला मतदाता 7,92,010 हैं। उसी तरह गोड्डा में कुल मतदाता 20,28,154 हैं, उनमें पुरुष 10,50,328 और महिला मतदाताओं की संख्या 9,77,809 है।

### 133 करोड़ 60 रुपए की जब्ती

**आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक झारखंड में अवैध सामग्री और नकदी के रूप में 133 करोड़, 60 लाख रुपये से अधिक की जब्ती की गयी है।**

# निवार्ची पदाधिकारी ने उम्मीदवारों के साथ मतगणना हॉल का निरीक्षण किया




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी राहुल कुमार सिंहा ने उम्मीदवारों के साथ पंडरा बाजार समिति स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। निवार्ची पदाधिकारी ने सभी उम्मीदवारों को रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत विधानसभावार बनाए गए काउंटिंग हॉल के बारे में विस्तृत जानकारी दी । मतगणना के दिन ईचागढ़, सिल्ली, खिजरी, राँची, हटिया एवं कांके विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाए गए मतगणना भवन में इलेक्शन एजेंट किस रास्ते से प्रवेश करेंगे इसके बारे में उन्हें बताया गया।
निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि स्ट्रांग रूम की लाइव सीसीटीवी फुटेज की व्यवस्था की गई है, जिसे राजनीतिक दल 247 देख सकते हैं। इस दौरान निवार्ची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने कंट्रोल रूम, काउंटिंग हाल एवं मतगणना स्थल में की जा रही तैयारी का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## एक नजर

### बीडीओ ने बलसगरा में किया आवास निर्माण कार्य का निरीक्षण

**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड के बीडीओ सुशांत कुमार मुखर्जी ने बुधवार को प्रखंड के बलसगरा में लाभुकों के बन रहे आवास का निरीक्षण किया। बीडीओ ने बलसगरा में अंबेडकर आवास योजना, अबुवा आवास योजना, पीएम जन मन योजना के तहत आवास निर्माण कार्यों का कार्य प्रगति का भौतिक रूप से जांच किया गया। जिन आवासो में भुगतान के अनुरूप कार्य नहीं किया गया है। उसके कार्य में तेजी लाने हेतु संबंधित लाभुक, पंचायत सचिव, पीएम आवास कॉर्डिनेटर को निर्देशित किया गया। आवास के लाभुकों को तय समय पर उक्त सभी आवास को पूरा कर लेने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर जीपीएस अजीत तिवारी, लाभुक मालती विरहोरिन, रमेश विरहोर, फुलकी देवी, फगुनी देवी, फुलवा देवी, पंचायत सचिव, पीएम आवास कॉर्डिनेटर आदि उपस्थित थे।

### कोरोना काल के बाद से गिद्दी चौक में रोज सुबह सजने लगा है सब्जी मार्केट

**गिद्दी।** कोरोना काल के बाद से गिद्दी चौक में रोज सुबह सब्जी मार्केट लगने लगा है। पहले गिद्दी चौक में दो तीन सब्जी वाले ही जिनकी स्थाई दुकान थी वहीं सब्जी बेचते थे। जबकि दूर देहात से आने वाले सब्जी विक्रेता बुधवार और शनिवार को गिद्दी शॉपिंग सेंटर में लगने वाले बाजार में सब्जी बेचने आते थे। इसके बाद बाजार से बचे हुए सब्जी बेचने के लिए उसी रात में गिद्दी चौक में आया करते थे। पर कोरोना काल में लगने वाले हाट बाजार पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद गिद्दी चौक में कुछेक सब्जी विक्रेता को सब्जी बेचने की इजाजत दी गई। इसके बाद कोरोना काल में शुरू हुआ गिद्दी चौक का यह बाजार कोरोना काल खत्म होने के बाद भी नहीं हटा है। इसके विपरीत यहां सब्जी बेचने वालों की संख्या बढ़ गई है। अब स्थिति यह है कि गिद्दी चौक में सुबह प्रतिदिन लगभग 50 सब्जी बेचने वाले पहुंचते हैं।

### बारिश शुरू होते ही जिले में सर्पदंश के 41 मामले आए सामने

**रामगढ़।** जिले में जब से बारिश की शुरूआत हुई थी तब से लेकर अब तक प्रतिदिन किसी न किसी क्षेत्र में सर्पदंश की घटना सामने आ रही है। इसे लेकर जिले के सभी सरकारी अस्पताल जिसमें सर्पदंश से बचाव की सुविधा बहाल है या जहां एंटी वेनम का डोज उपलब्ध कराया गया है वहां पड़ताल किया गया। इस दौरान पता चला कि अप्रैल माह में जिले में कुल 22 लोग सर्पदंश के बाद इलाज कराने पहुंचे थे। हालांकि इसमें से एक भी मामले में मृत्यु की सूचना नहीं है। वहीं मई माह में सोमवार तक कुल 19 मामले सिर्फ सदर अस्पताल में आए हैं। जिनको यहां एंटी वेनम का डोज दिया गया है। सदर अस्पताल में 36 घंटे में एक मरीज सर्पदंश के आते हैं। जिनका इलाज यहां किया जाता है।

# उफ, ये गर्मी ! प्रदूषण बढ़ने का एक गंभीर कारण वृक्षों की अंधाधुंध कटाई, यह बंद हो



**जयदीप कुमार सिन्हा**

बरही । वह भी समय था जब गर्मी की छुट्टियां बिताने के लिए बाहर से बरही आया करते थे, तब बमुश्किल 25 से 30 डिग्री सेल्सियस पर पारा जाता था. पूरे दिन का वातावरण लगभग सहनशील होता था. तब बरही के आस पास के क्षेत्र जंगलों से आच्छादित होते थे. बरसात में बरही नदी भी पूरे उफान पर होता था. पर आज जंगल कट चुके हैं, वृक्षों की अंधाधुंध कटाई और नदी अतिक्रमीत हो चुकी है. हरियाली सिमटती जा रही है, फैक्ट्रियां और वाहनों में वृद्धि हो रहे है. जिसका विपरीत परिणाम आज हम सबों को देखना पड़ रहा है. जाड़ा, गर्मी या बरसात तीनों बदल चुके हैं. इसी का परिणाम है कि आज हम सभी 43 से 45 डिग्री सेल्सियस तक की गर्मी में झुलसने के लिए मजबूर हो चुके हैं. ग्लोबल वार्मिंग बढ़ चुका है. जो भविष्य के लिए गंभीर संकेत है. इस दिशा में हम सभी को गंभीर होना होगा. अंधाधुंध हो रहे वनों की कटाई पर लगाम लगाना होगा. युद्धस्तर पर वृक्षारोपण और वन संरक्षण चलाने होंगे. वन विभाग को भी सिर्फ ड्यूटी नही निष्ठा पूर्वक जिम्मेवारी निभानी होगी. अन्यथा गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा.

बरकट्ठा का पारा 43 डिग्री सेल्सियस के पार

# आसमान से बरस रही आग दिन भर घरों में दुबके रहे लोग




बिजली की आंख मिचौनी से लोग परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र में तेजी से बढ़ती तापमान के साथ भीषण व उमस भरी गर्मी के साथ ही बिजली की आंख मिचौनी का खेल से आम जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। दिन प्रतिदिन तेजी से बढ़ रही तापमान से गर्मी में बेतहाशा इजाफा इन दिनों बरकट्ठा क्षेत्र में हो रही है। वहीं पिछले दो दिन मंगलवार और बुधवार को तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड दर्ज किया गया।इस भीषण गर्मी के कारण दिन में 10:00 बजे से ही लोगों को धूप में निकलना दुभर हो गया है , जिससे पूरे इलाके में सन्नाटा छा जा रहा है ।धरती भी तपने लगी है। दिन भर लू के थपेड़े से पुरा इलाका प्रभावित है । वहीं बाजार में पूर्वाहन 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक अघोषित कर्फ्यू जैसा प्रतीत हो रही है,। लोगो को घरों से बाहर जरूरी काम से निकलना भी काफी दुभर हो रहा है । वहीं बिजली की आंख मिचौनी का खेल से आम जन जीवन को पंखा और कूलर का भी सहारा नहीं मिल पा रहा है। समाजसेवी दर्शन सोनी ने बताया कि दिन हो या रात कभी भी घंटों तक बिजली गुल हो जाती है जिससे लोगों को इस प्रचंड गर्मी में भारी मशक्कत झेलनी पड़ रही है।


### कोदवे रोयांग में मनाया गया आस्था और भक्ति का पर्व मंडा

**गिद्दी।** कोदवे रोयांग में मंगलवार की रात्रि में आस्था और भक्ति के साथ मंडा पर्व हर्षोल्लास मनाया गया। सर्वप्रथम में शिव भक्तों ने 24 घंटा का उपवास रखने के बाद लोटन सेवा किया। फिर भोक्ता और सोक्ताइनों ने कलश में जल लेकर मंदिर में परिक्रमा कर भगवान शिव पार्वती की पूजा अर्चना किया। हेमंत पांडेय और विशाल पांडेय ने विधिवत पूजा अर्चना कराया। इसके बाद 135 भोक्ता और सोक्ताइनों ने दहकते अंगारों पर चलकर फुलकुंदी कर आस्था और भक्ति का कठिन परीक्षा दिया। फुलकुंदी के बाद 6 जोड़ा भोक्ताओं ने बनस झूला भी किया। वहीं मंडा मेला में छउ कलाकरों ने नृत्य प्रस्तुत कर रात भर लोगों का मनोरंजन किया। इस अवसर पर बतौर अतिथि विधायक पत्नी ललिता देवी, जिप सदस्य सर्वेश कुमार सिंह, मुखिया उमेश करमाली उपस्थित थे। जबकि पूजा को सफल बनाने में मीठू महतो, रामप्रसाद महतो, केतर महतो, बृजनंदन महतो, गुलचंद महतो, नरेश महतो, मोहनलाल महतो, हरिनाथ महतो, बसंती देवी, चौधरी, कौशल महतो, दशरथ महतो, सुदय महतो, संतोष ठाकुर, बालेश्वर महतो प्रदीप महतो आदि गांव के ग्रामीणों ने योगदान किया।

लक्जमबर्ग पैलेस फ्रांस सीनेट पेरिस में आयोजित होगा भव्य अलंकरण समारोह

# फ्रांस में 'भारत गौरव सम्मान' से सम्मानित होंगे आईसेक्ट विवि के कुलाधिपति

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** साहित्य, कला, संस्कृति, शिक्षा, प्रौद्योगिकी और कौशल विकास के क्षेत्र में पांच दशकों से सक्रिय आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के कुलाधिपति संतोष चौबे को प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय 'भारत गौरव सम्मान-2024' से अलंकृत किया जाएगा। श्री चौबे को यह सम्मान लक्जमबर्ग पैलेस, फ्रांस सीनेट, पेरिस में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में आगामी 5 जून को प्रदान किया जाएगा। बता दें कि भारतीय इंजीनियरिंग सेवा तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए चयनित संतोष चौबे वर्तमान में आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के अलावा रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय और डॉ सीवी रामन विश्वविद्यालय के भी चांसलर हैं तथा आईसेक्ट नेटवर्क, राज्य संसाधन केन्द्र, वनमाली सृजन पीठ एवं टैगोर अंतर्राष्ट्रीय साहित्य एवं



कला केन्द्र के अध्यक्ष हैं। उल्लेखनीय है कि श्री चौबे हिन्दी साहित्य तथा भाषा को बढ़ावा देने के लिए लेखन के साथ-साथ विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सतत सक्रिय हैं। इन्होंने बीते 40 वर्षों में पूरे भारत में 40 हजार से अधिक प्रशिक्षण एवं सेवा केन्द्रों का नेटवर्क स्थापित किया जो हजारों लोगों को रोजगार देने के अलावा डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया जैसी महत्त्वपूर्ण योजनाओं में भागीदारी कर रहा है। प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय 'भारत गौरव सम्मान-2024' के लिए संतोष चौबे को आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग, 'विश्व रंग' टैगोर अंतर्राष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव, डॉ सीवी रामन विश्वविद्यालय, बिलासपुर, खंडवा, वैशाली, आईसेक्ट पब्लिकेशन, वनमाली सृजन पीठ, समस्त वनमाली सृजन केंद्रों तथा साहित्य, कला संस्कृति की सहयोगी संस्थाओं ने बधाई दी है।

**कवि, कथाकार व उपन्यासकार के रूप में भी पाई प्रसिद्धि**

तकनीक के साथ साथ संतोष चौबे कवि, कथाकार, उपन्यासकार, संपादक और अनुवादक भी हैं, जो अपने अभिनव रचनात्मक प्रकल्पों और नवाचारों के लिए वैश्विक पहचान रखते हैं। उनके छह कथा संग्रह- 'हल्के रंग की कमीज', 'रेस्त्रां में दोपहर', 'नौ बिन्दुओं का खेल', 'बीच प्रेम में गांधी', 'मगर शेक्सपियर को याद रखना' तथा 'प्रतिनिधि कहानियां', चार उपन्यास- 'राग केदार', 'क्या पता कॉमरेड मोहन', 'जलतरंग', और 'सपनों की दुनिया में ब्लैक होल', चार कविता संग्रह- 'कहीं और सच होंगे सपने', 'कोना धरती का', 'इस अ-कवि समय में' तथा 'घर-बाहर' प्रकाशित और चर्चित हुए हैं। टेरी इगल्टन, फ्रेडरिक जेमसन, वॉल्टर बेंजामिन, ओडिसस इलाइटिस एवं ई.एफ. शूमाकर के उनके अनुवाद 'लेखक और प्रतिबद्धता', 'मॉस्को डायरी' तथा 'भ्रमित आदमी के लिए एक किताब' के नाम से प्रकाशित हैं, जो व्यापक रूप से पढ़े व सराहे गये हैं।

### इंडियन पब्लिक स्कूल के बच्चे 8वीं की परीक्षा में शत-प्रतिशत हुए सफल






**बरही।** प्रखंड अंतर्गत सिंहपुर ओरिया स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल मे जैक द्वारा आयोजित 8वीं की परीक्षा में शत प्रतिशत विद्यार्थियों का परिणाम रहा। जैक द्वारा आयोजित परीक्षा में विद्यालय की ओर से 32 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। 12 विद्यार्थियों ने सभी विषयों में ए प्लस तथा 19 विद्यार्थियों ने एक विषय में ए प्लस तथा एक विषय में ए ग्रेड और 1 विधार्थी ने एक विषय में ए तथा दूसरे विषय में बी ग्रेड लाकर विद्यालय व अपने माता-पिता का नाम रौशन किया। प्रियंका कुमारी, नैन्सी कुमारी, आकाश कुमार क्रान्ति कुमारी, प्रियांशु कुमारी, अंशु कुमारी, शुभम कुमार, आर्यन कुमार, सतीश कुमार ने ए प्लस ग्रेड लाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बासुदेव साव ने बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए सभी विधार्थियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक मुकेश यादव, सुमन कुमार पाण्डेय, विजय यादव, संतोष कुमार यादव, प्रिन्स कुमार पाण्डेय, संजय साव, सुरेन्द्र साव, अनुज कुमार सिंह, शिक्षिका सौम्या, ज्योति, सानिया, सोनम, पायल, काजल ने सभी विद्यार्थियों के लिए उज्जवल भविष्य की कामना की।

> **जैक** द्वारा आयोजित परीक्षा में विद्यालय की ओर से 32 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, 12 छात्रों ने सभी विषयों में ए प्लस लाकर मान बढ़ाया

# जयराम महतो अग्रिम जमानत को लेकर रामगढ़ सिविल कोर्ट पहुंचे

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी व झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो रामगढ़ जिला के मांडू प्रखण्ड अंतर्गत करमा बुढ़ाखाप केस नंबर 61/23 में केस नंबर 61/23 केस में को लेकर बुधवार को रामगढ़ सिविल कोर्ट पहुंचे। जैसे ही उनके समर्थकों को जानकारी मिली कि टाइगर जयराम महतो रामगढ़ सिविल कोर्ट पहुंचे हैं। लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए जयराम महतो ने कहा कि जनता जिस उम्मीद के साथ चुनाव जीत कर सदन में भेजते हैं उन्हें सिर्फ विकास और जनता के बारे में सोचनी चाहिए। जयराम महतो ने विधान सभा चुनाव में मैक्सिमम सीटों में चुनाव लड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि हम प्रयास करेंगे कि सरकार में आये और राज्य की जो जवलंत मुद्दे हैं



उनपर बेहतर नीतियां बनायी जाए, जो झारखंड राज्य में अस्थिरता चल रही है, लगातार नाराजगी व असंतोष का भाव छाया है। वह असंतोष सरकार और जनता के बीच जो खाई पनप रही है उसका समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जयराम महतो के प्रति सभी समुदाय के लोगों में एक उम्मीद की किरण जाग चुकी है, क्योंकि झारखंड को बने आज 23 साल हो गए लेकिन झारखंड परिभाषित नहीं हो पाया है कि झारखंडी कौन है। टाइगर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करने की जरूरत है। इस मौके पर जेबीकेएसएस के केंद्रीय पदाधिकारी, जिला कोर कमेटि सदस्य, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, प्रखंड कोर कमेटी सदस्य, पंचायत पदाधिकारी, सक्रिय सदस्य व समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

> **जनता** जिस उम्मीद के साथ सदन में भेजती है, उसे पूरा करना चाहिए, सिर्फ विकास और जनता के बारे में सोचना चाहिए

## न्यूज बॉक्स

### घर से दवा लाने निकला युवक लापता



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो निवासी निरंजन प्रसाद पिता दिनेश प्रसाद घर से बरही दवा लेने गया था लेकिन चौबीस घंटे से अधिक होने पर भी घर वापस अभी तक नहीं पहुंचा है। परिजनों के मुताबिक निरंजन काला टीशर्ट ब्राउन टॉजर पहना है तथा पतला दुबला शरीर है। परिजनों ने काफी खोजबीन की परन्तु युवक का कहीं अता-पता नहीं चल रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर किसी को ये लड़का कहीं भी दिखाई दे तो मोबाइल नंबर 9892088351, 7400136835 पर जानकारी देने का कष्ट करें।

### रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज में मिलन समारोह का आयोजन कल

**रामगढ़।** आगामी शुक्रवार को सुबह 12 बजे से आईआईसी आरईसी द्वारा आयोजित मिलन समारोह का आयोजन रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में किया गया है। रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज की इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) कॉलेज की चयनित परियोजनाओं की एक परियोजना प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। रामगढ़ जिले के सभी स्कूलों और कॉलेजों को भी अपनी अभिनव परियोजनाओं को प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किया गया है, ये जो समाज में अच्छा प्रभाव डाल सकता हैं। यह जानकारी पल्लव दास मीडिया समन्वयक ने दी।

### राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर कार्यशाला




**हजारीबाग।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम जून 2024 के आगामी 01 से 10 जून तक मलेरिया रोधी माह जन-जागरूकता कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन तथा नियमित टीकाकरण के सुद्धढीकरण, एम. आर-1 एवं एम.आर-2 में ड्रॉपआउट एवं लाइफआउट को कम करने के लिए बुधवार को सिविल सर्जन, हजारीबाग की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स / जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी हजारीबाग, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, हजारीबाग, जिला मलेरिया सह आर.सी.एच. पदाधिकारी, हजारीबाग, जिला कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पदाधिकारी, हजारीबाग, प्रबन्धक, जेएसएलपीएस, हजारीबाग, जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, एन.एच.एम. हजारीबाग, प्रभारी जीव विज्ञानवेत्ता, हजारीबाग, जिला भी.बी.डी. सलाहकार, हजारीबाग एवं जिला प्रतिनिधि, पीरामल फाउन्डेशन, हजारीबाग के अतिरिक्त विभिन्न सा.स्वा. केन्द्रों से सी. एच.ओ., एएनएम. एम.टी.एस. एस.आई, एवं एम.पी.डब्ल्यू. उपस्थित थे। उक्त टास्क फोर्स/जिला समन्वय समिति के उपस्थित सदस्यों/पदाधिकारियों/कर्मियों से अनुरोध किया गया कि मलेरिया रोधी माह में मलेरिया रोग से बचाव हेतु आम जन में जागरूकता लाने के लिए विभिन्न प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन में अपेक्षित सहयोग किया जाय तथा राष्ट्रीय फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम के तहत माह अगस्त में आयोजित होने वाले सार्वजनिक दवा सेवन कार्यक्रम (एमडीए/आईडीए) से पूर्व 01

### डीसी ने मतगणना को लेकर प्रत्याशियों और निर्वाचन अभिकर्ताओं के साथ की बैठक

**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव को लेकर 4 जून को आयोजित होने वाली मतगणना की व्यवस्थाओं के संबंध में अभ्यार्थियों एवं निर्वाचन अभिकर्ताओं की बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में बुधवार को सभाकक्ष में आयोजित हुई। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी सह उपायुक्त ने अभ्यार्थियों एवं निर्वाचन अभिकताओं को मतगणना संबंधित चुनाव आयोग के प्रोटोकॉल की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ईवीएम-वीवीपेट गणना, पोस्टल बैलट गणना एवं ईटीपीबीएस प्री- काउंटिंग व गणना, प्रति विधानसभावार 5-5 वीवीपेट (रैंडमली सिलेक्टेड) की पर्चियों की गणना एवं मतगणना के बाद ईवीएम सीलिंग कार्य की संपूर्ण प्रक्रिया के प्रत्येक बिंदु से अवगत कराया। उपायुक्त ने कहा कि गणन अभिकताओं को मतगणना परिसर में पेन,पेपर एवं पेपर पैड के अलावा अन्य कोई सामग्री नहीं ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतगणना के लिए सुबह 5:30 से सभी वज्रगृह को खोला जाएगा जिसमें अभ्यार्थियों अथवा निर्वाचन अभिकर्ता की उपस्थिति अनिवार्य है। तदोपरांत पूर्वाह्न 8 बजे से मतगणना प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने मतगणना के दौरान निर्वाचन एवं मतगणना अभिकताओं की नियुक्त, दायित्व व कार्यों के बारे में जानकारी दी। बैठक में अभ्यार्थियों एवं उनके निर्वाचन अभिकताओं के द्वारा की गई क्वेरिज पर भी जानकारी दी। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया एवं सभी अभ्यर्थी उपस्थित थे।

### विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा ने बरका-सयाल महाप्रबंधक को सौंपा 9 सूत्री मांग पत्र



**रामगढ़ ।** विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा ने अपनी 9 सूत्री मांगों को लेकर बरका-सयाल महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। मोर्चा के अध्यक्ष सह कुरसे मुखिया संदीप उरांव के नेतृत्व में सौंपे गये पत्र कहा गया है कि हमारी सभी मांगों पर त्तकाल सकारात्मक पहल नहीं किया गया तो बलकुदरा आउटसोर्सिंग परियोजना में एक दिवसीय धरना दिया जायेगा। आगे पत्र में कहा गया है कि भुरकुंडा परियोजना वर्षों से चलते आ रहा। जिसमें स्थानीय विस्थापितों का सैकड़ो एकड़ जमीन इस परियोजना के अंतर्गत अधिग्रहण किया गया है। पूर्व में भी इस परियोजना के द्वारा लोकल सेल का संचालन किया गया। विस्थापित-प्रभावितों की मांगों में भुरकुंडा रोड सेल संचालन अविलंब चालू कर 80 प्रतिशत विस्थापित प्रभावितों को अधिकार देने, सीसीएल के खाली पड़े जमीन को चिन्हित कर विस्थापितों को रोजगार के लिए जमीन मुहैया कराने, सीसीएल के सीएसआर मद का योजना व खर्च के चयन का अधिकार स्थानीय जनप्रतिनिधियों को देने, बंद पड़ी पोखरिया खदानों को मत्स्य पालन के लिए विस्थापित प्रभावित को केज निर्माण कराकर देने, भूमिगत खदानों के अधीग्रहण के कारण जलस्तर कम होने वाले क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था करने, विस्थापितों को विस्थापित प्रमाण-पत्र देने के लिए चिन्हित करने, सेल संचालन का अधिकार विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा को देने शामिल है।

## आस्था

दो दिवसीय वार्षिक दादी उत्सव भव्य महाआरती के साथ हुआ संपन्न

# भजन गायकों ने अपनी गायिकी से भक्तों को किया सराबोर

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राणी सती मंदिर के स्थापना के 27 वर्ष में प्रवेश के पावन अवसर पर दो दिवसीय दादी उत्सव मंदिर परिसर में बड़े ही धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। प्रथम दिन मंदिर परिसर में भव्य मंगल पाठ का आयोजन हुआ, वहीं दूसरे दिन मंदिर परिसर में प्रातः काल में मंगला आरती के बाद दादी जी का पाटा पूजा हुआ। इसके पश्चात संध्या में 13 सुहागन महिलाओं ने राणी सती दादी की भव्य महा आरती की, जिससे पूर्व मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा ने दादी जी की पूजा अर्चना की, इसके पश्चात भव्य भजन संध्या प्रारंभ हुआ, भजन



संध्या में धनबाद के भजन गायक पंकज मोदी एवं टाटानगर के भजन गायक शिवम पंसारी पधारें, भजन संध्या से पूर्व मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने दोनों गायक को सम्मानित किया। वहीं मंदिर परिसर में दादी नाम की होली दादी भक्तों ने जमकर खेली, इसके पश्चात दोनों गायकों ने अपने अनेक भजनों से दादी भक्तों को जमकर झुमाया। जय दादी की जयकारों के बीच भक्तों ने जमकर भजन संध्या का आनंद लिया। तू चली आ भवानी चुनर ओढ़ के.....बैठे स्वागत में दिल का दरवाजा खोल के,सारे दुःख दूर हमारे हो गए.....जब से झुंझुन वाली हम तुम्हारे हो गए,हम दादी के लाडले, हम पर किसका जोर, पल पल रक्षा करती मां.....ये सतियों की सिरमौर जैसे अनेकों भजनों पर पंकज मोदी एवं शिवम पंसारी ने दादी भक्तों को जमकर झुमाया। इन क्षणों को सभी दादी भक्तों ने अपने मोबाइल में कैद भी किया।

> **भजन** संध्या से पूर्व मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने दोनों भजन गायकों को सम्मानित किया

# दहकते अंगारों पर नंगे पांव चल कर भक्तों ने दी शिवभक्ति की कठिन परीक्षा

**पतरातू।** पतरातू प्रखंड के बरतुआ गांव में आयोजित मंडा पूजा में भक्तों ने दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर शिव भक्ति की कठिन परीक्षा दी। जबकि शिवालय में शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना कर तीन दिनों से चले आ रहे निर्जला उपवास व्रत को तोड़ा। मंडा पूजा समिति के तत्वावधान में शिव-पार्वती पूजा के बाद मेला का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजमो के केंद्रीय महासचिव निशि पांडेय और आजसू के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। जबकि मौके पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, मुखिया किशोर कुमार महतो, पंसस बेबी देवी सहित दर्जनों गणमान्य और कमेटी के पदाधिकारी शामिल हुए। मेला में छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें बंगाल से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक छऊ नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की वाहवाही लूटी। साथ ही शिव भक्तों ने विधि विधान से बनस झूला किया। जबकि मुख्य अतिथि ने कहा कि मंडा पूजा पर छऊ नृत्य का आयोजन हमारे पूर्वजों के समय से चला आ रहा है। इसलिए हम सबका फर्ज है कि आने वाले समय में इसे संजोकर रखा जाए।

## एक नजर

### पालेमुंडा माझाटोली गांव में जहरीले सांप के डसने से एक व्यक्ति की मौत

**सिमडेगा।** बोलबा पालेमुंडा माझाटोली गांव निवासी ललित सिंह नामक युवक की जहरीले सांप के डसने से इलाज के क्रम में सदर अस्पताल सिमडेगा में मौत हो गई। जानकारी देते हुए मृतक के बहन बसंती कुमारी ने बताया कि उसका भाई मंगलवार को दोपहर में खेत की ओर शौच के लिए गया था और लौटने पर उसने बताया कि उसे किसी सांप ने काटा है । परिवार वाले जब तक कुछ समझ पाते तब तक ललित बेहोश हो गया, तुरंत उसे इलाज के लिए बोलबा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ,जहां पर उसकी बिगड़ती तबीयत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया। इधर सदर अस्पताल सिमडेगा लाने के बाद डॉक्टर ने इलाज के क्रम में उसे अमृत घोषित कर दिया बताया गया कि ललित की रामगढ़ में एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में स्थाई नौकरी लग गई थी और पिता की तबीयत खराब होने की सूचना पर गांव आया था और इस दौरान यह घटना घटी इधर घटना के बाद परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### मामूली विवाद में दिव्यांग व्यक्ति को मारकर किया घायल, रिम्स रेफर

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के कुटमाकच्छार कोकड़ाछेरा गांव में बीती रात एक दिव्यांग व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। थाना प्रभारी बिनायक कुमार पाण्डेय ने बताया कि दिव्यांग ईश्वर सिंह ,उम्र 42 वर्ष कोकड़ाछेरा निवासी बीती रात अपने घर के बाहर सोया था इसी बीच रात में उसी गांव के रामकिशोर राम ने लाठी से सिर के कानपटी में मारा जिससे वह वहीं गिरकर बेहोश हो गया।गंभीर रूप से बेहोशी के हालत में सदर अस्पताल में भर्ती किया गया जहाँ चिकित्सको ने घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया।बताया गया कि दोनों के बीच मामूली बात को लेकर विवाद हुआ था विवाद के कारण आरोपी रामकिशोर राम ने रात में जाकर लाठी से सिर में मारा। इस संबंध में कुरडेग थाना काण्ड संख्या 19/24में केस दर्ज मामले की जाँच की जा रही है फिलहाल आरोपी फरार है ।

### रेलवे साईड में काम कर रहे कंपनी वर्कर की ट्रेन से कटकर मौत

**जलडेगा।** हटिया बंडामुंडा रेलखंड अंतर्गत जलडेगा ओडगा थाना क्षेत्र टोनिया ओडगा स्टेशन बीच पोल संख्या 550/18-19 में रेलवे साईड में ही मजदुरी करने वाले एक युवक की मंगलवार की रात ट्रेन से कट कर मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिमी सिंहभूम सोनुआ निवासी अविनाश बोदरा 20 वर्ष पिता सिकंदर बोदरा त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड में काम करता था। रात 10:00 बजे खाना खाकर निकाला और देर रात तक वापस नहीं हुआ, कम्पनी में ही कार्यरत एक ड्राइवर के अनुसार घटना देर रात एक डेढ़ बजे की है।

# माता मरियम हमारी आदर्श मां उनसे प्रेरणा लें : जोसिमा खाखा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि माता मरियम हमारी आदर्श मां है। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लें और हम भी माता मरियम की तरह अपने बच्चों का लालन पालन करें। जोसिमा खाखा पाकरटांड़ प्रखंड के सोगड़ा भीखाटोली गांव में आयोजित जेठ जतरा सह मरिया प्रोशेसन कार्यक्रम में बोल रही थी। मौके पर पल्ली पुरोहित फा सिलबानुश डुंगडुंग और फा लाजरुश मिंज द्वारा मिस्सा बलिदान चढ़ाया गया। मौके पर उन्होंने क्षेत्र के खुशहाली एवं विकास के लिए ईश?वर से प्रार्थना की। वहीं जोसिमा खाखा ने कहा कि हम सभी अपने धर्म की रक्षा करने के लिए एकजूट रहना है। प्रतिदिन प्रार्थना करने में समय गुजारें। उन्होंने कहा कि असहाय एवं गरीबों की सेवा करें। गरीबों एवं असहाय लोगों की सेवा की ईश्वर की सच्ची सेवा है। जोसिमा ने कहा कि हमें अपने बात व्यवहार में मिठास लानी है। उन्होंने समाज के लोगों को नशापान से दूर रहने एवं अच्छी आदतों को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। मौके पर नाटक, गीत एवं नृत्य का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उर्मिला केरकेट्टा, सिलबानुश, अजीत बाड़ा, नीलिमा मिंज, विजय मिंज सहित कई लोग उपस्थित थे।

## हीटवेव के साथ पारा हुआ 44 पार, साल का सबसे गर्म दिन रहा

**नवीन मेल संवाददाता। झुमरी तिलैया**
हिट वेव के साथ हीं कोडरमा का पारा 44 पार पहुंच गया है। यह अब तक का सबसे गर्म दिन रहा। लोगों का मानना है कि ऐसा बहुत कम हीं हुआ है कि जब यहां का तापमान 44 पार हुआ हो। बुधवार की सुबह 10 बजे के बाद हीं हिट वेव चलने लगी, जिसके बाद देखते हीं देखते पूरे बाजार में सन्नाटा छाने लगा। शाम 5 बजे तक हिट वेव के चलने से अधिकांश लोग घरों में रहे, जो भी बाजार निकल रहे थे, बिना चेहरे व शरीर को कवर किये नहीं थे। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ते जा रही है, वैसे-वैसे अस्पतालों व क्लिनिकों में मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। कोडरमा पीएचसी में कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों ने बताय कि सामान्य दिनों में जहां 25 से 30 मरीज ओपीडी में देखे जाते थे, वहां अब करीब 40 मरीज प्रतिदन देखे जा रहे हैं। इसमें अधिकांश लू लगने, सर्दी, बुखार, कमजोरी आदि के मरीज आ रहे हैं। इधर मंगलवार को बिजली विभाग द्वारा केटीपीएस बांझेडीह में 33केवी फिडर का निर्माण कार्य को लेकर सुबह 11.50 से शाम 5.30 बजे तक काटे जाने के कारण सभी जगह बिजली गायब रही। लोग भीषण गर्मी में पूरी तरह बेचैन दिखे। बाहर धूप की तपीश व घर में उमसभरी गर्मी में लोग परेशान रहे। मौसम में आए बदलाव से लोगों में साइड इपेक्ट भी देखने को मिल रहे हैं। गर्मी के कारण लोगों के रात में निंद सही से पूरा नहीं होने से वे गुस्सैल मिजाज के भी हो रहे हैं। इस संबंध में शहर के माने-माने जेनरल फिजिसियन डॉ. पी. कुमार ने बताया कि अभी जो गर्मी है, वह 42 से 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास की है। अधिक पसीने के कारण इलेटोलाइड इंबेलेंस हो जाता है। सोडियम कम होने से लोग चिड़चिड़े मिजाज के हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि अभी हिट वेव के चलने से हिट स्ट्रोक के ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं।

## न्यूज बॉक्स

### अवगा से पीडियापोंछ जाने वाली सड़क का पुलिया खतरे को दे रहा है न्योता



**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के पीडियापोंछ पंचायत अन्तर्गत अवगा से पीडियापोंछ जाने वाली सड़क पर बंडा नदी पर बनी पुलिया खतरे को दे रहा है न्योता । यह पुलिया बंडा नदी पर बना काफी पुराना है । यह सड़क अवगा, बूढ़ापहाड़, रेंगारबहार आदि गाँव को उड़ीसा जाने के लिए जोड़ती है । इस छेत्र के लोग उड़ीसा से खरीद-बिक्री के लिए प्रतिदिन आना-जाना करते हैं । यह पुलिया काफी पुराना होने के कारण जीर्ण-शीर्ण होने लगे हैं । इसका पीलर एवं गार्डवाल आदि टूट-टूट कर गिरने लगे है जो कभी भी दुर्घटना हो सकता है पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारीयों ने भी इसी सड़क से गुजरते हैं । लेकिन झाँककर कभी देखा नही, ग्रामीणों ने अवगा से पीडियापोंछ एवं उड़ीसा राज्य को जोड़ने वाली यह सड़क पर बंडा नदी पर बने पुलिया को अविलम्ब मरम्मत की माँग किया है।

### ठेठईटांगर पंचायत भवन में लीड्स व डब्ल्यूएचएच ने सोशल वोलेंटियर को दिया प्रशिक्षण




**ठेठईटांगर।** लीड्स एवं डब्ल्यूएचएच के द्वारा चलाए जा रहे प्रवासी मजदूर परियोजना के द्वारा दो दिवसीय शोसल वोलेंटियर के लिए सरकारी योजनाओं पर प्रशिक्षण ठेठईटांगर के पंचायत सभागार में किया गया, जिसमें उनको अलग-अलग सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यशाला में 85 प्रतिभागी जिसमें 26 पुरूष और 59 महिलाऐं ने भाग लिया।रांची के लीड्स आफिस से आए परियोजना के निदेशक रंजीत भेंगरा के द्वारा लीड्स संस्था के बारे जानकारी दिया गया साथ ही अलग अलग सरकारी योजनाओं के बारे जानकारी दी गई। उन्होंने प्रवासी मजदूरों से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाएं जैसे मनरेगा, ई-श्रम आयुष्मान भारत योजना आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। परियोजना के प्रोजेक्ट समन्वयक अनुराग रॉबर्ट कुजूर ने परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी और यह बताया कि यह परियोजना सिमडेगा, खूंटी और रामगढ़ में 2022 से युवाओं के कौशल विकास के लिए कार्य कर रही है। लोगों को विभिन्न कौशल विकास संस्थाओं के साथ जोड़ने का काम कर रही है। जिसमें सिलाई, ब्यूटीशियन, प्लंबिंग, इलेक्ट्रिशियन ,कृषि और पशुपालन आदि पर जानकारी दी गयी।मौके पर संगीता मिंज ने महिलाओं को आगे आने पर जोर दिया और कहा की महिलाएं सशक्त होंगी तो परिवार भी आगे बढ़ेगा इसलिए महिलाओं को बढ़-चढ़कर व्यवसाय, स्वरोजगार में आगे आना चाहिए। मौके पर काफी सँख्या में लोग उपस्थित थे।

### सिमडेगा एसडीपीओ ने नशीली पदार्थ की खरीद-बिक्री को लेकर की समीक्षा बैठक



**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस अब नशे की दवा, अवैध हथियार, अवैध अतिक्रमण, वाहन चोरी इत्यादि के विरूद्ध सक्रियता बढ़ा दी है। इस संबंध में एसडीपीओ सिमडेगा पवन कुमार द्वारा सिमडेगा थाना व पीसीआर के पदाधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए अधिसूचना संकलन कर कार्रवाई में तेजी लाने हेतू सख्त निर्देश दिया है, साथ ही आम जनता से भी अपील की गई है कि नशे का सेवन के खिलाफ डायरेक्ट एसडीपीओ के मोबाइल नंबर पर सूचना दें, सख्त कार्रवाई की जाएगी। नशा संबंधी मामले में युवक बहुत ही ज्यादा संलिप्त हो रहे हैं। सिमडेगा शहर में अभी कुछ ज्यादा देखने को मिल रहा है। हालांकि पुलिस संबंध संबंध में काफी नकेल कस रही है। लेकिन चोरी छुपे इसका कार्रवाई काफी तेजी से बढ़ रहा है। जिससे लोग काफी शिकार हो रहे हैं। नशीली पदार्थों के धंधेबाजों को सबक खिाना बहुत ही जरूरी है। इस संबंध में एसडीपीओ कार्यालय में एक मीटिंग का आयोजन किया गया और आवश्यक दिशानिर्देश देते हुए वरीय पदाधिकारी द्वारा भी स्वयं गश्ती व गश्ती का चेकिंग किए जानें की बात कही गई। इस मौके पर सम्बंधित पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सिमडेगा में उमस भरी गर्मी से बढ़ी लोगो मे परेशानी

**सिमडेगा।** जिले में इन दिनों उमस भरी गर्मी पड़ रही है। उमस भरी गर्मी से समुचा जिला बेहाल है। उसम भरी गर्मी ऐसी पड़ रही है कि पंखा और कूलर भी बेकार साबित हो रहा है। गर्मी के बीच कुछ समय के लिए बिजली कट जाने के बाद तो लोगों की परेशानी और ज्यादा बढ़ जाती है। तूफान का असर सिमडेगा में पड़ने एवं बारिश होने की संभावना व्यक्त किए जाने पर जिलेवासियों ने राहत मिलने की उम्मीद लगाई थी। लेकिन तूफान का जिले में कोई असर नहीं पड़ने के कारण चिपचिपाहट गर्मी का एहसास हुआ। लोग शाम होते ही घरों से बाहर निकले। लेकिन शाम में भी बाहर में गर्म हवा चलने के कारण लोगों को राहत नहीं मिली। इधर भीषण गर्मी की वजह से सिमडेगा के विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों में पंखा कूलर सहित अन्य सामानों की बिक्री में तेजी देखी जा रही है हालांकि इन सब सामानों को ले जाने का बावजूद लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल रही है और लोग गर्मी से काफी परेशान है।

**कोलेबिरा में दो दिवसीय 41 वां वार्षिक भोगता महासभा संपन्न**

# राजनीतिक दलों के अगुवा तक पहुंचे भोगता समाज की आवाज : मंगल सिंह




**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**
कोलेबिरा में 41 वां दो दिवसीय वार्षिक भोगता महासभा बुधवार को संपन्न हो गया। भोगता समाज विकास संघ भंवर पहाड़ गढ़ द्वारा आयोजित भोगता महासभा के समापन कार्यक्रम में खरवार भोगता समाज विकास परिषद दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल के अध्यक्ष सह भाजपा किसान मोर्चा के नेता मंगल सिंह भोगता ने कहा कि अब भोगता समाज जागरूक होने लगा है। भोगता समाज को एसटी का दर्जा मिलना सामाजिक एकजुटता और आंदोलन का परिणाम है। आधुनिकता और भौतिक वादी युग में कला संस्कृति परंपरा पर हो रहे अतिक्रमण पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि विलुप्त होते संस्कृति सभ्यता परंपरा के संरक्षण और संवर्धन के लिए भोगता समाज को सामूहिक संकल्प लेना होगा। नए पीढ़ी के युवाओं को समाज के सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराना होगा। उन्होंने कहा कि अजजा आरक्षित सीट से भोगता समाज की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए भंवर पहाड़ गढ़ से निकली आवाज केंद्र व राज्य स्तर तक राजनीतिक दल के अगुवा तक पहुंचना चाहिए। समापन समारोह में अतिथियों व प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष घुंसी सिंह, धनेश्वर सिंह, दिलेश्वर सिंह, जय श्री देवी, हीरा देवी, फिरंगी नाथ सिंह, विश्वनाथ प्रधान, भारत प्रधान, सुदर्शन भोगता, रूपधर सिंह, जयराम सिंह, कृष्णा प्रधान, वेद प्रकाश सिंह, राधिका लुकेश्वरी देवी, कमला देवी, निरंती देवी, पूणावंती देवी, सरस्वती देवी, सालनी देवी, सुचीता देवी आदि शामिल थे।

### जलापूर्ति को लेकर जिला स्तर पर क्यूआरटी टीम गठित

**कोडरमा ।** जिले में पेयजल की समस्या से निपटने के लिए डीसी मेघा भारद्वाज के निर्देश पर क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) का गठन बुधवार को किया गया है। टीम में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल कोडरमा के जेई दीपक कुमार, नगर परिषद झुमरी तिलैया के नगर प्रबंधक सतीश कुमार, नगर पंचायत कार्यालय कोडरमा के सीएमएम नगर मिशन प्रबंधक संजीत कुमार साहू, पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता, संबंधित नगर निकाय क्षेत्र के प्रशासक को रखा गया है। ये टीम पेयजल पाइप क्षतिग्रस्त होने, मोटर खराब होने के बाद समन्वय स्थापित कर त्वरित गति से अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराएगी। साथ ही जिन क्षेत्रों में पाइप लाइन अथवा अन्य कारणों से पेयजल की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है, वहां टैंकर को टैग करते हुए पेयजल आपूर्ति कराई जाएगी। इधर डीसी ने क्यूआरटी टीम के सभी सदस्यों को पूरी संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा गया है।

## नगर परिषद ने सिमडेगा में दूसरे दिन चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेग**
सिमडेगा नगर परिषद की ओर से बुधवार को बलपूर्वक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान बस स्टैंड सिमडेगा में कई लोगों के सामानों को जप्त कर उन पर फाइन लगाया गया, इसके अलावा झूलन सिंह चौक ,सदर अस्पताल ,गांधी मैदान, प्रिंस चौक सहित सभी आसपास के क्षेत्र में सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को मुक्त कराया गया। इस दौरान अंचल अधिकारी इम्तियाज अहमद ,नगर परिषद के प्रशासक सुमित कुमार महतो, सिटी मैनेजर आकाश डेविड सिंह सहित काफी संख्या में नगर परिषद के कर्मी एवं पुलिस बल शामिल रहे। वही दूसरा दिन अतिक्रमण हटा अभियान चलाए जाने के बाद सिमडेगा नेशनल हाईवे 143 के सड़क किनारे पूरी तरह से सड़क जाम मुक्त हो गया।

**महेश्वर राम बेसरा की जयंती के उपलक्ष्य में हॉकी व फुटबाल मैच की शुरूआत**

# समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत थे स्व.महेश्वर राम बेसरा



**नवीन मेल संवाददाता। सपाकरटांड**
प्रखंड के सिकरियाटांड बागडांड में गोंड़ समाज द्वारा शिक्षविद स्व महेश्वर राम बेसरा की जयंती स्मृति के उपलक्ष्य में 28 मई 5 जून 2024 तक महेश्वर समाजिक हाकी एवं फुटबॉल मैच का जिलास्तरीय टूर्नामेंट की शुरूआत हुई। खेल का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाज सेवी सह भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा के द्वारा किया गया। श्री बेसरा ने खेल का उद्घाटन खिलाड़ियों से मुलाकात कर एवं बॉल को किक मार कर किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्व. महेश्वर राम बेसरा ने गोंड समाज को 'दक्षिण छोटानागपुर गोंड़ महासभा' के अध्यक्ष और कार्यकर्ता के रूप में समाज को दशा और दिशा देने का काम जिवंत पर्यंत कार्य किया। उनकी जंयती के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष स्व महेश्वर राम बेसरा समिति बागटांड के द्वारा हॉकी फुटबॉल टर्नामेंट आयोजित कर उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दी जाती है। श्री बेसरा ने कहा कि समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहे और जिन्होंने अपना सर्वस्व न्यौछावर समाज के हित में कार्य करते रहे ऐसे हमारे महापुरुषों को खेल आयोजन करके खेल के माध्यम से सम्मान और श्रद्धांजलि दिया जाता हैं और उन्हें याद करते हैं। खेल हमारे जीवन के विकास के लिए अति आवश्यक है, खास कर हाकी खेल, जिसके कारण सिमडेगा जिला को हाकी नर्सरी के रूप में पहचान मिली है। समिति अध्यक्ष मोहन मांझी ने कहा कि भीष्ण गर्मी को देखते हुए मैच प्रत्येक दिन पुरवाह्न में 7 बजे से 10 बजे तक, अपराह्न में 4 बजे से 6 बजे के बीच खेला जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति अध्यक्ष मोहन मांझी, खेल समिति अध्यक्ष मदन प्रधान, सचिव बरजू मांझी, एवं सदस्य शम्भू बेसरा, बलदेव प्रधान, दीनानाथ बेसरा, अमरजीत प्रधान, फुलेश्वर प्रधान, जयंत प्रधान, रामप्रताप बेसरा बीरबल प्रधान संदीप मांझी आनंद प्रधान संदीप प्रधान इत्यादि समस्त ग्राम वासियों के द्वारा किया जा रहा है।

> खेल हमारे जीवन के विकास के लिए अति आवश्यक है, खास कर हाकी खेल, जिसके कारण सिमडेगा जिला को हाकी नर्सरी के रूप में पहचान मिली है

**जारूकता जरूरी**

**एएचटीयू पुलिस ने मानव तस्करी घरेलू हिंसा को लेकर की बैठक**

# क्षेत्र में पलायन सबसे बड़ी समस्या है : थाना प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**
प्रखंड के कोनमेंजरा पंचायत भवन में एएचटीयू थाना प्रभारी प्रदीप कुमार महतो के अध्यक्षता में बुधवार को एएचटीयू क्लब की एक बैठक की। बैठक में जिसमें मानव तस्करी, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, अनुसूचित जाति, अनूसूचित जन जाति मामले,सड़क सुरक्षा आदि के प्रति जागरूकता लाने पर विशेष ध्यान देने की बातें कही गई। थाना प्रभारी ने कहा कि इस क्षेत्र में पलायन एक बहुत बड़ी समस्या है और इसी की आड़ में यहां की भोली भाली किशोरी एवं युवतियों को बहला फुसलाकर महानगरों में ले जाकर उन्हें तस्करी का शिकार बना दिया जाता है जिसकी वजह से उनके साथ शोषण होता है और कई घटनाओं में हत्या जैसी सूचना भी प्राप्त होती हैं, ऐसा में हमें जागरुक होने की आवश्यकता है, ताकि हमारा क्षेत्र की कोई भी युवती पलायन का शिकार ना हो, अगर इस प्रकार का कोई भी सूचना मिलते हैं तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें ताकि पुलिस इस पर कड़ी कार्रवाई कर सके और इन पर जल्द से जल्द रोक लगाया जा सके। बैठक में एएचटीयू क्लब के सदस्य गण ठेठईटांगर प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, एससी एसटी थाना प्रभारी उपेंद्र रविदास, कोनमेंजरा मुखिया सुषमा बिलुंग, पंचायत समिति सदस्य कोनपाला अमित एक्का, पंचायत समिति सदस्य मेरोमडेगा रजनी बागे, कृषि मित्र धनेश्वर प्रधान, ग्राम प्रधान कोनमेंजरा कविराज सिंह, वार्ड सदस्य सहदेव गोड़, रेने टेटे, शाहबाज आदि सदस्य गण उपस्थित थे।

> कोई भी युवती पलायन का शिकार ना हो, अगर इस प्रकार का कोई भी सूचना मिलते हैं तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें

### अवैध ढिबरा लदे दो ऑटो जब्त, चालक फरार

**कोडरमा।** कोडरमा वन विभाग की टीम ने बुधवार की सुबह जयनगर रोड में अवैध ढिबरा लदे दो ऑटो को जब्त किया है। दोनों वाहन में एक टन ढिबरा लोड था। इसकी कीमत लगभग लाख रुपए बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार रेंजर को गुप्त सूचना मिली थी कि डोमचांच ढोलाकोला जंगल से ढिबरा लदे ऑटो तिलैया की ओर जा रहा है। इसके बाद वन विभाग की टीम जयनगर रोड के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया। वन विभाग की गाड़ी को देखते हुए ढिबरा लोड वाहन चालक अपनी वाहन को तेज गति से भगाने लगा। इस बीच जयनगर रोड की तरफ भगाने के दौरान सुधा स्वीट के समीप गाड़ी छोड़कर चालक फरार हो गया। वन विभाग की टीम ने ढिबरा लोड दोनों ऑटो को जब्त कर वन परिसर ले आयी।

**राष्ट्रीय मेल में छपी खबर का हुआ असर**

# खराब जल मीनार को कराया गया ठीक

**ग्रामीणों के कहने के बाद भी संवेदक ने किया गलत बोरिंग**

## जल मीनार से पानी नहीं मिलने से ग्रामीणों में रोष

**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग**
जल जीवन मिशन के तहत घरों तक नल से जल पहुंचाने के लिए कुरडेग प्रखण्ड के दरीडीह महुआटोली में जल मीनार लगाया गया है लेकिन इससे पानी नही मिलने से ग्रामीणों में रोष है। भीषण गर्मी में पानी की किल्लत को देखते हुए ग्रामीणों ने गाँव में खराब पड़े जल मीनार को चालू करवाकर पेयजल समस्या से निदान दिलवाने की मांग पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से की है



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग**
जल जीवन मिशन के तहत घरों तक नल से जल पहुंचाने के लिए कुरडेग प्रखण्ड के दरीडीह महुआटोली में जल मीनार लगाया था जिसके खराब रहने से ग्रामीणों को शुद्ध पेय जल नही मिल पा रहा था जिससे ग्रामीणों में भारी रोष था इस मामले को बुधवार को राष्ट्रीय नवीन मेल में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था खबर प्रकाशित होते है पेयजल एवं स्वच्छता विभाग हरकत में आ कर बुधवार को गाँव पहुंचकर जल मीनार को मरम्मत कर ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करा दिया ।गौरतलब हो पेय जल की समस्या की जानकारी जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैंकरा को मिलते गाँव का दौरा कर नाराजगी जाहीर करते हुए कहा था कि संवेदक की मनमानी का खमियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है साथ ही उन्होंने विभाग से अविलंब जल मीनार चालू कराकर ग्रामीणों को इस भीषण गर्मी में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की थी इधर शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो जाने पर ग्रामीणो ने जिला परिषद उपाध्यक्ष और विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## एक नजर

### टाटा कॉलेज एल्यूमिनी एसोसिएशन की बैठक

**जमशेदपुर।** टाटा कॉलेज चाईबासा के पूर्ववर्ती छात्र संघ ने बुधवार को एल्युमिनी एसोसिएशन कार्यालय में बैठक की। जिसमें एल्युमिनी एसोसिएशन के सात शासी निकाय एवं सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान महाविद्यालय के शैक्षिक समस्याओं से संबंधित 18 से 19 बिंदुओं पर गहन परिचर्चा हुई। कोल्हान विश्वविद्यालय के सिंडिकेट मेंबर डॉ। रणजीत प्रसाद की अध्यक्षता में यह बैठक संपन्न हुई। जिसमें कमान्डेन्ट पीके जारिका, अधिवक्ता एमकेआरपी जोंको, बाल किशोर बिरसा सिंकु, चैतन्य कुंकल, मानकी राय कुंकल शामिल हुए। इस दौरान शिक्षा में गुणवत्ता को लेकर गहन विचार विमर्श हुआ। सभी कॉलेजों का शैक्षणिक सत्र लगभग एक साल देरी से चल रहा, इस पर सुधार किया जाने का निर्णय लिया गया। कक्षा के व्याख्यान पाठ्यक्रम के अनुसार पूरे नहीं किए जाते हैं और स्व-अध्ययन के आधार पर परीक्षाएंआयोजित की जाती हैं, जो छात्रों के लिए एक स्वस्थ अभ्यास नहीं है। कॉलेज की लाइब्रेरी में छात्रों की संख्या के हिसाब से किताबों की कमी को दूर किया जाये। मौके पर आजीवन सक्रिय सदस्य मनजीत बोयपाई, शीतल ज्योत्सना पूर्ति, प्रियंका पिंगुवा, जनकी सिंकु, तुराम बिरवा, महोमी रॉय, रघुनाथ वीर बिरवा आदि शामिल हुये।

### कोल्हान विवि में कर्मचारियों की भारी कमी पठन-पाठन पर असर

**धनबाद।** कोल्हान विश्वविद्यालय एवं इसके अधिनस्थ अंगीभूत कालेजों में साल-दर-साल छात्र-छात्राओं की संख्या बढ़ती जा रही है, लेकिन शिक्षकेतर कर्मचारियों की संख्या दिनों दिन घटती जा रही है। इससे विश्वविद्यालय समेत कॉलेजों में कामकाज प्रभावित हो रहा है। साथ ही शिक्षक शिक्षिकाओं को गैर शैक्षणिक कार्य भी करने पड़ रहे हैं। फलस्वरूप कॉलेजों में पठन-पाठन भी प्रभावित हो रहा है। ऐसे में नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को पूरा करने को लेकर विश्वविद्यालय समेत कॉलेजों की चिंता बढ़ गई है। हालांकि विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने बताया कि तृतीय वर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए विश्वविद्यालय की ओर से सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। वहीं चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की बहाली आउटसोर्सिंग से होनी है, अतः इसके लिए फंड की आवश्यकता है। एजेंसी के लिए आगामी छह जून के बाद निविदा आमंत्रित की जायेगी।

### विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल में एकदिवसीय समर स्पेशल कैंप आयोजित

**चाईबासा।** मानगो स्थित विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल में एकदिवसीय ड्रामा समर स्पेशल कैंप का आयोजन किया गया। इसमें ड्रामा में रूचि रखने वाले विद्यालय के आठवीं, नौवीं और 10वीं क्लास के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कैंप में केवल विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल के ही छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। यह आयोजन स्कूल के शिक्षक मो शाहनवाज की पहल पर विद्यालय प्रधानाध्यापक डॉ निधि श्रीवास्तव के दिशा-निर्देशन में किया गया। कैंप में बतौर प्रशिक्षक गीता थिएटर के प्रेम दीक्षित, गीता कुमारी एवं समीर नंदन शामिल हुए। उन्होंने छात्र-छात्राओं के बीच अपने अनुभव साझा करते हुए ड्रामा से जुड़े गेम एवं गतिविधियों का संचालन किया। इसके बाद 16-16 सदस्यों की दो टीम (आग व पानी) बना कर नाटक बनाने का कार्य दिया गया। इसके लिए उन्हें 30 मिनट का समय दिया गया था। टीम आग को गीता कुमारी एवं टीम पानी को समीर नन्द ने निर्देशित किया। दोनों टीमों की ड्रामा प्रदर्शनी के बाद स्कूल की ओर से गीता थिएटर के कलाकारों को सम्मानित करते हुए उनके प्रति आभार जताया गया।

# बिरनी में वन विभाग ने किया अवैध आरा मिल को ध्वस्त

**जब्त की गई मशीन और लकड़ी**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरीडीह**

बिरनी थाना के भरकट्टा ओपी क्षेत्र के भलुआ में अवैध आरा संचालित कर रहे।। जिसमें गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग ने बुधवार को भलुआ में अवैध आरा मिल को ध्वस्त करके लकड़ी जब्त करके ले गया।। वन क्षेत्र पदाधिकारी वनपाल सागर विश्वकर्मा ने बताया कि इस कार्यवाही गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई।। जिसमें अवैध आरा मिल और लकड़ी को जब्त करके क्षेत्रीय कार्यालय ले गया।। साथ मे बताया कि अवैध आरा संचालन अर्जुन विश्वकर्मा द्वारा संचालित किया जा रहा था।।बताया कि वन क्षेत्र पदाधिकारी श्री संजीव कुमार रवि के आदेश पर छापेमारी किया गया।। इस टीम में मौके पर वनपाल रोहित कुमार पनुरी, संजयकान्त यादव, सुमित कुमार सिंह, सुरुचि कुमारी, एंथोनी हेंब्रम, अन्नू सोरेन , दीपक कुमार , सूरज चौधरी , एवम गिरिडीह वन प्रक्षेत्र के सभी कर्मी एवम पारसनाथ वन प्रक्षेत्र के वनकर्मी उपस्थित थे ।

### युवक की तोपचांची झील में डूबने से मौत

**धनबाद।** तोपचांची झील घूमने आए धनबाद के एक युवक की बुधवार को झील में नहाने के क्रम में डूबने से मौत हो गई। युवक की पहचान भूली मोड़ डायमंड क्रॉसिंग निवासी 25 वर्षीय आबिद खान के रूप में हुई। उसके दोस्तों ने बताया कि टोटो पर चार साथी तनवीर खान, जफर हुसैन, दानिश कुरैशी व आबिद खान झील घूमने आए थे। सभी दोस्त झील में नहाने के लिए उतर गए। आबिद गहरे पानी में चला गया और डूब गया। यह देख बाकी दोस्तों ने शोर मचाया, लेकिन कोई बचाने नहीं आया। बाद में इसकी सूचना तोपचांची थाना को दी गई। पुलिस ने झील पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से डूबे युवक को ढूंढने के प्रयास में जुट गई है। इधर, स्थानीय लोगों ने बताया कि तोपचांची झील की सुरक्षा भगवान भरोसे है।

## भू-माफिया पर फर्जी डीड-म्यूटेशन बनाकर 5 एकड़ भूमि की रजिस्ट्री कराने का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। आदित्यपुर**

भू-माफियाओं ने फर्जी डीड-म्यूटेशन बनाकर 5 एकड़ भूमि की रजिस्ट्री करा ली है। यह मामला उपायुक्त के पास पहुंचा है। एक भू-माफिया ने फर्जीवाड़ा कर 5 एकड़ भूमि की फर्जी डीड तैयार कराई और उसका म्यूटेशन एवं रजिस्ट्री भी करा ली। इस मामले की जांच की मांग करते हुए जनप्रतिनिधियों ने लिखित शिकायत उपायुक्त से की है। जानकारी के अनुसार सरायकेला जिले के मुड़िया मौजा अंतर्गत खाता नंबर 63, प्लॉट संख्या 235, कुल रखवा 5 एकड़ 11 डिसमिल है। उसे भू-माफियाओं ने सरायकेला रजिस्ट्री कार्यालय में दाखिल कर 9 अप्रैल को रजिस्ट्री करायी है, जिसका केस संख्या 54/ 24-25 है। उक्त प्लॉट का भू-माफियाओं ने सरायकेला अंचल में दाखिल खारिज आवेदन भी दिया है। मामला गम्हरिया प्रखंड उप प्रमुख कैय्याम हुसैन के पास पहुंचने के बाद उन्होंने सरायकेला अंचल अधिकारी को पत्र लिखकर दाखिल खारिज रद्द करने की मांग की है। लेकिन अंचल कार्यालय द्वारा इन्हें कोई ठोस जवाब नहीं दिया गया है। इस मामले को लेकर उप प्रमुख ने पूरे घटनाक्रम की लिखित शिकायत सरायकेला उपायुक्त से की है। अंचल कार्यालय से उक्त जमीन की म्यूटेशन करने को लेकर रैयतदार अनिता देवी को एक नोटिस पत्र बिना पत्रांक दिनांक के दिया गया है। उप प्रमुख ने बताया कि उक्त नोटिस में प्रधान लिपिक का हस्ताक्षर नहीं है, जो जांच का विषय है। पूरे मामले में उप प्रमुख ने जांच कर संबंधित दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने की भी मांग की है।

## मागुरदा गांव में गहराया जल संकट

**नवीन मेल संवाददाता। चक्रधरपुर**

भीषण गर्मी में चक्रधरपुर प्रखंड की हतनाताडांग पंचायत के मागुरदा गांव में स्थानीय ग्रामीण पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। समस्या को लेकर विभाग के प्रति ग्रामीणों में व्याप्त नाराजगी है। गांव में लगा सोलर जलमीनार व चापाकल पिछले चार महीने से खराब है जिसे लेकर पीने के पानी के लिए लोगों को लंबी दूरी तय कर दूसरे गांव में जाना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ। विजय सिंह गागराई को दी गई।सूचना मिलने पर समाजसेवी डॉ। विजय सिंह गागराई गांव पहुंचे और गांव में पानी की समस्या से अवगत हुये। ग्रामीणों ने बताया कि भीषण गर्मी में गांव के तालाब व नाला पूरी तरह सूख चुका है। वहीं पीने के साफ पानी के लिए स्थानीय ग्रामीणों को मशक्कत करना पड़ रहा है। गांव के सुरेन्द्र बोदरा के घर के समीप लगा चापाकल व सोलर जलमीनार खराब पड़ा है। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं वहीं विभाग भी इस ओर मौन बैठा है। इस कारण ग्रामीण परेशान है। गांव में पानी की समस्या सुनने पर समाजसेवी डॉ। विजय सिंह गागराई ने ग्रामीणों से कहा कि जल्द से जल्द खराब पड़े चापाकल व सोलर जलमीनार को ठीक कराया जाएगा, ताकि पानी के लिए ग्रामीणों को भटकना न पड़े। इसके बाद डॉ। विजय सिंह गागराई ने गांव के मुंडा व ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त पत्र लेकर सीधे चक्रधरपुर के पेयजल विभाग कार्यालय पहुंचे। जहां पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रभु दयाल मुंडा से मुलाकात कर मामले को अवगत कराया। वहीं ग्रामीणों द्वारा दिये गये पत्र को भी सौंपते हुए जल्द से जल्द खराब चापाकल ठीक कराने की मांग की। समाजसेवी डॉ। विजय सिंह गागराई ने कहा कि अगर जल्द से जल्द चापाकल व सोलर जल मीनार को ठीक नहीं कराया जाता है तो इसकी शिकायत वरीय पदाधिकारी से की जाएगी।

**भीषण गर्मी में गांव के तालाब व नाला पूरी तरह सूख चुके हैं, वहीं पीने के साफ पानी के लिए स्थानीय ग्रामीणों को मशक्कत करनी पड़ रही है**



## किरीबुरु-मेघाहातुबुरु का तापमान 40 डिग्री के पार

**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**

एशिया का सबसे बडा साल का जंगल सारंडा की सबसे ऊंची चोटी पर बसा किरीबुरु-मेघाहातुबुरु शहर में पहली बार तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया है। इस भीषण गर्मी की वजह से आम जनता के साथ-साथ वन्यप्राणी व पालतू जानवर तक परेशान व त्रस्त हैं। लोगों को समझ में नहीं आ रहा है कि अब वह जायें तो कहां जायें। क्योंकि किरीबुरु में अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा फिर भी गर्मी काफी कम पड़ती रही है। अब ऐसा नहीं है।

**खुद को खतरे में पा रहे हैं लोग**

लगातार बढ़ते तापमान एवं घटते जलस्तर से लौहांचल एवं सारंडा के गांवों में रहने वाले लोग खुद को खतरे में पा रहे हैं। इसके लिए खादान प्रबंधनों, सरकार एवं वन विभाग की गलत नीतियों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। सारंडा वासी अचरज से कहते हैं- इतनी गर्मी पहले कभी नहीं देखी।

**चेक डैम व तालाब बनाने की मांग**

सारंडा के लोग कारो एवं कोयना नदी का पानी का उपयोग पेयजल व कृषि के रुप में करते हैं। सैकड़ों गांवों के लोग इन्हीं नदियों पर आश्रित हैं। कारो एवं कोयना नदी मनोहरपुर क्षेत्र में आपस में मिलती है। अब दोनों नदी का पानी सुखने लगा है। एक बड़ी आबादी के सामने पानी का समस्या है। अगर यही स्थिति रही तो लोग पलायन करने लगेंगे। पानी नहीं रहेगा तो खादान व फैक्ट्रियों के बंद होने से भी कोई नहीं बचा सकता है। लोगों की मांग है कि सारंडा में तमाम खादानों के चारों तरफ व अन्य क्षेत्रों में लार्ज व मास स्केल पर कुछ-कुछ दूरी पर सिरीज में स्थायी चेकडैम तमाम बनाया जाये। प्राकृतिक जल श्रोतों, नदी, नालों पर बनाने के साथ समतल क्षेत्र व गांवों में चेकडैम, कुआं व तालाब का निर्माण कराना किया जाये। अन्यथा सारंडा की स्थिति भयावह होगी। सारंडा में वर्षा का पानी के ठहराव की कोई सुविधा नहीं है। नदी-नाला में लौह चूर्ण व मिट्टी भरने से वर्षा का पानी पहाड़ों से सीधे निचे उतर सीधे बहकर बाहर चला जा रहा है। जिससे ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज नहीं हो पा रहा है। सारंडा के तमाम प्राकृतिक जल श्रोतों पर 6-7 फीट की सिरिज चेकडैम बनाना होगा एंव चेकडैमों की नियमित साफ सफाई व मेन्टेनेंस करना होगा।



**पानी नहीं रहेगा तो खादान व फैक्ट्रियों के बंद होने से कोई नहीं बचा सकता है**

## मिश्रीलाल जैन ग्रुप को पराजित कर सेरसा चक्रधरपुर सुपर डिवीजन में

**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**



झारखण्ड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वावधान में पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर संस्थानिक लीग के अंतर्गत बुधवार को खेले गए मैच में सेरसा चक्रधरपुर ने मिश्रीलाल जैन ग्रुप चाईबासा को 48 रनों से पराजित कर न सिर्फ पूरे चार अंक हासिल किए, बल्कि अपने दोनों लीग मैच जीतकर आठ अंकों के साथ सुपर डिवीजन में खेलने की पात्रता भी हासिल कर ली। चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए आज के मैच में टॉस मिश्रीलाल जैन ग्रुप के कप्तान सिद्धार्थ राज सिन्हा ने जीता तथा विपक्षी टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सेरसा चक्रधरपुर ने निर्धारित बीस ओवर में आठ विकेट खोकर 214 रन बनाए। सबसे अच्छी बल्लेबाजी हेमंत नायक ने की। जिसने मात्र 27 गेंदों का सामना करते हुए तीन चौकों तथा चार छक्कों की मदद से 49 रन बनाए और मात्र एक रन से अर्धशतक बनाने से चूक गया। निचले क्रम पर बल्लेबाजी करने आए हिमांशु शर्मा ने भी मात्र 18 गेंदों पर पांच चौकों एवं दो छक्कों की सहायता से 41 रनों की आक्रामक पारी खेली और अंत तक आउट नहीं हुआ। उद्घाटक बल्लेबाज कमल गोप ने 33 रन, ए पवन कुमार ने 27 रन तथा नमन जैन ने 22 रन बनाए। मिश्रीलाल जैन ग्रुप की ओर से आमर्त्य चौधरी ने 34 रन देकर 3 विकेट तथा साकेत कुमार सिंह ने 10 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। अभिषेक अग्रवाल, गौरव सिंह एवं शुभम दुबे को एक-एक सफलता हाथ लगी। जीत के लिए निर्धारित बीस ओवर में 215 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मिश्रीलाल जैन ग्रुप की पूरी टीम 19.4 ओवर में 166 रन बनाकर आल आउट हो गई और 48 रनों से मैच गंवा बैठी। इस टीम की ओर से अभिषेक अग्रवाल ने छह चौकों एवं दो छक्कों की मदद से मात्र 20 गेंदों का सामना करते हुए 46 रन बनाए।

# धनबाद लोकसभा क्षेत्र की मतगणना 8 बजे शुरू होगी

## काउंटिंग हाल में मोबाइल व खाद्य सामग्री ले जाने पर रोक



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

धनबाद लोकसभा क्षेत्र की मतगणना 4 जून को कृषि उत्पादन बाजार समिति में मनाए गए काउंटिंग स्थल पर होगी। इसकी तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है। काउंटिंग एजेंट की मौजूदगी में सुबह 6.30 बजे स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। इसके बाद सुबह 8 बजे से विधानसभा वार धनबाद, निरसा, सिंदरी, झरिया, बोकारो व चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र की मतगणना शुरू होगी। काउंटिंग हाल में मोबाइल फोन व खाद्य पदार्थ ले जाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। यह जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह धनबाद की डीसी माधवी मिश्रा ने बुधवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व निर्दलीय उम्मीदवारों के साथ बैठक में दी। उन्होंने बताया कि काउंटिंग में धनबाद, निरसा, सिंदरी, झरिया व चंदनकियारी विधानसभा के लिए 20- 20, जबकि बोकारो के लिए 24 टेबल होंगे। एक आरो का टेबल रहेगा। सबसे पहले पोस्टल बैलट की काउंटिंग 40 टेबल पर की जाएगी। काउंटिंग एजेंट की सूची एक जून तक दें उम्मीदवार उपायुक्त ने कहा कि सभी उम्मीदवार अपने काउंटिंग एजेंट की सूची एक जून की शाम 5 बजे तक जिला प्रशासन को उपलब्ध करा दें। इसमें यह भी उल्लेख करना होगा कि कौन एजेंट किस विधानसभा के किस टेबल पर रहेंगे। 2 जून को एजेंटों का फोटो युक्त आई कार्ड जारी किया जाएगा। पोस्टल बैलट के लिए पुराने समाहरणालय के ट्रेजरी में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। 4 जून को सुबह 6 बजे ट्रेजरी से काउंटिंग एजेंट के सामने मजिस्ट्रेट, पुलिस फोर्स के साथ जीपीएस लगे वाहन में पोस्टल बैलट कृषि बाजार समिति पहुंचाया जाएगा। धनबाद, झरिया व निरसा के लिए काउंटिंग ऑब्जर्वर के। थवसीलन, जबकि सिंदरी, बोकारो व चंदनकियारी के लिए काउंटिंग ऑब्जर्वर डीजे वसावा बनाए गए हैं। हर काउंटिंग टेबल पर एक माइक्रो आब्जर्वर भी मौजूद रहेंगे। प्रत्येक राउंड की गिनती की इनकोर पर ऑनलाइन एंट्री की जाएगी। बैठक में आरओ सेल के नोडल पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला, भाजपा के नरेन्द्र त्रिवेदी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष सिंह के अलावा अन्य उम्मीदवार मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### ट्रक में लदे मवेशियों को छोड़कर भागा चालक, ग्रामीणों ने पिलाया पानी



**चाईबासा।** कशीदा पंचायत के गाहनडीह गांव के ग्रामीण एवं घाटशिला थाना पुलिस ने बुधवार को मवेशियों के प्रति मानवता की मिसाल पेश की है। बिहार के आरा से कोलकाता एक ट्रक में लादकर 11 दुधारू गाय एवं चार बछड़े को ले जाया जा रहा था। ट्रक का गैस पाइप अचानक गहनडीह गांव के पास फट जाने के कारण व्यापारी तथा चालक ट्रक सहित मवेशियों को छोड़कर भाग गए। प्रचंड गर्मी में ग्रामीणों की निगाह तड़पते मवेशियों पर पड़ी तो ग्रामीणों ने घाटशिला थाना को सूचना दी। सूचना पर थाना प्रभारी मधुसूदन डे ने दल-बल के साथ गाहनडीह गांव पहुंचे। ग्रामीणों ने मवेशियों को ट्रक से किसी तरह नीचे उतारा। जिसके बाद उनके लिए पानी तथा चारा की व्यवस्था की। इस क्रम में एक बछड़े की मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रक पर लिखे मोबाइल नंबर से संपर्क किया गया। लेकिन इन मवेशियों का वास्तविक मालिक मौके पर नहीं पहुंचा। जिसके बाद चाकुलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गौशाला पिंजरा पॉल सोसाइटी शाखा चाकुलिया से संपर्क कर मवेशियों के भेजने की भी व्यवस्था की गई।

### कोल्हान जंगल में वन अधिकारियों ने ग्रामीणों को किया जागरूक



**चाईबासा।** विश्व पर्यावरण दिवस 2024 के श्रृंखला वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को कोल्हान वन प्रमंडल के वन प्रमंडल पदाधिकारी के निर्देशानुसार सैतवा वन क्षेत्र के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुलकेरा गांव में लोगों को जंगल के अवैध गतिविधि जैसे पातन, शिकार, अतिक्रमण, जंगल की आग रोकथाम के संबंध में जानकारी दिया गया। उससे होने वाले लाभ और उसकी जरुरतों को समझाया गया तथा पर्यावरण को बचाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। अंत मे शपथ दिलाकर पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया। मौके पर वन विभाग के कई पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

### आदिवासी एसोशिएशन के कलाकारों को मिला दूसरा स्थान

**किरीबुरु।** महाराष्ट्र के पुणे में राष्ट्रीय स्तर के छह दिवसीय भारत उत्सव2024 में आदिवासी एसोसिएशन कला केंद्र नोवामुंडी के कलाकारों ने आदिवासी पारम्परिक समूह नृत्य पेश कर अपनी संस्कृति का जादू से दर्शकों व निर्णायक मंडली को मंत्रमुग्ध कर दिया। झारखंड के नन्हें कलाकारों ने जब हो समूह नृत्य अपनी परम्परागत वेशभूषा में प्रस्तुत किया तब अंतरराष्ट्रीय नृत्य परिषद पेरिस के जजों की टीम ने खूब थालियां बजायीं और आखिल लोक कला सांस्कृतिक संस्थान पुणे तथा प्रतियोगिता कला केंद्र अन्नाभाऊ पदमावटी, पुणे (महाराष्ट्र) की जज मंडली द्वारा थाईलैंड के लिये चयन किया गया। प्रशिक्षक बापी कुमार के निर्देशन में कोल्हान के सुमित लागुरी, राईमुनी बारजो, तानिशा हेंब्रम, पल्लवी कुम्भकार, गुरूचरण सिरका, आरती ताँती, चंद्रिका प्रधान, रचना पुरती और सुप्रिया सीट ने राष्ट्रीय स्तर पर मनोरम समूह नृत्य पेश किया। आदिवासी एशोसिएशन के अध्यक्ष घनश्याम हेंब्रम, सलिल बिरूवा, मानकी सुरेंद्र चातोम्बा आदि ने कला केंद्र के कलाकारों की सफलता पर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं और नोवामुंडी में आदिवासी एशोसिएशन की ओर से कलाकारों का काफी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।

### केंद्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु के प्राचार्य को आयुक्त ने किया सम्मानित



**चाईबासा।** केन्द्रीय विद्यालय संगठन रांची संभाग की आयुक्त ने केन्द्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु के प्राचार्य डा। आशीष कुमार को सम्मानित किया है। 29 मई को रांची में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्हें प्रशंसा प्रमाण पत्र दिया गया। इस वर्ष कक्षा 10वीं और 12वीं में शत फीसदी परिणाम के मद्देनजर उन्हें यह सम्मान दिया गया है। प्राचार्य ने इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के तमाम छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ-साथ विद्यालय के चेयरमैन को धन्यवाद दिया ।

### आदर्श मध्य विद्यालय देवगांव का आठवीं बोर्ड में 92 प्रतिशत रहा परिणाम




**चक्रधरपुर।** झारखंड अधिविद्य काउंसिल द्वारा आठवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। चक्रधरपुर के केन्दो पंचायत स्थित आदर्श मध्य विद्यालय देवगांव का परिणाम इस वर्ष 92 प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार महतो ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विद्यालय के कुल 155 छात्र, छात्राओं ने काउंसिल द्वारा आयोजित आठवीं बोर्ड परीक्षा में निबंधन कराया था। जिसमें 153 बच्चों ने परीक्षा दी थी। जैक द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम में 155 बच्चों में 142 बच्चे उतीर्ण घोषित हुए। जबकि 11 असफल तथा 2 अनुपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक ने बताया कि सभी बच्चे ग्रेड ए तथा ग्रेड ए प्लस हासिल किए हैं। विद्यालय के परीक्षा परिणाम पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया।अच्छे परिणाम के लिए सभी बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

# रिकॉर्ड गर्मी और बिजली की मांग का हो समाधान

**देश** के गर्म इलाकों की क्या ठंढे प्रदेश भी बिजली की मांग और गर्मी का रिकॉर्ड बना रहे हैं जिसका समाधान ढूंढ़ने का समय है। देश के कई हिस्सों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच रहा है। अमेरिकी गैर-लाभकारी संस्था बर्कले अर्थ के डाटा से पता चलता है कि मई, 2024 दुनिया के अब तक के इतिहास में सबसे गर्म मई है। इन दिनों पूरे उत्तर-पश्चिमी भारत में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। दिल्ली, गुरुग्राम, हरियाणा, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश में अधिकतम तापमान इस सच्चाई को साफ बयान कर रहे हैं। लू लगने और गर्मी जनित बीमारियों की वजह से अस्पतालों के बाह्य रोगी विभाग में पहुंचने वाले मरीजों की संख्या बढ़ गई है। पूरे एशिया में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ रही है। वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन ग्रुप के एक नए अध्ययन से पता चला है कि जलवायु परिवर्तन ने अप्रैल-मई में पूरे एशिया में हीटवेव्स को बढ़ा दिया था, जिससे अरबों लोग प्रभावित हुए। अप्रैल-मई में, एशिया के कई क्षेत्रों में अब तक के सबसे गर्म दिन दर्ज किए गए। म्यांमार, लाओस, वियतनाम और फिलीपीन में अभूतपूर्व उच्च तापमान देखा गया। भारत के कई हिस्सों में दोपहर का तापमान 46-48 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया, जबकि युद्धरत फलस्तीन और इस्राइल को भी 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक की गर्मी का सामना करना पड़ा है। जाहिर है, जलवायु परिवर्तन ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। रिकॉर्ड तोड़ गर्म महीनों का सिलसिला जारी रहा, तो गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले एशियाई लोगों के लिए जीवनयापन मुश्किल हो जाएगा। क्लाइमेट सेंट्रल ने कहा है कि भारत में 54.3 करोड़ लोगों को अप्रैल-मई के दौरान कम से कम एक दिन भीषण गर्मी का अनुभव होगा। साथ ही दिल्ली में तो गर्मी और लू कहर बरपा रही है। जर्मन वॉच द्वारा जारी 'ग्लोबल क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स' यानी वैश्विक जलवायु संकट सूचकांक के अनुसार, भारत अत्यधिक गर्मी की मार झेल रहा है। ग्लोबल क्लाइमेट शिफ्ट इंडेक्स (सीएसआई) के अनुसार, मई के दौरान जो गर्मी पड़ रही है, वह क्लाइमेट चेंज की वजह से सामान्य से तीन से छह डिग्री सेल्सियस अधिक है। यदि जलवायु परिवर्तन नहीं होता, तो तापमान तीन से छह डिग्री कम रहता। जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र का अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) अपनी रिपोर्ट में बार-बार बता रहा है कि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी नहीं आई, तो 50 साल के अंदर एक तिहाई इन्सानों पर 'लगभग असहनीय' गर्मी की मार पड़ेगी। प्रोसिडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऐंड साइंसेज जर्नल में कुछ साल पहले की गई यह भविष्यवाणी अब साफ तौर पर हकीकत में बदलती नजर आ रही है कि 'लगातार बढ़ते तापमान के कारण 3.5 अरब लोगों को उस आबोहवा से वंचित होना पड़ेगा, जिसका इन्सान पिछले 6,000 साल से आदी रहा है। 'दुनिया की लगभग एक तिहाई आबादी को आश्रय देने वाला भूभाग (एशिया) ग्लोबल वार्मिंग के चलते सहारा क्षेत्र के सबसे गर्म हिस्सों जितना गर्म हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, अब अगर दुनिया के सभी देश अपनी वर्तमान उत्सर्जन-कटौती प्रतिज्ञाओं ( एनडीसी) को पूरा कर भी लें, तो दुनिया इस शताब्दी में किसी न किसी समय ग्लोबल वार्मिंग के 2.5 और 2.9 डिग्री स्तर के बीच के तापमान तक पहुंच जाएगी। इन्सानी गतिविधियों ने जलवायु को इतना गर्म कर दिया है, जो कम से कम पिछले 2,000 वर्षों में सबसे अधिक है और पिछला दशक 125,000 वर्षों में से सबसे गर्म दशक था। धरती की गर्मी अपने में सोख कर समुद्र भी गर्म होकर उबल रहे हैं, विशेषकर हिंद महासागर। हिंद महासागर का तापमान अब तक की रफ्तार से कहीं ज्यादा तेजी से बढ़ रहा है। लगातार बढ़ने से इसकी सतह का तापमान साल भर 28 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने का अनुमान है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि पहले हिंद महासागर में अत्यधिक गर्मी के हर साल 20 दिन होते थे, लेकिन बहुत जल्द ये दस गुना बढ़ जाएंगे। अब हर वर्ष अत्यधिक गर्मी के दिन 220 से 250 हो जाएंगे।धरती से लेकर समुद्र तक अत्यधिक गर्मी की मार झेल रहे हैं। भीषण गर्मी समाज के हर वर्ग को, हर जीव-जंतुओं के जीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। हालांकि अलग-अलग लोगों और जीवों पर इसका असर अलग अलग पड़ता है, लेकिन सबसे ज्यादा प्रभावित समाज के गरीब और वंचित तबके के लोग होते हैं।

इन दिनों

# राजनीतिक विसंगतियों से बचे नई लोकसभा





ललित गर्ग

**अठारहवीं** लोकसभा के गठन के लिये हो रहे चुनाव अब अन्तिम चरण में हैं। अब चुनाव परिणामों पर सबकी निगाहें लगी है, इसी के साथ नयी लोकसभा कैसी हो, किस तरह से राजनीतिक विसंगतियों से उसे बचाकर एक नये आदर्श लोकसभा का गठन हो, ताकि आजादी का अमृतकाल स्वर्णिम एवं सार्थक बन सके। वर्ष 2047 तक भारत की यात्रा परिवर्तन, संभावनाओं एवं अवसरों से भरी है। व्यापक लोकतांत्रिक सुधारों, समग्र विकास, आर्थिक संभावनाओं का लाभ उठाकर एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं विकसित राष्ट्र का सपना साकार किया जा सकता है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिये प्रतिबद्धता, रणनीतिक योजनाओं, सही समन्वय एवं नयी लोकसभा के सदस्यों के आपसी संवाद की अपेक्षा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमृतकाल की पूर्णता तक पहुंचने से पहले देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। वर्तमान में भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र एक जीवित तंत्र है, जिसमें सबको समान रूप से अपनी-अपनी मान्यताओं के अनुसार चलने की पूरी स्वतंत्रता होती है। लोकतंत्र की नींव जनता के मतों पर टिकी होती है। नागरिकों की आशा-आकांक्षाओं के अनुरूप प्रशासन देने वाला, संसदीय प्रणाली पर आधारित इसका मजबूत संविधान है। लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों के टूटते-बिखरते की स्थितियों और राजनीतिक प्रक्रिया के कारण आम लोगों में अरुचि और अलगाव बहुत साफ दिखाई देता है, इसके कुछ और भी अनेक कारणों में मुख्य है- समानता लोकतंत्र का हृदय है, लेकिन असमानता ही चहूं ओर दिखाई दे रही है। वोटों के गलियारे में सत्ता के सिंहासन तक पहुंचने की होड और येन-केन-प्रकारेण वोट बटोरने के मनोभाव ने इस उन्नत शासन प्रणाली को कमजोर किया है, जिसकी झलक इन चुनावों में हमने बढ़-चढ़ कर देखी है। नई संसद को लेकर विमर्श प्रारंभ हो गया है और होना भी चाहिए। यह भी याद रखना जरूरी है कि आज भारत का हर नागरिक विश्व में अपने देश के सम्मान को लेकर गौरवान्वित है। देश के भविष्य को लेकर वह काफी आशावान है। दुनिया की तीसरी आर्थिक व्यवस्था बनने को लेकर उत्साहित है। इनकी आशाओं पर खरा उतरने की चुनौती आम चुनावों में सफल होकर प्रधानमंत्री और सांसद बनने वालों के सामने है। इसमें दो राय नहीं कि सकारात्मक नेतृत्व ही व्यक्ति और राष्ट्र को नई प्रेरणा देता है। ऐसे में नवनिर्वाचित सांसदों को सक्रिय संवाद की परम्परा को पुनर्जीवित करने का प्रयास दलगत राजनीति से ऊपर उठकर करने की अपेक्षा है। इसी से निर्वाचित प्रतिनिधियों की साख एवं स्वीकार्यता बढ़ेगी एवं इसीसे भारत के लोकतंत्र को अपेक्षित गरिमा एवं जीवंतता मिल सकेगी। नयी गठित होने वाली लोकसभा के सामने यह बड़ी चुनौती है। यह चुनौती बड़ी इसलिये है कि राजनीति का वह युग बीत चुका जब राजनीतिज्ञ आदर्शों पर चलते थे। आज हम राजनीतिक दलों की विभीषिका और उसकी अतियों से ग्रस्त होकर राष्ट्र के मूल्यों को भूल गए हैं। भारतीय राजनीति उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। चारों ओर भ्रम और मायाजाल का वातावरण है। भ्रष्टाचार और घोटालों के शोर और किस्म-किस्म के आरोपों के बीच देश ने अपनी नैतिक एवं चारित्रिक गरिमा को खोया है। मुद्दों की जगह अभद्र टिप्पणियों ने ली है। व्यक्तिगत रूप से छींटाकशी की जा रही है। कई राजनीतिक दल तो पारिवारिक उत्थान और उन्नयन के लिये व्यावसायिक संगठन बन चुके हैं। सामाजिक एकता की बात कौन करता है। आज देश में भारतीय कोई नहीं नजर आ रहा क्योंकि उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय, महाराष्ट्रीयन, पंजाबी, तमिल की पहचान भारतीयता पर हावी हो चुकी है। वोट बैंक की राजनीति ने सामाजिक व्यवस्था को क्षत-विक्षत करके रख दिया है। ऐसा लगता है कि सब चोर एक साथ शोर मचा रहे हैं और देश की जनता बोर हो चुकी हैं। लोकतंत्र में जनता की भागीदारी केवल वोट देने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। जनता के स्वतंत्र लिखने, बोलने और करने की स्वतंत्रता का हनन करने वाले शासकों ने इस शासन प्रणाली को ही धुंधला दिया है। शासक ही सोचेगा, शासक ही बोलेगा और शासक ही करेगा- ऐसी घोषणाओं के द्वारा शासक ने जनता को पंगु, अशक्त और निष्क्रिय बनाया है इसका खासतौर से मध्यवर्ग, कामकाजी प्रोफेशनल्स और युवा आबादी में गहरा असंतोष है। शायद यही वजह है कि आज मुश्किल से ही कोई ऐसा व्यक्ति मिलता है, जिसकी राजनीतिक प्रक्रिया का हिस्सा बनने में कोई दिलचस्पी हो। गौरतलब है कि शहरीकरण और इकनॉमिक ग्रोथ के साथ-साथ ऐसे लोगों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। एक तरह से लोकतंत्र जैसी स्वस्थ और आदर्श शासन प्रणाली भी प्रश्नों के घेरे में है। अब आवश्यकता इस बात की भी है कि देश में लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास हो और मतदान के साथ-साथ नागरिक सजगता का भी विकास हो। लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाने, चुनाव की खामियों को दूर करने एवं नये लीडर उभारने के प्रयास करने होंगे। आम जनता की सजगता नयी बनने वाली सरकार एवं नये सांसदों की नीतियां और नियत क्या है इस पर भी केन्द्रित हो। वोट देने के बाद हमारे शासक कर क्या रहे हैं, इस पर नजर रखे बिना सजगता संभव नहीं है। सोशल मीडिया में भीड़ है, वह तख्ता पलट तो कर सकती है लेकिन उसके बाद का काम नहीं कर सकती। लिहाजा मतदान पहला कदम है अंतिम नहीं। लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिये जरूरी है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी से सरकार बनें और सही तरीके से चले भी। अच्छे लोग राजनीति में रूचि नहीं रखते। नागरिक सजगता की कमी इसी समझदार वर्ग में भी कम नहीं है। लोकसभा में अपराधियों की बढ़ती संख्या भी चिंता का विषय है। चुनाव आयोग पार्टियों को पंजीकृत तो कर सकता है लेकिन नियंत्रित नहीं। यह काम जागरूक नागरिक ही कर सकतें है अतः वे उठें और अपना कर्तव्य निभाएं। निष्क्रिय राजनीतिक दलों का पंजीकरण रद्द होना चाहिए। लोकतंत्र की यह दुर्बलता है कि सांसदों-विधायकों का चुनाव अर्हता, गुणवत्ता एवं योग्यता के आधार पर न होकर, दल या संस्था के आधार पर होता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### हर शहर में मौजूद हैं भ्रष्टाचार के लाक्षागृह?



मनोज कुमार अग्रवाल

**देश** के अलग अलग हिस्सों में तकरीबन हर साल एक हजार छोटे बड़े अग्निकांड हादसे होते हैं इनमें हजारों लोगों का असमय जीवन स्वाहा हो जाता है। इन हादसों में बहुत सारे ऐसे त्रासद मामले हैं जिनको जरा सी सावधानी से टाला जा सकता था लेकिन इसके मूल में प्रशासनिक तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार और कर्तव्य के प्रति लापरवाही भरी कोताही होती है। हाल ही में मात्र दो दिन में गुजरात के राजकोट के एक गेम जोन और दिल्ली के विवेक विहार के एक बच्चा केअर सेंटर में आग ने 40 से अधिक मासूमों की जान ले ली। सबसे दर्दनाक घटना गुजरात के राजकोट में हुई, जहां एक मॉल के गेमिंग जोन में शनिवार को भीषण आग लगने से 33 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में ज्यादातर बच्चे हैं। हालांकि पुलिस ने गेम जोन के मालिक और मैनेजर समेत दस लोगों को राउंडअप किया है। कहा जा रहा है कि इलेक्ट्रिक कारणों से गेम जोन में आग लगी थी। हैरानी है उक्त गेम जोन फायर बिना एनओसी के चल रहा था और इसे निगम के मनोरंजन विभाग से भी कोई मंजूरी नहीं मिली थी। वहीं बेबी केअर सेंटर के पास भी एनओसी नहीं थी इसके बावजूद भी ये लाक्षागृह कई सालों से बेधडक कैसे चल रहे थे, यह जांच का विषय है। गुजरात के राजकोट के इस भीषण अग्नि-कांड ने समूचे देश को झकझोर दिया है जो परिवार छुट्टी मनाने के लिए अपने मासूम बच्चों के साथ हंसी खुशी कुछ समय मस्ती करने के लिए इस गेम जोन में गए थे और हादसे का शिकार बन गए उनका क्या कुसूर था? यह अत्यन्त हृदय विदारक एवं वीभत्स घटना देश के लिए कोई नई नहीं है इस से पहले भी उपहार सिनेमा से लेकर डबबाली तक मानसिक रोगियों के अस्पताल से लेकर नवजात शिशुओं की नर्सरी तक आग में हर साल दर्जनों जान जाती रही हैं। इस बेहद त्रासद हादसे ने भी ऐसी कई घटनाओं की कड़वी यादों को ताजा कर दिया है। इस अग्नि-कांड में हताहतों में अधिकतर बच्चे और उनके अभिभावक शामिल हैं। कनाडा से वतन आए एक नवदंपति की भी इस हादसे में जान चली गई है। यह दुर्घटना जब घटित हुई, उस समय इस गेम-जोन में टी.आर.पी. के जरिये मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया था। जानकारी के अनुसार इस गेम जोन का ढांचा कुछ इस प्रकार से है, कि नीचे से ऊपर जाने और फिर ऊपर से नीचे आने का सीढ़ी मार्ग इतना संकरा था कि लोगों को बच निकलने का अवसर ही नहीं मिला। इसके अतिरिक्त इस व्यवसायिक स्थल में आपात बचाव मार्ग था ही नहीं और निकासी गेट संकरे थे वहीं सुरक्षा उपकरण इतने कम थे, कि वे आग बुझाने की अपेक्षा व्यवधान का कारण बनते रहे। यह भी, कि इस व्यवसायिक केन्द्र के इर्द-गिर्द टायरों का कबाड़ और डीजल भी हजारों लीटर की मात्रा में पड़ा था जिससे आग बड़ी तेजी से नीचे से ऊपर की तीन मंज़िलों की ओर फैल गई। आग का कारण अस्थायी रूप में बनाये गये खेल कमरों के निर्माण हेतु किये जा रहे वैल्डिग कार्यों के दौरान हुए विस्फोट को बताया गया है। इस अग्निकांड के पीछे एक कारण यह भी बताया जा रहा है कि स्कूलों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में छुट्टी होने और आयोजकों द्वारा प्रवेश शुल्क को काफी सीमा तक कम कर देने के कारण भीड़ अपेक्षा से अधिक हो गई थी जिसे नियंत्रित कर पाने की अतिरिक्त व्यवस्था नहीं की गई थी। सम्भवतः इसी कारण कुछ नये कमरे बनाने हेतु वैल्डिंग कार्य किये जा रहे थे। अत्यधिक गर्मी के कारण वैल्डिंग से उपजी कोई चिंगारी किसी गैस सिलेण्डर में गिरने से संभवतः एकाएक भीषण विस्फोट हुआ, और मनोरंजन पिकनिक मस्ती के लिए वहां पहुंचे सैंकड़ों लोग आग की लपटों के बीच घिर गये। इस खेल जोन में अधिकाधिक कमाई करने के लिए इसमें लकड़ी के पार्टिशन कर कमरे बनाये गये थे। इस कारण आग तेजी से भड़की। घायलों में से कुछ की दशा गम्भीर है जिससे मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। आग से जले अनेक शवों के अंग-भंग हो चुके थे। उनकी शिनाख्त तक नहीं हो पाई रही है सरकार ने डीएनए के जरिए मृतकों की शिनाख्त की कवायद शुरू की है। सार्वजनिक स्थलों पर आग लगने जैसीऐसी कोई गम्भीर घटना गुजरात अथवा देश में पहली बार नहीं हुई, आपको याद दिला दें कि तक्षशिला में हुए एक अग्निकांड में 22 बच्चों की मृत्यु हुई थी। उपहार सिनेमा में पचास से अधिक दर्शकों की मौत हो गई थी।

पत्र कारिता दिवस पर विशेष

# हिन्दी के पत्र-पत्रिकाओं का राष्ट्र के विकास में अहम योगदान



योगेश कुमार गोयल

**भारत**-चीन लड़ाई का उल्लेख करें अथवा भारत-पाकिस्तान युद्ध का या फिर कोरोना से जंग के कठिन दौर का, प्रेस ने प्रत्येक ऐसे विकट अवसर पर अपनी महत्ता सिद्ध की है और कहना गलत नहीं होगा कि इसमें हिन्दी पत्रकारिता का स्थान सर्वोपरि रहा है। चाहे हिन्दी भाषी टीवी चैनलों की बात हो या हिन्दी के समाचारपत्र अथवा पत्रिकाओं की, देश की बहुसंख्यक आबादी के साथ उनका विशेष जुड़ाव रहा है और इस दृष्टि से राष्ट्र की एकता, अखण्डता एवं विकास की दिशा में हिन्दी पत्रकारिता की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हालांकि हिन्दी पत्रकारिता के 198 वर्षों के इतिहास में समय के साथ पत्रकारिता के मायने और उद्देश्य बदलते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद सुखद स्थिति यह है कि हिन्दी पत्रकारिता के पाठकों या दर्शकों की रुचि में कोई कमी नहीं आई। यह अलग बात है कि अंग्रेजी मीडिया और उससे जुड़े कुछ पत्रकारों ने भले ही हिन्दी पत्रकारिता की उपेक्षा करते हुए सदैव उसकी प्रमाणिकता एवं विश्वसनीयता पर सवाल उठाने की कोशिशें की हैं किन्तु वास्तविकता यही है कि पिछले कुछ दशकों में हिन्दी पत्रकारिता ने अपनी ताकत का बखूबी अहसास कराया है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उसकी विश्वसनीयता बढ़ी है। यह हिन्दी पत्रकारिता की बढ़ती ताकत का ही नतीजा है कि कुछ हिन्दी अखबारों ने अनेक संस्करणों के साथ प्रसार संख्या के मामले में कुछ अंग्रेजी अखबारों को भी पीछे छोड़ दिया है। हिन्दी पत्रकारिता की शुरूआत 30 मई 1826 को कानपुर निवासी पं. युगुल किशोर शुक्ल द्वारा प्रथम हिन्दी समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' के प्रकाशन के साथ हुई थी, जिसका अर्थ था 'समाचार सूर्य'। उस समय अंग्रेजी, फारसी और बांग्ला में कई समाचारपत्र निकल रहे थे किन्तु हिन्दी का पहला समाचारपत्र 'उदन्त मार्तण्ड' 30 मई 1826 को कलकत्ता से पहली बार प्रकाशित हुआ था, जो साप्ताहिक के रूप में आरंभ किया गया था। पहली बार उसकी केवल 500 प्रतियां ही छापी गई थीं। चूंकि कलकत्ता में हिन्दी भाषियों की संख्या काफी कम थी और इसके पाठक कलकत्ता से बहुत दूर के भी होते थे, इसीलिए संसाधनों की कमी के कारण यह लंबे समय तक प्रकाशित नहीं हो पाया।

> **हिन्दी पत्रकारिता के 198 वर्षों के इतिहास में समय के साथ पत्रकारिता के मायने और उद्देश्य बदलते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद सुखद स्थिति यह है कि हिन्दी पत्रकारिता के पाठकों या दर्शकों की रुचि में कोई कमी नहीं आई।**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# पाकिस्तान में किसके निशाने पर पंजाबी?



आर.के.सिन्हा

**पाकिस्तान** अधिकृत कश्मीर (पीओके) में सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ चल रहे सघन आंदोलन के बीच वहां पंजाबियों को तटीय शहर ग्वादर में लगातार मारे जाने की घटनाएं भी हो रही है। बलूचिस्तान में अज्ञात बंदूकधारियों ने बीते कुछ समय के दौरान सात पंजाबी मजदूरों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। ये सब हेयर-सैलून के कर्मचारी थे। पाकिस्तान के अशांति से जल रहे बलूचिस्तान प्रांत में एक महीने के भीतर पंजाब के मजदूरों के खिलाफ यह तीसरा हमला है। पिछले अप्रैल में प्रतिबंधित बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा से ईरान जा रहे नौ पंजाब निवासियों की हत्या की जिम्मेदारी ली थी। दरअसल बलूचिस्तान में लंबे समय से पाकिस्तान की सरकार और पंजाब प्रांत पर बलूचिस्तान के प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों के लूटने के आरोप लग रहे हैं। बलूचियों का कहना है कि इसी शोषण के कारण बलूचिस्तान बर्बाद हो गया है। प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न होने के बावजूद, बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे कम आबादी वाला और सबसे गरीब प्रांत बना हुआ है। बीते कई सालों क दौरान बलूचिस्तान सूबे में अज्ञात बंदूकधारी राजमार्ग पर चलने वाली बसों से पंजाबी मूल के यात्रियों को जबरदस्ती उतार कर मार रहे हैं। सैनिकों जैसी वर्दी पहने बंदूकधारी कराची और ग्वादर के बीच चलने वाली बसों को रोक कर यात्रियों के पहचान पत्रों की जांच करने के बाद अपना खूनी खेल शुरू कर देते हैं। इनके निशाने पर सिर्फ. पंजाबी मुसाफिर ही होते हैं। पाकिस्तान सरकार हत्यारों को पकड़ने के रस्मी दावे-वादे करती है, पर हुआ तो कुछ भी नहीं है, अब तक! पाकिस्तान की सरकार पंजाबियों के कत्लेआम को दुनिया की निगाह से छुपाना चाहती है, पर सोशल मीडिया के दौर में यह संभव हो नहीं पाता। खबरें जैसे- तैसे दुनिया के सामने आ ही जाती हैं। पंजाबियों को बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी चुन-चुनकर मार रही है। पंजाबी नौजवानों को अगवा भी किया जा रहा है। फिर उनका पता ही नहीं चल पाता। इस तरह के भी सैकड़ों केस हो चुके हैं। इस स्थिति में भारत को भी बलूचिस्तान की जनता के मानवाधिकारों की बहाली का खुलकर समर्थन करना चाहिए। यदि भारत तिब्बत के लोगों के हक में खड़ा हो सकता है, तब उसे बलूचिस्तान की जनता का भी साथ देना चाहिए। बलूचिस्तान तो भारत का ही भाग था। वहां की जनता भी भारत में ही रहना चाहती थी, पर प्रधानमंत्री नेहरू ने उदारतापूर्व बलूचिस्तान को पाकिस्तान को सौप दिया था। आखिर, किस वजह से पंजाबियों को बलूचिस्तान में निशाना बनाया जा रहा है? पंजाबियों को मारे जाने की कोई वजह तो होगी ही। यह सच है कि पाकिस्तान की एक बड़ी आबादी नफरत करती है पंजाब, पंजाबियों और पंजाबियों से भरी हुई पाकिस्तान की सेना से। सबको लगता है कि पंजाब उनका शोषण कर रहा है, उनके हकों को मार रहा है। ईस्ट पाकिस्तान, जिसे अब दुनिया बांग्लादेश के रूप में जानती है, वह भी पंजाब के वर्चस्व से निकलने के लिए ही पाकिस्तान के खिलाफ विद्रोह करने लगा था।

**(ये लेखके के निजी विचार हैं।)**

बोधि वृक्ष

## स्वर्ण मंदिर अमृतसर का इतिहास और अन्य जानकारी

**6. कैसे पहुंचे स्वर्ण मंदिर**

अगर आप दिल्ली से अमृतसर ट्रेन या बाय रोड जा रहे हैं, तो लगभग 9 घंटे का समय लगेगा जबकि फ्लाइट से जाने में मात्र 1 घंटे का समय खर्च होगा। गोल्डन टैंपल के लिए जा रहे हैं तो यहां राजासांसी एयरपोर्ट है। अमृतसर से यहां आने में 15 मिनट का समय लगता है। अगर आप दिल्ली से बाय रोड जा रहे हैं तो ग्रैंड ट्रंक रोड द्वारा अमृतसर पहुंच सकते हैं। इसके साथ ही आप हाईवे से जा रहे हैं तो करनाल, अंबाला, खन्ना, जलंधर और लुधियाना से होते हुए भी अमृतसर पहुंच सकते हैं। बता दें कि यहां से पाकिस्तान की दूरी केवल 25 किमी है।



**7. स्वर्ण मंदिर में जाने से पहले ध्यान रखें ये बातें**

अपने सिर को रूमाल, डुपट्टा या स्कार्फ से ढंक सकते हैं। मंदिर में दर्शन के दौरान कट स्लीव्स ड्रेस पहनने से बचें। घुटनों से ऊपर की कोई भी ड्रेस पहनना यहां अलाउड नहीं है। अमृतसर में गर्मी ज्यादा होती है, इसलिए यहां घूमने आने के लिए अपने साथ कॉटन के कपड़े ही लाएं। यहां फोटोग्राफी केवल परिक्रमा तक ही अलाउड है, इसके बाद अंदर फोटो खींचने के लिए विशेष तौर से परमिशन लेनी होती है। यहां अपने साथ शराब, सिगरेट, मीट और ड्रग्स लाना निषेध है।

(क्रमशः)

टेक वर्ल्ड

## एसी खरीदने जा रहे हैं तो सतर्क हो जाएं

**स्प्लिट** एसी की बात करें तो अगर आपके पास ऐसा कैमरा है जिसमें विंडो नहीं है या ओपन एरिया नहीं है तो यहां के लिए स्प्लिट एसी काफी कारगर होता है। इसके अलावा अगर आप शोर शराबी वाले इलाके में भी रहते हैं तो आपको स्प्लिट एसी का चुनाव करना चाहिए। यह पतले वायर के सहारे आपके कमरे में लग जाता है और इसका जो हेवी मशीनरी है वह बाहर रूफ की तरफ या बालकनी में लगा दिया जाता है जिससे यह कम स्पेस लेता है।

अब बात करते हैं विंडो एसी की तो यह स्प्लिट एसी के मुकाबले प्राइस में भी कम होता है और आसानी से आपके विंडो या डोर के पास जो भी ओपन एरिया होता है वहां पर लग जाता है। इसके अलावा इसकी इंस्टॉलेशन भी काफी आसान होती है मुकाबला स्प्लिट एसी के। तो आप अपने रूम के एरिया और कंडीशन के हिसाब से AC का चुनाव कर सकते हैं। अगर आपके पास विंडो है तो आप विंडो एसी ले सकते हैं



अगर आपके पास विंडो नहीं है, बंद कमरा है तो आप स्प्लिट एसी का चुनाव कर सकते हैं।

**अपनी जरूरत का रखें ध्यान**

अब जब आपने यह तय कर लिया है कि आपको कौन सा ऐसी लेना है स्प्लिट या विंडो तो अब बारी आती है कि आपकी जरूरतें किस प्रकार से हैं?

(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# आज का राशिफल

**मेष** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**वृषभ** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**मिथुन** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

**कर्क** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**सिंह** संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। मेहमानों का आगमन होगा।

**कन्या** पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा।

**तुला** माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**वृश्चिक** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में सम्मान बढ़ेगा।

**धनु** कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**मकर** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी।

**कुम्भ** शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव।

**मीन** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी।



**गर्मी से जदोजहद**

बुधवार को नई दिल्ली में तेज गर्मी से राहत पाने के लिए लड़के यमुना नदी में स्नान करते हुए। वही नागपुर में गर्मी से राहत पाने के लिए बच्चे फुटाला झील में नहाते हुए।

# दिन भर लू, रात में भी गर्मी हृदय रोगियों के लिए घातक

–आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** इस समय बढ़ती गर्मी से कई राज्यों में लोगों को लू लगने, हार्ट अटैक होने, चक्कर आकर गिरने की घटनाएं बढ़ गई हैं। बिहार के एक कोई अफसर पाठक हैं। उनके फरमान के कारण बिहार के स्कूलों में अभी छुट्टी नहीं हुई है । बच्चे व अध्यापक इस भीषण गर्मी में स्कूल जा रहे हैं और लू लगने से बेहोश हो रहे हैं, बहुतों को उल्टी हो रही है। अस्पताल में भर्ती होना पड़ रहा है। वाराणसी में पारा 47 और दिल्ली में 49 डिग्री, राजस्थान में 50 से 51 तक पहुंच जा रहा है। बहुत से जगह दिहाड़ी मजदूरों को दिन के 12 से 3 बजे तक छुट्टी कर दी जा रही है। ताकि गर्मी व लू से बीमार न पड़ें। दिन की तेज धूप, गर्म हवाएं और बढ़ती तपिश में लोग चलते-चलते चक्कर खाकर गिर रहे हैं। तेज गर्मी बॉडी में डिहाइड्रेशन बढ़ा रही है और हीट स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ रहा है। गर्मी जब बहुत बढ़ती है तो दिन के समय की धूप और उससे बचाव की बात होती है, लेकिन रात की गर्मी भी कम कहर नहीं बरपाती। दिन भर सूरज की गर्म हवा और रात में बढ़ती उमस सांसों की रफ्तार को धीमा कर रही है। सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के शोध के मुताबिक रात के समय अगर तापमान ज्यादा रहे तो गर्मी से संबंधित बीमारियों, जैसे हीट एग्जॉशन और हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। लम्बे समय तक गर्मी के संपर्क में रहने से दिल पर दबाव पड़ता है और दिल के रोगों का खतरा भी ज्यादा रहता है। इस मौसम में ये स्थिति डिहाइड्रेशन को बढ़ा सकती है। दिन का हाई तापमान सेहत के लिए जितना खतरनाक है, रात का बढ़ा हुआ तापमान भी उतना ही चिंताजनक है।

आइए एक्सपर्ट से जानते हैं कि रात की गर्मी कैसे दम घोटती है और इस परेशानी से कैसे बचाव किया जा सकता है। बेंगलुरू के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. चैतन्य एचआर का कहना है कि रात का उच्च तापमान दिन की गर्मी के बाद शरीर को ठंडा नहीं होने देता, बल्कि हीटवेव के प्रभाव को बढ़ा देता है। गर्मी में दिन तो गर्म होता ही है, यदि रात भी गर्म हो तो मुश्किल बढ़ जाती है। गर्म दिन के बाद यदि रात ठंडी हो तो कुछ राहत मिलती है और बॉडी को ठंडा रखने में भी कुछ मदद मिलती है।डॉ. चैतन्य बताते हैं कि जब दिन के बाद रात में भी तापमान में गिरावट नहीं होती तो शरीर दिन की गर्मी के तनाव से उबर नहीं पाता है। पर्याप्त तरल पदार्थों का सेवन किए बिना बॉडी में डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है। इस मौसम में पसीना ज्यादा आता है अगर पानी ज्यादा नहीं पिया जाए तो परेशानी बढ़ सकती है, जिससे शारीरिक कार्य प्रभावित होते हैं।

**स्कूलों में छात्रों, अध्यापकों को चक्कर आ रहा है, उल्टी हो रही है**

## रात में भी तापमान बढ़े तो सावधानी बरतें

1. रात के समय बढ़ते तापमान से राहत पाने के लिए आप कुछ खास स्ट्रेटेजी बनाएं जो उच्च तापमान से निपटने में आपकी मदद करें। ऐसे कई उपाय हैं जो आपको ठंडा और आरामदायक रहने में मदद कर सकती हैं। चादर व तकिया के कवर के लिए सूती हल्के कपड़े का चुनाव करें। रात के समय हल्के कपड़े पहनें जिससे आपकी स्किन भी सांस ले सकें।
2. बिस्तर पर जाने से पहले अपने तकिए या चादर के नीचे आइस पैक या कूलिंग जेल पैड रखें। इससे बिस्तर का तापमान कम करने में मदद मिल सकती है।
3. पूरे दिन तो पानी पीते ही है आप रात में सोने से पहले भी खूब पानी पिएं। बॉडी को हाइड्रेट रखकर आप अपनी बॉडी को उसके तापमान को अधिक प्रभावी ढंग से कंट्रोल कर सकते हैं।
4. शाम को हल्का और आसानी से पचने वाला खाना खाएं। भारी भोजन आपके शरीर के मेटाबॉलिज्म दर को बढ़ा सकता है और अधिक गर्मी पैदा कर सकता है।



# करण भूषण सिंह के काफिले की कार से एक्सीडेंट, दो की मौत



एजेंसी

**गोंडा।** लोकसभा चुनाव के बीच कैसरगंज से बीजेपी प्रत्याशी करण भूषण शरण सिंह के काफिले से बड़ा हादसा हो गया। उनके काफिले में शामिल कार ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार दो भाइयों की मौत हो गई। इस हादसे में अन्य दो राहगीर भी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सड़क किनारे बैठी महिलाएं भी इसकी जद में आई हैं। चिकित्सकों ने उपचार के लिए लाए गए युवकों को मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने सभी के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद क्षेत्राधिकारी करनैलगंज मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त गाड़ी को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

बृजभूषण शरण सिंह के बेटे व कैसरगंज से बीजेपी प्रत्याशी करण भूषण सिंह गोंडा से हुजूरपुर जा रहे थे जब ये हादसा हुआ। काफिले में शामिल एक कार ने बहराइच-हुजूरपुर मार्ग पर स्थित छतईपुरवा के पास पहुंचते ही ओवरटेक करने के चक्कर में निदुरा गांव के पास मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि इसने सामने मौजूद बिजली के खंभे को भी रौंद दिया। इस घटना के बाद भी करण भूषण का काफिला वहां नहीं रुका। उपचार के दौरान दो बच्चों की मौत के बाद आक्रोशित भीड़ ने अस्पताल में हंगामा खड़ा कर दिया। लोगों ने घटना में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि करण भूषण सिंह बीजेपी नेता बृजभूषण सिंह के बेटे हैं, लेकिन इस लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने बृजभूषण सिंह को टिकट ना देकर उनके बेटे को चुनावी मैदान में उतारा है।

## प्रज्वल रेवन्ना ने आज के लिए म्यूनिख से बेंगलुरु वापसी का टिकट बुक कराया

**कर्नाटक/नई दिल्ली।** जनता दल (सेक्यूलर) के निलंबित नेता प्रज्वल रेवन्ना ने आजके लिए म्यूनिख से बेंगलुरु वापसी की उड़ान में टिकट बुक कराया है। विशेष जांच दल के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एसआईटी सूत्रों के मुताबिक जद (एस) सुप्रीमो एचडी देवेगौड़ा के 33 वर्षीय पोते रेवन्ना के 31 मई को बेंगलुरु पहुंचने की संभावना है।

# डीएनए टेस्ट के लिए बांग्लादेश के मारे गए सांसद की बेटी आएगी कोलकाता

**कोलकाता।** न्यू टाउन के फ्लैट के सेप्टिक टैंक से मांस के टुकड़े और बाल मिलने के बाद डीएनए जांच के लिए मृत सांसद की बेटी जल्द ही कोलकाता आ सकती हैं। अगले दो दिनों के भीतर उन्हें कोलकाता आना है। अनवारुल की बेटी के डीएनए का मिलान बरामद मांस के टुकड़ों और बालों के डीएनए से किया जाएगा। अनवारुल की दो बेटियां हैं। इनमें से मुमतरीन फिरदौस डारिन ने बांग्लादेश में अपने पिता के कोलकाता में लापता होने की शिकायत दर्ज करायी थी। बांग्लादेश इंटेलिजेंस चीफ हारून रशीद ने सीआईडी से न्यू टाउन के उस फ्लैट के सेप्टिक टैंक की तलाशी लेने का अनुरोध किया था। मंगलवार को न्यू टाउन स्थित फ्लैट के सेप्टिक टैंक, सीवेज पाइप से मांस के टुकड़े और बाल बरामद हुए हैं। सीआईडी जांचकर्ताओं को संदेह है कि ये सभी सांसद अनवारुल के हो सकते हैं।

## केजरीवाल की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाने की याचिका नामंजूर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत अवधि सात दिन बढ़ाने की मांग वाली याचिका को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। सीएम ने पीईटी-सीटी स्कैन समेत मेडिकल जांच कराने के लिए अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाने की मांग की थी। दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सीएम केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद थे। कोर्ट ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केजरीवाल को एक जून तक अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था।

# छिंदवाड़ा में परिवार के 8 लोगों की हत्या के बाद आरोपी ने खुद भी लगाई फांसी

एजेंसी

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक युवक ने अपने परिवार के आठ लोगों की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार, माहुलझिर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक आदिवासी व्यक्ति ने अपने परिवार के आठ लोगों की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। इस वारदात को आरोपी ने बीती रात अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने मीडिया को बताया कि दिनेश ने परिवार के आठ सदस्यों की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी और उसके बाद खुद भी आत्महत्या कर ली। आरोपी मानसिक विक्षिप्त बताया जा रहा है। उसकी शादी महज सात दिन पहले हुई थी। वारदात के बाद घर में मारे गए लोगों के शव पड़े हैं। पुलिस मौके पर पहुंच गई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### मामले की होगी जांच : मोहन यादव



**भोपाल/छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में एक ही परिवार के आठ लोगों की हत्या और फिर आत्महत्या किए जाने के मामले की सरकार जांच कराएगी। यह ऐलान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बुधवार को किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने छिंदवाड़ा जिले के माहुलझिर थाना क्षेत्र में मानसिक रूप से बीमार दिनेश नाम के युवक द्वारा अपने ही परिवार के आठ लोगों की हत्या और फिर आत्महत्या की घटना को दुखद बताया है।

बंगाल भर्ती घोटाला


## सीबीआई ने तृणमूल विधायक के पति को 4 जून को बुलाया

**कोलकाता।** सीबीआई ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस के एक विधायक के पति को समन जारी कर पश्चिम बंगाल स्कूल भर्ती घोटाला और नगर निगम भर्ती घोटाला में पूछताछ के लिए 4 जून को उसके समक्ष पेश होने के लिए कहा है। एजेंसी ने देबराज चक्रबर्ती को मध्य कोलकाता में निजाम पैलेस स्थित उसके कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा है। वह गायिका से नेता बनी राजारहाट-गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस विधायक अदिति मुंशी के पति हैं।

# दिल्ली में पानी की बबार्दी करने पर कटेगा 2 हजार का चालान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी में पानी की किल्लत न हो, इसके लिए दिल्ली सरकार एक्शन मोड में नजर आ रही है। पानी की बबार्दी रोकने के लिए दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ को सरकार की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं। दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने कई हिस्सों में हो रहे पानी की बबार्दी को देखते हुए जल बोर्ड के सीईओ को निर्देश जारी किए हैं। सरकार की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि वह दिल्ली भर में 200 टीमों को तैनात करें और पानी के दुरुपयोग करने वालों पर नकेल कसें। निर्देशों के अनुसार,



दिल्ली में पाइप से गाड़ी धोना, पानी की टंकी का ओवरफ्लो होना और घरेलू पानी के कनेक्शन के जरिए कमर्शियल प्रयोग करना या फिर कंस्ट्रक्शन साइट्स पर इस्तेमाल करना पानी की बबार्दी माना जाएगा। ऐसा करने पर दो हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

## राजद्रोह मामले में शरजील इमाम को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट से बुधवार को शरजील इमाम को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के खिलाफ अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी और जामिया इलाके में कथित भड़काऊ भाषणों से संबंधित गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और राजद्रोह मामले में शरजील इमाम को जमानत दे दी। जमानत के बावजूद, शरजील इमाम 2020 के दिल्ली दंगों से संबंधित षड्यंत्र मामले में जेल में ही रहेगा, जिसमें यूएपीए के आरोप भी शामिल है। जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस मनोज जैन की डिवीजन बेंच ने शरजील इमाम की जमानत याचिका मंजूर कर ली।

## कविता की बेल याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को शराब घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भारत राष्ट्र समिति नेता के. कविता की जमानत याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। बीआरएस प्रमुख के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। सीबीआई और ईडी मामले की जांच कर रहे हैं। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रखा। कविता की ओर से अधिवक्ता विक्रम चौधरी, नितेश राणा, मोहित राव और दीपक नागर ने अपनी दलीलें पेश कीं। सीबीआई की ओर से अधिवक्ता डीपी सिंह और ईडी की ओर से वकील जोहेब हुसैन पेश हुए।

**पुणे हिट एंड रन** / ससून अस्पताल में सामने आया था घिनौना मामला

# ब्लड सैंपल बदलने वाले दो डॉक्टर-चपरासी निलंबित

एजेंसी

**मुंबई।** पुणे हिट एंड रन मामले में नाबालिग आरोपित का ब्लड सैंपल बदलने वाले ससून अस्पताल के दो डॉक्टर अजय टावरे, श्रीहरि हलनोर और चपरासी अतुल घाटकांबले को बुधवार को निलंबित कर दिया गया है। इन तीनों को निलंबित करने का प्रस्ताव पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग को मंगलवार को भेजा था। इन तीनों आरोपितों को सोमवार को गिरफ्तार किया गया था और तीनों इस समय पुणे पुलिस की कस्टडी में हैं।



### तीन लाख के लिए फेंक दिया था सैंपल

अस्पताल के डॉ. अजय टावरे और डॉ. श्रीहरि हलनोर ने चपरासी अतुल घाटकांबले के माध्यम से नाबालिग आरोपित के पिता विशाल अग्रवाल से तीन लाख रुपये लेकर आरोपित का ब्लड सैंपल कचरे में फेंक दिया और किसी अन्य शख्स का ब्लड सैंपल लेकर ब्लड टेस्ट किया। इसी आरोप में पुलिस ने इन तीनों को गिरफ्तार किया और रिश्वत की तीन लाख रुपये भी बरामद कर ली है। इस संबंध में पुलिस को डाक्टरों और विशाल अग्रवाल के बीच फोन काल डिटेल और व्हाट्सएप चैट भी मिले हैं।

पुणे में 19 मई को कल्याणी नगर इलाके में शराब के नशे में धुत्त नाबालिग वेदांत अग्रवाल ने बिना नंबर की पोर्शे कार 160 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलाते हुए मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को कुचल दिया था।

इस घटना में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। स्थानीय नागरिकों ने वेदांत अग्रवाल को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था।

इसके बाद पुलिस ने वेदांत का ब्लड सैंपल पुणे के ससून अस्पताल में अल्कोहल टेस्ट के लिए भेजा था।

# बलूचिस्तान में बस नाले में गिरी, 28 लोगों की मौत

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बलूचिस्तान प्रांत के वाशुक जिले में बुधवार को एक बस बड़े नाले में गिर गई। इस हादसे में कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। बस ग्वादर से क्वेटा जा रही थी। इसी दौरान बस का एक टायर फट गया और अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई। हादसे में घायल लोगों को इलाज के लिए बसिमा सिविल अस्पताल पहुंचाया गया है। कुछ घायलों की हालत गंभीर है, इसलिए मरने वालों की संख्या में इजाफा हो सकता है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और



बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि इस कठिन समय में हम शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़े हैं।

# कोहली-रोहित के पास भारत को 13 साल बाद आईसीसी ट्रॉफी दिलाने का अंतिम मौका



2026 में होगा अगला टी20 विश्व कप

**एजेंसी। बेंगलुरू**

ऐसे दो क्रिकेटर मिलना मुश्किल है जो एक-दूसरे से इतने अलग हों लेकिन फिर भी भाग्य के धागे से इतने करीब से जुड़े हों जैसे विराट कोहली और रोहित शर्मा। रोहित ने शीर्ष स्तर के क्रिकेट में शुरूआत 2007 में बेलफास्ट में की जबकि कोहली ने इससे एक साल बाद दांबुला में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेला। एक साथ चले इस सफर का एक और दिलचस्प अध्याय संभवतः अगले महीने कैरेबियाई द्वीपों में समाप्त हो जाएगा।

अगला टी20 विश्व कप 2026 में है जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से करेंगे लेकिन तब रोहित 40 बरस के होने वाले होंगे और कोहली 38 वर्ष के होंगे। एकदिवसीय (50 ओवर) प्रारूप का विश्व कप इसके एक और साल बाद होगा। खेल की स्ट्राइक रेट से जुड़ी प्रकृति में लगातार इजाफा हो रहा है और इसे देखते हुए इन दोनों को इनमें से किसी में भी खेलते हुए देखना मुश्किल है। इसलिए रोहित और कोहली दोनों अगले महीने विजेता का पदक अपने गले में लटकाए मंच से विदा लेना चाहेंगे।

अगर वे ऐसा कर पाते हैं तो यह 2007 टी20 विश्व कप (रोहित) और 2011 में 50 ओवर के विश्व कप (कोहली) के बाद उनका दूसरा विश्व खिताब होगा। और यह उन दो खिलाड़ियों के लिए एक बेहतरीन विदाई होगी जिन्होंने पिछले 17 वर्षों में भारत के सीमित ओवरों के क्रिकेट में काफी प्रभाव डाला। हालांकि कोहली-रोहित की कहानी आपसी सम्मान और इस जागरूकता पर आधारित है कि उन्हें एक-दूसरे के काम मे दखल नहीं देनी। कोहली ने अपने करियर की शुरूआत से ही रोहित के लिए उनके मन में जो प्रशंसा है, उसके बारे में बात की है।

कोहली ने ब्रेकफास्ट विद चैंपियंस' में कहा था, मैं एक खिलाड़ी के बारे में उत्सुकता से भरा हुआ था। लोग कहते रहते थे - यह एक ऐसा खिलाड़ी है जो तेजी से आगे बढ़ रहा है'। मुझे आश्चर्य होता था कि मैं भी एक युवा खिलाड़ी हूं लेकिन कोई मेरे बारे में बात नहीं करता, फिर यह खिलाड़ी कौन है।' उन्होंने कहा, लेकिन जब वह (रोहित) बल्लेबाजी करने के लिए आया तो मैं चुप था। उसे खेलते हुए देखना अद्भुत था। वास्तव में मैंने उनसे बेहतर किसी खिलाड़ी को गेंद को टाइम करते नहीं देखा।' दोनों बल्लेबाजों में कोहली सभी प्रारूपों के अधिक अनुकूल बल्लेबाज हैं जिन्होंने खेल के बदलते स्वरूप के साथ अधिक सहजता से अनुकूलन किया है।

## ऑफिस लीग टी20 के लीग मैच में सेल ने मेकॉन को 58 रनों से हराया

**रांची।** जेएससीए द्वारा आयोजित ऑफिस लीग टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के एक मुकाबले में सेल रांची की टीम ने मेकॉन की टीम को हरा दिया। सेल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर ताबड़तोड़ 218 रन बनाए, जिसके जवाब में मेकॉन की टीम 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 160 रन ही बना पाई। सेल टीम के विकेटकीपर कप्तान पंकज कुमार ने 7 छक्के और 5 चौके के मदद से 33 गेंदों में 80 रन बनाए। ओपनर शिखर मोहन ने 52 गेंद पर 79 रन बनाए। इससे पहले, सेल टीम ने लीग के पहले मैच में गुरदेव प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन की टीम को भी हरा चुकी है। सेल टीम का अगला मुकाबला रामसन डेवलेपर्स की टीम से गुरुवार को होगा।

## रांची में झारखंड ओपन पावरलिफ्टिंग 23 जून को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बीस्ट क्लासिक के तत्वावधान में 23 जून को तुपुदाना के ब्लेसिंग्स बैंक्वेट हॉल में झारखंड ओपन पावरलिफ्टिंग, बेंचप्रेस, डेडलिफ्ट, आर्म रेसलिंग और पुशअप्स प्रतियोगिता होगी। इसमें झारखंड के अलावा बाहर के भी खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में पावरलिफ्टिंग, बेंचप्रेस और डेडलिफ्ट, पुशअप्स पुरुष वर्ग में सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग और महिला ओपन वर्ग में खेला जाएगा। आर्म रेसलिंग केवल पुरुष वर्ग में खेला जाएगा। जीतने वालों को इनाम भी दिया जाएगा। इनाम के तौर पर नकद पुरस्कार पुरुष सीनियर में 10 हजार, जूनियर, सब जूनियर और महिला वर्ग में पांच-पांच हजार रुपये निर्धारित किया गया है। इसके साथ प्रो वुल्फ ब्रांड का जूता, ट्रॉफी, मेडल और सर्टिफिकेट, शेकर, टी-शर्ट और भी गिफ्ट हैंपर दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के तौर पर बॉडी बिल्डिंग में आठ बार जीतने वाले मिस्टर झारखंड प्रशांत सिंह, बॉडी बिल्डिंग में पांच बार मिस्टर झारखंड का खिताब जीतने वाले मन्नू रवि, राजीव रंजन, आदिल अख्तर, जीतेंद्र कुमार, जीशु प्रधान, रत्नेश कुमार, अविनाश कुमार, ओंकार मिश्रा, इमाम और आदित्य मौजूद रहेंगे।



## द. अफ्रीकी टीम में नस्ली कोटा पर बोले डिविलियर्स - इसमें कुछ भी नया नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**



एबी डिविलियर्स इस बात से हैरान नहीं हैं कि दक्षिण अफ्रीका के पहली बार विश्व कप जीतने के अभियान को शुरू करने से कुछ दिन पहले स्वदेश में सिर्फ टीम में नस्ली कोटा को लेकर बात चल रही है। इस तरह की स्थिति पहले भी रही है और 2018 में संन्यास लेने वाले डिविलियर्स को खुशी है कि अब वह इस स्थिति के महज दर्शक हैं। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के महान खिलाड़ियों में से एक डिविलियर्स ने कहा, इस पर ध्यान केंद्रित करते हुए टूर्नामेंट में जाना शर्मनाक है। मेरा मतलब है कि यह कोई नई बात नहीं है, यह सिर्फ एक शर्म की बात है।' चालीस साल के डिविलियर्स ने कहा, सौभाग्य से इस बार मेरा वहां कुछ भी लेना-देना नहीं है। मैं सिर्फ एक दर्शक हूं।' नाराजगी का कारण एक जून से कैरेबिया और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए टीम में सिर्फ एक अश्वेत अफ्रीकी खिलाड़ी की मौजूदगी है।

दक्षिण अफ्रीका को हमेशा से ही चोकर' माना जाता रहा है जो मुश्किल परिस्थितियों में हार जाता है। टीम टूर्नामेंट से पहले प्रबल दावेदारों में शामिल होती है लेकिन असल में उम्मीदों पर खरी नहीं उतरती।

विश्व कप में अभियान शुरू होने से कुछ दिन पहले एक बेहद विवादास्पद विषय को केंद्र में रखना एक ऐसे देश के लिए आदर्श तैयारी नहीं जिसका नस्लवाद को लेकर अतीत बुरा रहा है। दक्षिण अफ्रीका आठ जून को न्यूयॉर्क में नीदरलैंड के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा।

## फ्रेंच ओपन में हार के बाद एलाइज कार्नेट ने टेनिस को अलविदा कहा

**पेरिस।** लगातार 69 ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में भाग लेने का रिकॉर्ड बनाने वाली फ्रांस की शीर्ष महिला खिलाड़ी एलाइज कार्नेट ने मंगलवार को यहां फ्रेंच ओपन के पहले दौर में बाहर होने के बाद टेनिस को अलविदा कह दिया।



कार्नेट को पहले दौर में 7वीं वरीयता प्राप्त झेंग क्विनवेन से 6-2, 6-1 से हार का सामना करना पड़ा। फ्रांस की 34 वर्षीय खिलाड़ी कॉर्नेट को टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया था। उन्होंने पहले ही घोषणा कर दी थी कि यह उनका अंतिम टूर्नामेंट होगा। मैच के बाद कोर्ट पर आयोजित समारोह में फ्रांसीसी टेनिस महासंघ के अध्यक्ष गाइल्स मोरेटन और टूर्नामेंट निदेशक एमेली मौरेस्मो ने भी हिस्सा लिया। कार्नेट ने अपनी परिवार और फ्रांस के प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आपने मुझे अविश्वसनीय भावनाओं से ओतप्रोत किया है। यह विश्वास करना मुश्किल है कि ऐसा मैं आखिरी बार महसूस कर रही हूं। कार्नेट के नाम पर लगातार 69 ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट खेलने का महिला रिकॉर्ड दर्ज है। उन्होंने 2007 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन से लेकर इस साल फ्रेंच ओपन तक प्रत्येक ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में हिस्सा लिया।

## निशांत ने ओटगोनबाटार को दो मिनट में हराया

**नई दिल्ली।** भारत के निशांत देव ने मंगोलिया के ओटगोनबाटार बयाम्बा-एर्डेनेटो को पेरिस ओलम्पिक के लिए थाईलैंड के बैंकॉक में दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर्स के 71 किग्रा वर्ग के दूसरे राउंड में मात्र दो मिनट में हराकर प्री-क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि अभिनाश जामवाल 63.5 किग्रा वर्ग में हारकर बाहर हो गए। निशांत ने मुक्कों की झड़ी लगाते हुए मंगोलियाई विपक्षी को पहले ही मिनट में डिफेंस पर ला दिया। निशांत के एक और तगड़े प्रहार ने रेफरी को मुकाबला रोकने पर मजबूर कर दिया जबकि पहला राउंड समाप्त होने में अभी 58 सेकेंड बाकी थे। इससे पहले जामवाल ने कोलंबिया के जोस मैनुअल वियाफारा फोरी के खिलाफ करीबी पहले राउंड में हारने के बाद साहस के साथ वापसी की। उन्होंने तीसरे और अंतिम राउंड में स्पष्ट रूप से दबदबा बनाए रखा और सभी पांच जजों के अंक बराबरी पर ला दिए। नियमों के अनुसार, जजों को फिर से प्रदर्शन का मूल्यांकन करने और विजेता का फैसला करने के लिए कहा गया; अंततः उन सभी ने लंबे विचार-विमर्श के बाद कोलम्बियाई मुक्केबाज के पक्ष में 5:0 के अंतिम स्कोर से फैसला सुनाया।

## नौ खिलाड़ियों से खेल रहे ऑस्ट्रेलिया ने नामीबिया को हराया

**एजेंसी। त्रिनिदाद**




नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टी 20 विश्व कप के अपने पहले अभ्यास मैच में नामीबिया को सात विकेट से हरा दिया।

जोश हेजलवुड ने नई गेंद से जबरदस्त गेंदबाजी की जबकि डेविड वार्नर ने तूफानी अर्धशतक जड़ा।

ऑस्ट्रेलिया ने आईपीएल के कारण अपने छह प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के बावजूद अपनी ताकत दिखाई। टीम ने आपने बैकरूम स्टाफ से चार स्थानापन्न खिलाड़ी उतारे। हेजलवुड ने जबरदस्त ओपनिंग स्पैल डाला, तीन ओवर में बिना कोई रन दिए दो विकेट झटके। उनके दूसरे विकेट निकोलस डेविन का कैच फील्डिंग कोच बोरोवेक ने लपका।

पार्ट टाइम गेंदबाज टिम डेविड ने पूरे चार ओवर डाले। ऑस्ट्रेलिया ने नामीबिया को 119 रन पर रोक दिया।

डेविड वार्नर ने मात्र 20 गेंदों पर अर्धशतक जड़कर ऑस्ट्रेलिया का काम आसान कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने लक्ष्य को निर्धारित ओवरों के आधे में हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया का अगला अभ्यास मैच गुरूवार को वेस्ट इंडीज से होगा।

## अल्टीमेट टेबल टेनिस 2024 : चेन्नई में 22 अगस्त से होगी नये सीजन की शुरूआत

**एजेंसी। चेन्नई**

शीर्ष-स्तरीय अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं को आकर्षित करने और भारतीय पैडलर्स के तीव्र विकास में मदद करने की अपनी क्षमता के लिए मशहूर भारत की प्रमुख टेबल टेनिस लीग अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) टूर्नामेंट 22 अगस्त से 7 सितंबर तक चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में एक रोमांचक नए सीजन के लिए तैयार हो रहा है। नीरज बजाज और वीता दानी द्वारा भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) के तत्वावधान में प्रमोटेड यह फ्रैंचाइजी आधारित लीग 2017 में अपनी स्थापना के बाद से भारतीय टेबल टेनिस के लिए एक गेमचेंजर रही है। यह सुनिश्चित करते हुए कि यूटीटी जैसी पहल फले-फूले और भारत के टेबल टेनिस पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण योगदान दें,




टीटीएफआई देश भर में इस खेल को बढ़ावा देने और आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। खास बात यह है कि पहली बार यह आठ टीमों की लीग होगी, जो युवा भारतीय पैडलर्स को दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करेगी।

## इंडियन ग्रां प्री 2025 तक स्थगित

**एजेंसी। नोएडा**

मोटरसाइकिल रेसिंग की विश्व संस्था एफआईएम ने इंडियन ग्रां प्री 2024 को संचालन मुद्दों के कारण 2025 तक स्थगित करने की घोषणा की है।

इस इवेंट को 2024 कैलेंडर में 16वीं रेस के रूप में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित होना निर्धारित था।

मोटो जीपी ने एक बयान में कहा,एफआईएम,आईआरटीए और डोरना स्पोर्ट्स ने घोषणा की है कि इंडियन ग्रां प्री संचालन मुद्दों के कारण 2024 में नहीं होगी और मोटो जीपी 2025 के शुरू में इसे आयोजित करेगा।

बयान में कहा गया है, उत्तर प्रदेश सरकार की मोटो जीपी को लेकर दीर्घकालीन प्रतिबद्धता को देखते हुए इसके मार्च 2025 में लौटने की उम्मीद है जब मौसम दर्शकों और राइडर्स दोनों के अनुकूल हो ।"

इससे पहले मोटोजीपी ग्रां प्री ऑफ इंडिया के पहले संस्करण ने मोटरस्पोर्ट इतिहास में नए बेंचमार्क स्थापित किये थे भारत और दुनिया भर से एक लाख से अधिक दर्शकों ने इसे यहां आकर देखा था और 195 देशों में इसका वैश्विक प्रसारण किया गया था।



## व्यापार/लाइफ व साइंस

# भारत में जल्द लांच होने वाली है ये पांच कारें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय बाजार में नई कारों को लेकर ऑटोमोबाइल कंपनियां जितनी उत्साहित रहती है, उससे ज्यादा उत्साहित लोग रहते हैं, क्योंकि उन्हें खरीदना होता है। अब बात आती है कि इस साल और कौन-कौन सी कंपनियां नई कार ला रही है तो आने वाले महीनों में टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, किआ मोटर्स, एमजी मोटर और सिट्रोएन जैसी कंपनियां अपने नए-नए प्रोडक्ट को लॉन्च करने जा रही हैं, जिनमें कुछ इलेक्ट्रिक कार हैं तो कुछ एसयूवी हैं। सिट्रोएन तो कूपे डिजाइन वाली धांसू कार लाने की तैयारी में है और इसकी बुकिंग भी शुरू हो चुकी है।

### 1 टाटा ऑल्ट्रोज रेसर

टाटा मोटर्स अगले महीने जून में अपनी नई प्रीमियम हैचबैक ऑल्ट्रोज रेसर लॉन्च करने जा रही है, जिसका मुकाबला हुंडई आई20 एन लाइन और हालिया लॉन्च नई मारुति सुजुकी स्विफ्ट से होगा। इस हैचबैक में आकर्षक ग्राफिक्स के साथ ही काफी सारे धांसू फीटर्स देखने को मिलेंगे।



### 2 महिंद्रा थार 5 डोर

महिंद्रा एंड महिंद्रा इस साल फेस्टिवल सीजन में 5 दरवाजों वाली थार एसयूवी को लॉन्च करने जा रही है, जिससे ज्यादा केबिन स्पेस के साथ ही काफी सारी नई खूबियां दिखेंगी।



### 3 सिट्रोएन बसॉल्ट

सिट्रोएन अगले महीने जून या जुलाई के महीने में अपनी नई कार भारत में लॉन्च करने जा रही है, जिसका नाम बसॉल्ट है और यह कूप डिजाइन वाली गाड़ी है। लुक-फीचर्स और पावर के मामले में सिट्रोएन बसॉल्ट काफी अच्छी होगी।



### 4 नई मारुति डिजायर

मारुति सुजुकी अगले 3 महीनों के अंदर अपनी पॉपुलर सेडान डिजायर का अपडेटेड मॉडल लॉन्च कर सकती है, जिसमें नई स्विफ्ट की तरह ही नया इंजन और बेहतर सेफ्टी फीचर्स देखने को मिलेंगे।



### 5 किआ कार्निवल

किआ कार्निवल को बीते साल भारतीय बाजार में डिसकंटीन्यू कर दिया गया था और अब इस साल फेस्टिवल सीजन में इसे बेहतर लुक-फीचर्स के साथ पेश किया जाएगा। इस प्रीमियम एमपीवी का लोगों के लंबे समय से इंतजार है।



## पाकिस्तान, श्रीलंका और नेपाल की कंबाइंड जीडीपी पर भारी है एलआईसी

**नई दिल्ली।** शेयरों में हाल में आई उछाल के बाद देश की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी एलआईसी का एसेट अंडर मैनेजमेंट 50 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। यह पाकिस्तान की इकॉनमी के साइज से करीब दोगुना है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक एलआईसी का एसेट अंडर मैनेजमेंट पिछले साल से मुकाबले मार्च के अंत में 16.48 फीसदी की तेजी के साथ 51,21,887 करोड़ रुपये यानी करीब 616 अरब डॉलर पहुंच गया। फाइनेंशियल ईयर 2023 के अंत में यह 43,97,205 करोड़ रुपये था। आईएमएफ के आंकड़ों के मुताबिक पाकिस्तान की जीडीपी 338.24 अरब डॉलर है। इस तरह देखें तो एलआईसी का एसेट अंडर मैनेजमेंट पाकिस्तान की इकॉनमी से करीब दोगुना है। एलआईसी के फंड का साइज पाकिस्तान (338 अरब डॉलर), नेपाल (44.18 अरब डॉलर) और श्रीलंका (74.85 अरब डॉलर) की कंबाइंड जीडीपी से अधिक है।

## आलियांज लाइफ ने वित्त वर्ष 24 में अपने ग्राहक सर्वप्रथम वादे को पूरा करना रखा जारी

### क्लेम सेटलमेंट रेशियो 99.23%रहा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 99.23% के क्लेम सेटलमेंट रेशियो के साथ पॉलिसीधारकों के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। यह आंकड़ा किसी नॉमिनी के सामने आने वाले सबसे कठिन समय के दौरान त्वरित और विश्वसनीय सहायता प्रदान करने के लिए कंपनी के समर्पण को रेखांकित करता है और सभी पॉलिसीधारकों को यह सुनिश्चित करता है कि कंपनी उनके परिवार के साथ खड़ी रहेगी और उनके जीवन के लक्ष्यों को ट्रैक पर रखेगी। क्लेम सेटलमेंट रेशियो एक महत्वपूर्ण मीट्रिक है जो ग्राहकों को यह समझने में मदद करता है कि कोई बीमा कंपनी अपने पॉलिसीधारकों के दावों का सम्मान कैसे करती है।

बजाज आलियांज लाइफ के एमडी और सीईओ तरुण चुघ ने कहा, ग्राहक सर्वप्रथम के अपने वादे पर खरा उतरने के लिए, बजाज आलियांज लाइफ ने प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने और अपने लोगों को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार निवेश किया है। इन निवेशों पर हमारी सच्चाई तब सामने आती है जब हमारे पॉलिसीधारक का परिवार का कोई सदस्य दावे के लिए आगे आता है। हमारा नवीनतम दावा निपटान अनुपात दर्शाता है कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हमारा ध्यान इन अनुभवों को और बेहतर बनाने, नए जमाने की तकनीक और नवाचारों का लाभ उठाने पर रहेगा ताकि हमारे पॉलिसीधारकों के लिए जीवन लक्ष्यों को प्राप्त करने में सबसे भरोसेमंद बने रहें।

बजाज आलियांज लाइफ ने पिछले कुछ वर्षों में निरंतर वृद्धि प्रदर्शित की है, और प्रक्रियाओं में उनके निवेश ने व्यवसाय को बढ़ाने में मदद की है, इससे कंपनी को दावों को तेजी से निपटाने में भी मदद मिली है। कंपनी ने विभिन्न प्रयासों के माध्यम से अपने क्लेम सेटलमेंट में लगातार सुधार किया है, जैसे कि विशेषज्ञों द्वारा परिवार के सदस्यों को सहायता प्रदान करना, जो उन्हें पूरी प्रक्रिया के दौरान शिक्षित और सहायता कर सकते हैं, दावेदार के साथ निरंतर संचार करके उन्हें उनके क्लेम की स्थिति के बारे में अयडेट जानकारी देना।

बजाज आलियांज लाइफ ने ग्राहकों से किया अपना वादा पूरा करना जारी रखा है, और यह कुछ मील के पत्थरों के माध्यम से साफ दिखता है। वित्त वर्ष 2006 से वित्त वर्ष 2024 की अवधि के लिए, बजाज आलियांज लाइफ ने 2.8 लाख से अधिक व्यक्तिगत क्लेम का निपटारा किया, जिसकी कुल राशि 6400 करोड़ रुपये से अधिक थी। जीवन बीमा कंपनी की ताकत को दर्शाने वाले अन्य प्रमुख पैरामीटर तीसरे पक्ष के विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की गई रेटिंग है। बजाज आलियांज लाइफ ने लगातार चार वर्षों से उअफए द्वारा प्रदान की गई अअअ स्थिर रेटिंग हासिल की है, जो विभिन्न व्यावसायिक मीट्रिक में कंपनी के मजबूत प्रदर्शन को दशार्ता है और पसंदीदा जीवन लक्ष्य सक्षमकर्ता के रूप में इसकी स्थिति को मजबूत करता है।

## पेटीएम का अडाणी समूह से हिस्सेदारी बिक्री संबंधी बातचीत से इनकार

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफॉर्म पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने बुधवार को साफ किया कि वो अपनी हिस्सेदारी बेचने के लिए अडाणी समूह से बातचीत नहीं कर रही है। हालांकि, अडाणी समूह ने भी ऐसी खबरों को ह्यगलत और असत्य करार दिया है।वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने जारी बयान में कहा कि हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि ये महज अटकलें हैं और कंपनी इस संबंध में किसी भी चर्चा में शामिल नहीं है।

इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा था कि पेटीएम के फाउंडर और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा ने इस डील को अंतिम रूप देने के लिए अहमदाबाद में गौतम अडाणी से मुलाकात की है। दूसरी ओर अडाणी समूह के प्रवक्ता ने कहा कि हम इस आधारहीन अटकलबाजी का खंडन करते हैं। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, वॉलेट और फास्टैग में जमा, क्रेडिट लेनदेन या टॉप-अप स्वीकार करने से 15 मार्च से रोक लगा दी थी। इसके बाद मार्च के अंत तक विजय शेखर शर्मा के पास व्यक्तिगत हैसियत से पेटीएम की 9.1 फीसदी हिस्सेदारी बची थी, जबकि विदेशी संस्था रेजिलिएंट एसेट मैनेजमेंट के जरिए उनके पास 10.3 फीसदी हिस्सेदारी थी।

## एक नजर

### जपला मुख्य डाकघर के नये डाक निरीक्षक रंजन कुमार ने दिया योगदान

**हुसैनाबाद।** जपला मुख्य डाकघर में हुसैनाबाद के नये डाक निरीक्षक रंजन कुमार ने योगदान किया । इसके पूर्व वे डाक निरीक्षक पूर्वी धनबाद के पद पर कार्यरत थे । यहां के पूर्व डाक निरीक्षक सुमन कुमारसमानता का जमशेदपुर ट्रांसफर हो जाने के कारण यह पद रिक्त था । नये डाक निरीक्षक रंजन कुमार के आगमन पर सभी डाककर्मी व अभिकताओं ने बुके देकर स्वागत किया। जिनमें मुख्य रूप से उप डाक पाल रंजीत राम,अरविन्द ओझा,रवि कुमार,अमित कुमार सिंह अधिदर्शक, पप्पू प्रसाद ,संतोष टुड्डू, अभिषेक प्रभाकर,सभी डाककर्मी व अभिकर्ता उपस्थित थे।

### फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर हुई बैठक

**लातेहार।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र, लातेहार के तत्वाधान में माइक्रो फाइलेरिया सर्वेक्षण के लिए रात्रि रक्तपट संग्रहण कार्य के लिए स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी व कर्मियों का एक दिवसीय बैठक समाहरणालय के सभागार में हुआ। उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि लातेहार जिला के सभी प्रखंड चयनित ग्रामों में रात्रि रक्त-पट्ट संग्रह कार्य किया जाना है। रात्रि रक्त पट्ट संग्रहण से जिले में फाइलेरिया रोग के संचरण की स्थिति का आकलन किया जायेगा।

### भीषण गर्मी से जन जीवन अस्त व्यस्त

**महुआडांड़।** प्रखण्ड में मौसम का मिजाज पूरे उफान पर है। बढ़ती तपिश के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लू के थपेड़ों से लोगों के चेहरे झुलस रहे हैं। सुबह 9 बजते ही इसका असर दिखने लगता है। रोज कमाने खाने वाले कामगारों को अधिक परेशानी हो रही है। चिलचिलाती धूप के कारण लोग दिन का काम जैसे तैसे निपटा कर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अपने अपने घरों में दुबके रहते हैं। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है। इसका असर व्यापार जगत पर भी पड़ रहा है। एक ओर प्रचंड गर्मी और दूसरी ओर अनियमित विद्युतआपूर्ति से लोग परेशान हैं।

### महुआडांड़ प्रखंड में सैकड़ों चापाकल खराब मरम्मती की मांग

**महुआडांड़।** प्रखंड क्षेत्र में भीषण गर्मी से पानी पाताल में चला गया हैं। वही भीषण गर्मी के कारण पानी अपने जलस्तर को छोड़ रसातल की और पहुंच गई है। कई ऐसे गांव के क्षेत्र है,जहां जलस्तर नीचे चले जाये जाने के कारण पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। प्रखंड के रामपुर ,अमवाटोली, नेतरहाट और सोहरपाठ, का भूजल काफी नीचे है। उक्त क्षेत्र में भूजल लगभग जमीन से 90 मीटर की गहराई पर मौजूद है, इसके अलावा भीषण गर्मी पड़ने पर भूजल 7 से 10 मीटर और धरातल में चले गये हैं।

## नगर पंचायत में सरकारी योजनाओं में जारी है लूट

# पौने एक करोड़ की लागत से तीन अनुपयोगी शौचालयों का हुआ निर्माण

*निर्माण के बाद से ही बंद पड़े हैं नगर पंचायत में बने तीन सामुदायिक शौचालय, निर्माण की गुणवत्ता भी अत्यंत घटिया, दोषियों पर हो कार्रवाई: अरविंद*

*पहले से बने आधा दर्जन मूत्रालय और शौचालय सफाई के अभाव में पड़े हैं बेकार, महिला यात्रियों को होती है परेशानी*

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** छतरपुर नगर पंचायत इन दिनों सुर्खियां बटोर रहा है और यह सुर्खियां इसके बेहतर कार्यों से नहीं बन रही है, बल्कि नगर पंचायत में हो रहे विकास योजनाओं में लूट से ये सुर्खियां बन रही हैं। जी हां छतरपुर नगर पंचायत के गठन के 6 साल बाद भी नगर पंचायत छतरपुर अपना वास्तविक शेप नहीं ले पाया है, नगर विकास विभाग के द्वारा छः सालों में करोड़ों रुपए की राशि नगर पंचायत को विकास के लिए आवंटित जरूर हुई, लेकिन किस तरह से विकास योजनाओं का संचालन हुआ, उसका क्रियान्वयन हुआ, यह किसी से छिपा नहीं है और यह धरातल पर देखकर साफ पता चलता है। यूं तो नगर पंचायत छतरपुर की मनमानी की कई खबरें सामने आती रही है, लेकिन इस बार जो खबर सामने आई है वह है नगर पंचायत में 75 लाख की लागत से बने तीन सामुदायिक शौचालयों की, जो 75 लाख की लागत से छतरपुर नगर के विभिन्न जगहों पर बनाए गए हैं, लोगों का कहना है कि जिन जगहों पर शौचालय बनाए गए हैं वे बेहद अनुपयोगी हैं और वे अभी तक शुरू भी नहीं हो पाए हैं। इस मामले में नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन का कहना है कि शौचालय की निर्माण में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया है, घटिया मटेरियल से बनाए जाने के कारण शौचालयों के निर्माण पर प्रश्नचिन्ह खड़ा है। साथ ही साथ उसमें प्राक्कलन लूट की गई है। दुर्भाग्य ये है कि एक साल बीत जाने के बाद भी इन शौचालयों को शुरू नहीं कराया जा सका है। जिसके कारण डर यह है कि ये शौचालय शुरू होने से पहले जर्जर ना हो जाएं। उन्होंने कहा कि पहले से ही आधा दर्जन मूत्रालय और शौचालय नगर में बनाये गए हैं, जिनका रख रखाव ठीक से नहीं होता है ऐसे में पुनः 75 लाख की लागत से शौचालय बनाना विकास राशियों की बबार्दी के अलावा कुछ भी नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि शौचालय की साफ सफाई न होने और शौचालयों के बंद होने से सबसे ज्यादा परेशानी का सामना इलाके से गुजरने वाले महिला यात्रियों को करना पड़ता है, जो निसन्देह छतरपुर नगर पंचायत के लिए शर्म की बात है। अरविंद का यह भी कहना है कि अदूरदर्शिता और लूट की मानसकिता के साथ इलाके में विकास योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है, जहां पर जिन उपयोगी योजनाओं का निर्माण होना चाहिए था।




# नाली का पानी सड़क पर बहने से राहगीर व किसान परेशान,जिम्मेदारों ने मुदी आंखे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र के मोहम्मदगंज कादलकुर्मी मुख्य पथ में बिचलाडीह टोला के समीप दो वर्षो से अधिक समय से नाली का दूषित पानी सड़क पर बह रहा है।जिस कारण राहगीरो को समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है। वही दूसरी तरफ नाली का गंदा पानी किसानों के खेत मे जा रहा है।सड़क के किनारे खेत में लगे मूंग के फसल भी बर्बाद हो रहे है।नाली का गंदा पानी किसान के कुआं में जा रहा है। स्थानीय ग्रामीण विश्वनाथ साव,काशी साव,शिवनाथ गुप्ता सहित सैकड़ों लोगो ने इस संबंध में मोहम्मदगंज बीडीओ व पंचायत के मुखिया को लिखित शिकायत की,परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नही हुई।जिसको लेकर आम लोगो में नाराजगी है। कई बार नाली के गंदे पानी के छीटें पड़ने से राहगीर और वाहन चालकों के बीच विवाद खड़ा हो जाता है। कभी कभार स्कूल जाते समय बच्चे भी गंदे पानी में गिर जाते है।गंदा पानी बहने से संक्रामक बीमारी फैलने का भी खतरा उत्पन्न हो गया है। वावजूद स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधि गंभीर नहीं है।



**क्या कहते है बीडीओ**

बीडीओ परितोष प्रियदर्शी का कहना है की ग्रामीणों ने लिखित आवेदन दिया था।इस समस्या के निराकरण के लिए उच्च अधिकारियों के सूचित कर दिया गया है।

**मुखिया ने कहा जल्द होगा समस्या की निदान**

**पंचायत की मुखिया कमला देवी ने कही की इस समस्या को कार्यकारणी में शामिल कर लिया गया है।आचार संहिता खत्म होने के बाद इसमें काम शुरू कर दिया जाएगा।**

उपमुखिया ने कहा जनता के समस्या को लेकर मुखिया गंभीर नहीं उपमुखिया रविरंजन सिंह का कहना है की मोहम्मदगंज पंचायत की मुखिया ये लगातार दूसरा कार्यकाल है।मुख्य सड़क पर दो वर्षो से नाली का गंदा पानी बह रहा है।

# अबुआ आवास गड़बड़ी पर बोले अधिकारी दोषी कर्मी व झूठे लाभुकों पर होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले के महुआडांड़ प्रखंड में अबुआ आवास आवंटन में बड़ी गड़बड़ी सामने आयी है। इसे लेकर क्षेत्र में असंतोष उभर रहा है। ग्रामीणों में रोष है। इससे पहले उपायुक्त के जनता दरबार में भी अबुआ आवास आवंटन में अनियमितिता की शिकायत आती रही है। आरोप तो यह भी है कि पैसों का लेनदेन कर जरूरतंदों का सूची से नाम काट कर संपन्न लोगों को जोड़ दिया जा रहा है। यही कारण है कि अब अबुआ आवास आवंटन में अनियमितता की जांच करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। बातचीत करते हुए मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने भी कहा कि अबुआ आवास योजना सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है। जरूरतमदों को इस योजना का लाभ मिलना चाहिए। इस योजना का मुख्य उदेश्य गरीब और अन्य अर्हत्ता रखने वाले ग्रामीणों को रहने के लिए उनका अपना आशियाना की व्यवस्था करना है। अगर जरूरतमंद का हक मार कर किसी संपन्न लोगों को दिया गया तो इसकी जांच करायी जायेगी। जांच में दोषियों पर कार्रवाई करने की अनुशंसा की जायेगी। दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा। उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह ने भी कहा कि अगर अबुआ आवास आवंटन में अनियमितता बरती गयी है तो इसकी जांच करायी जायेगी। जांच के बाद दोषी कर्मी और झूठी जानकारी देने वाले लाभुकों पर भी कार्रवाई की जायेगी।

**अबुआ आवास के 60 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं**

बीते दिसंबर माह में झारखंड सरकार द्वारा आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जिले के सभी पंचायतों में किया गया था। इस कार्यक्रम में जिले में कुल 90 हजार आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 60 हजार आवेदन सिर्फ अबुआ आवास के लिए जमा किये गये थे।

# धार्मिक अनुष्ठान होने से क्षेत्र में बढ़ती है खुशहाली और समृद्धि

*पांच दिवसीय वैदिक गौ महायज्ञ का हुआ समापन*

*महायज्ञ के समापन पर हुआ भंडारे का आयोजन*

**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** पांकी प्रखंड के ताल पंचायत के शोरठ गांव में पांच दिवसीय वैदिक गौ महायज्ञ चलने के बाद मंगलवार को समापन हुआ। महायज्ञ जल,जंगल,जमीन, गांव और गाय को बचाने हेतु गौशाला का निर्माण कराने के उद्देश्य से महायज्ञ का आयोजन किया गया था। पांच दिवसीय वैदिक गौ महायज्ञ के समापन पर मंगलवार को भंडारा का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि पांकी विधानसभा के भाजपा विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता के पहुंचने पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष के द्वारा फूल माला एवं चुनरी ओढ़ कर सम्मानित किया गया। भाजपा विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता ने भंडारा में बने खिचड़ी का प्रसाद बांटकर भंडारा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पांकी विधानसभा के भाजपा विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान होने से क्षेत्र में खुशहाली और समृद्धि बढ़ती है। ऐसे आयोजनों से भक्ति का संचार होता है। साथ ही मन को शांति मिलती है। उन्होंने ये भी कहा कि जल,जंगल,जमीन,गांव और गाय को बचाने के उद्देश्य से यह महायज्ञ कराया गया है। इस तरह से महायज्ञ करने के लिए मैं यज्ञ समिति को धन्यवाद देता हूं। इससे पूर्व सभी रात्रि में प्रवचन का आयोजन किया गया था। भंडारा में सैंकड़ो महिला-पुरुष और बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर, ताल पंचायत के मुखिया अनीता लोहरा, डॉ अवधेश महतो, देवव्रत कुमार, हरिद्वार महतो, कार्तिक कुमार, द्वारिका महतो, मधु सिंह, धर्मेंद्र कुमार, मोहन कुमार, राजदेव मेहता, अंकित कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सड़क निर्माण में किसी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं

*सभी निमार्णाधीन व कार्य पूर्ण हुई सड़कों की गुणवत्ता की जांच करें अभियंता: कमलेश*



*जनता कार्यो की गुणवत्ता पर नजर रखें, गड़बड़ी होने पर करें शिकायत*

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में कुछ सड़कों की गुणवत्ता पर ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत मिलने के बाद कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि काफी मेहनत के बाद सड़कों की स्वीकृति मिलती है। निविदा डालने का सभी को अधिकार है। काम किसे मिला उससे उन्हें कोई लेना देना नहीं है। मगर काम जिस ठेकेदार को मिला है, उन्हें हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र में लीपा पोती नहीं करने देंगे। उन्होंने कहा कि बलडिहरी गाजीबिहरा सड़क की गुणवत्ता को लेकर उन्होंने पहले भी विभागीय अभियंताओं को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र में बन रही सभी सड़कों की गुणवत्ता पर स्थानीय लोगों को भी ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उनके इलाके में जितनी भी सड़के बन रही हैं, उस सड़क निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार को विभाग बिना गहन जांच भुगतान नहीं करें। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता से समझौता कर भुगतान करने वाले अभियंताओं के खिलाफ भी वह संबंधित विभागों के सचिवों को पत्र लिखकर सड़कों की गुणवत्ता की जांच करा कर दोषी अभियंता व ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की मांग करेंगे। साथ ही आगामी विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा में रखेंगे। उन्होंने कहा कि कायार्देश के बाद भी जो ठेकेदार काम शुरू नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध भी संबंधित कार्यपालक अभियंता कार्रवाई करें या खुद कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि कोई कितना भी प्रभावशाली व्यक्ति होंगे विकास कार्यों में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अच्छा कार्य नहीं करने वाले ठीकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने की भी कार्रवाई कराई जाएगी।

# राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने मेडिकल कॉलेज पर ठोका 12 लख रु. का जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज पर 12 लख रुपए का जुर्मानी लगाया है। अयोग के निदेशक शंभू शरण कुमार ने इस संदर्भ में प्रिंसिपल मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज को एक पत्र भेजा है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने 12 लाख के जुमार्ना की पुष्टि की है। डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने प्रेस को बताया कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के निर्देशक शंभू शरण कुमार ने उनको एक पत्र भेजा है। जिसमें इस कॉलेज पर 12 लख रुपए जुमार्ना की बात की लिखा है।प्राचार्य ने कहा कि यह 12 लख रुपए के जुमार्ना इसी 2 जून तक में भर देना है। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने इस जुमार्ना को अपने केनरा बैंक के खाते में भेजने को कहा है। डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने कहा कि उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को इसकी जानकारी दे दी है। उन्होंने कहा कि सरकार से 12 लाख की राशि मांगा गया है और अनुमति भी के इस जुमार्ना को अदा कर दिया जाए। यह पूछे जाने पर की आखिर क्यों इस मेडिकल कॉलेज को 12 लाख के जुमार्ना लगा है। तो प्राचार्य डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने कहा कि यहां फैकल्टी की काफी कमी है। इस मेडिकल कॉलेज के पास डेड बॉडी भी पर्याप्त संख्या में नहीं है के मेडिकल छात्रा चिरफाड सीख सके। प्राचार्य ने आगे कहा कि ब्लड बैंक के लाइसेंस 4 साल से फेल हो चुका है। जिसको लेकर भी राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग काफी असंतुष्ट दिखा। प्राचार्ज ने कहा कि डेड बॉडी के लिए प्रयास तेज कर दिया गया है। ब्लड बैंक के लाइसेंस के विस्तारित करण एक या दो सप्ताह में हो जाने की प्रबल उम्मीद है। डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने कहा कि सभी फैकल्टी को सख्त निर्देश है कि वह बायोमेट्रिक हाजिरी बनाए करें। डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने कहा कि जो फैकल्टी बायोमेट्रिक हाजिरी बना नहीं पाते उनको वेतन मिलने में दिक्कत होती है। प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने जहां एक और मेडिकल कॉलेज पर 12 लाख रुपए की जुमार्ना लगाया है। वही इस मेडिकल कॉलेज को 2024 झ25 सत्रा के लिए 100 एडमिशन लेने की अनुमति दे दी है। मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज में 2024 झ25 सत्र में 100 छात्र-छात्राओं के एडमिशन लेने की अनुमति एक बड़ी बात है। डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने कहा कि इस 2024झ25 में 100 एडमिशन लेने की अनुमति से यहां के लोगों को भारी राहत मिलेगी।



# गर्मी बढ़ने के साथ विभाग ने की चापाकल व जलमीनार कि मरम्मत

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में भीषण गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ ही चापाकल और जलमीनार की खराब रहने की शिकायत जनप्रतिनिधियों द्वारा मिलने पर पीएचडीई विभाग द्वारा मरम्मत कार्य युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। इस संबंध में मिली जानकारी के प्रखंड के सभी पंचायत में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग,विधायक निधि एवं अन्य मद से कुल 1875 चापानल स्थापित किए गए।जिनमें अधिकांश चापानल 10वर्ष से अधिक समय के पुराने है.जिससे गर्मी बढ़ने के साथ ही सभी क्षेत्रों में चापानल खराब होने की शिकायत आम बात है.यही नहीं पूर्व में लगाए गए आधे से अधिक चापानल मई जून माह में जल स्तर नीचे चले जाने के साथ ही पानी देना ही बंद कर देता है. वही नदी नाले की पानी भी सुख जाने के कारण सभी और पानी की काफी कमी महसूस होने लगता है.जिससे पीने की पानी कमी से स्थिति और भी भयावह हो जाती है.चापानल एवम जल मीनार खराब रहने का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है की क्षेत्र भ्रमण के दौरान केवल केचकी पंचायत में विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू ने इस सप्ताह 25 चापानल एवम 11जलमीनार खराब रहने की शिकायत पी एच डी ई विभाग से किया था जिसे पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मरम्मत टीम द्वारा सूचना मिलने के साथ ही ठीक कर दिया गया।



## न्यूज बॉक्स

### विश्व महावारी स्वच्छता तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**सतबरवा।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत जिला जल एवं स्वच्छता समिति के निदेर्शानुसार बुधवार को सतबरवा व प्रखंड क्षेत्रों में मासिक धर्म स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मास्टर ट्रेनर प्रीति कुमारी द्वारा ग्रामीण महिलाओं व किशोरियों को जागरूक किया गया। और उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण चरण-2 के अंतर्गत महिलाओं एवं किशोरियों को सुरक्षित मासिक धर्म प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया है। मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है,रक्तस्त्राव स्वाभाविक,सुंदर ईश्वर का उपहार के साथ रक्तस्त्राव शक्ति है।और जो रक्त बहते हैं। वे शुद्ध व सुंदर आत्माएं हैं।इसलिए महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए और सेनेटरी पैड का हर हाल में उपयोग करना है । पीरियड के दौरान धार्मिक कार्य करने की आजादी सहित किसी भी चीज में रोक नहीं लगानी चाहिए। आज भी 22 % महिलाएं मासिक धर्म के बारे में पूरी तरह से जागरूक नहीं हैं। कई पड़ावों से गुजरना पड़ता है. इन्हीं में से एक है पीरियड्स जो कि एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। इस दौरान हमेशा साफ-सफाई पर ध्यान देना चाहिए । जागरुकता फैलाने के लिए हर वर्ष विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर जल सहिया ममता देवी, कुमारी दीक्षा, पुष्पा देवी समेत दर्जनों महिलाएं मौजूद थी।

### नव राजकीयकृत स्तरोन्नत +2 उच्च विद्यालय मोहम्मदगंज में नामांकन शुरू



**मोहम्मदगंज।** नव राजकीयकृत स्तरोन्नत +2 उच्च विद्यालय मोहम्मदगंज में 11वीं कक्षा के तीनो संकायो में छात्र छात्राओ का नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है।विद्यालय के प्राचार्य राकेश कुमार सिंह ने बताया की मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र के मैट्रिक में सफल छात्र छात्राओं को नामांकन के लिए हैदरनगर और जपला जाना पड़ता था। यहां नव सर्जित +2 विद्यालय हो जाने मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों के अलावे गढ़वा जिले में मोरबे, खरसोता,भंडरिया व सोहगाड़ा गांव के छात्र छात्राओं पढ़ाई में सहूलियत होगी।जिला पार्षद प्रतिनिधि सह युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह ने बताया की मोहम्मदगंज प्रखंड के एनकेपी उच्च विद्यालय,उच्च विद्यालय सोनबरसा व स्तरोन्नत उच्च विद्यालय मोहम्मदगंज से मैट्रिक की परीक्षा में सफल छात्र छात्राओं को निकट में नव सृजित +2 उच्च विद्यालय में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाने से उच्च शिक्षा प्राप्त करने में आसानी होगी।

### ट्रैक्टर पलटने से घायल युवक का इलाज के दौरान मौत

**मोहम्मदगंज।** ट्रैक्टर पलटने से घायल युवक की पीएमसीएच मेदनीनगर में इलाज के दौरान मौत हो गई है।जबकि एक घायल का इलाज डाल्टनगंज के निजी अस्पताल में चल रहा है।घटना मोहम्मदगंज थानांतर्गत भजनियां कोलहुआ पथ में पुलिया के पास बीते मंगलवार घटित हुई थी।मिले जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर भजनियां गांव के पास में उत्तर कोयल नदी के तटबंध निर्माण कार्य में लगा हुआ था।कार्य स्थल से लौटने के दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई।जिसमे बरही हजारीबाग निवासी पोकलेन ऑपरेटर सुधीर कुमार ट्रैक्टर के नीचे दब गया।स्थानीय लोगो द्वारा किसी तरह घायल सुधीर को ट्रैक्टर के नीचे से निकाल कर इलाज के लिए पीएमसीएच मेदनीनगर ने भर्ती कराया,जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।एक अन्य भजनियां गांव निवासी अमित मेहता का इस घटना में बायां पैर टूट गया है,इनका इलाज डाल्टनगंज के निजी अस्पताल में चल रहा है।वही मौके से ट्रैक्टर चालक फरार हो गया था।ट्रैक्टर गढ़वा जिला अंतर्गत भंडरिया गांव निवासी सोनू सिंह का बताया जाता है।



## पेज एक के शेष

### राज्य में हिटवेव, 17 जिलों में पारा 40 डिग्री पार

राज्य में अधिकतम तापमान पलामू जिले का रहा। यहां अब तक का सर्वाधिक तापमान 47.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। गढ़वा जिले में भी अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। डाल्टनगंज के ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन के अनुसार पलामू में पारा बुधवार को 47.8 डिग्री सेल्सियस तक चढ़ा जो राज्य में किसी भी वर्ष और किसी भी जिले में अब तक के सर्वाधिक तापमान के बराबर है। इससे पहले 47.8 डिग्री सेल्सियस तापमान 06 मई, 1978 को पलामू जिले में ही रिकॉर्ड हुआ था। करीब 46 वर्ष बाद राज्य में अधिकतम तापमान ने सर्वाधिक तापमान के आंकड़े को फिर एक बार छू लिया है। मौसम केंद्र के अनुसार, 30, 31 मई और एक जून को राज्य के उत्तर-पूर्वी हिस्से यानी देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद और साहिबगंज में कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने की संभावना है जबकि राज्य के निकटवर्ती मध्य भाग यानी रांची, रामगढ़, खूंटी, हजारीबाग, बोकारो, गुमला के अलावा उत्तर पश्चिमी हिस्से यानी पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा के साथ दक्षिणी हिस्से यानी पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां में हीट-वेव का असर देखने को मिलेगा। अभिषेक आनंद ने बताया कि इस बार लोगों को गर्मी का अहसास इसलिए ज्यादा हो रहा है क्योंकि, दिन के साथ रात भी गर्म हो रही है। वैज्ञानिक भाषा में इसे वार्म नाइट कहा जाता है। उन्होंने बताया कि इस भीषण गर्मी और हीट वेव से बचना जरूरी है। शरीर में पानी की मात्रा बनाए रखने के लिए जरूरी है। लगातार तरल पदार्थ, ओआरएस घोल, खीरा, ककड़ी, तरबूज, खरबूज और नारियल पानी का सेवन करना चाहिए। चाय कॉफी, वाइन, मसालेदार खाना, बासी खाना खाने से लोगों को बचना चाहिए। उन्होंने लोगों से पूर्वाह्न 11 बजे से शाम चार बजे तक बहुत जरूरी न हो तो घर से बाहर न निकलें की अपील भी की। साथ ही कहा कि यदि बाहर निकलना जरूरी हो तो सूती कपड़े, गमछा, टोपी, छाता लेकर ही बाहर निकलें।

### गढ़वा-चतरा में सैंकड़ों चमगादड़ों की मौत

मौत की आशंका जताई जा रही है लेकिन जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को पलामू प्रमंडल में रिकॉर्ड तापमान के आंकड़े दर्ज किए गए। 47 साल बाद पलामू में 47.8 डिग्री सेल्सियस जबकि गढ़वा में 47.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।




# परिवारवादियों ने पांच पीढ़ियों के सपनों को मार डाला : पीएम मोदी

एजेंसी

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण से पहले बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दक्षिण 24 परगना के मथुरापुर में दावा किया कि भाजपा को इस लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ी जीत पश्चिम बंगाल में मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने भाषण की शुरूआत जय मां दुर्गा और जय मां काली के उद्घोष के साथ की। उन्होंने कहा कि मैं पवित्र गंगा सागर को प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में आगे बढ़कर नेतृत्व देश के राजनीतिक दल या राजनेता नहीं बल्कि कन्याकुमारी से कश्मीर और अटक से कटक तक देश की जनता कर रही है। मोदी ने कहा कि देश की जनता ने 10 साल की विकास यात्रा भी देखी है और 60 साल की दुर्गति भी देखी है। परिवारवाद वालों ने लोगों के सपनों को मार डाला था। देश की पांच पीढ़ियों को तबाह कर दिया गया। जो देश हमारे साथ आजाद हुए, हमसे छोटे थे, वो आज कहां से कहां पहुंच गए।

हमारे पास युवा आबादी थी, स्किल था लेकिन हम पीछे छूट गए। भारत आज आगे बढ़ रहा है तो दुनिया देख रही है। मोदी ने कहा आने वाले पांच साल स्वर्णिम भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे। ये एक बड़ा टर्निंग प्वाइंट है, जिसकी शुरूआत चार जून को होने जा रही है। विकसित भारत के लिए विकसित बंगाल जरूरी है।

## मेरे जीवन में बंगाल की भूमिका बहुत बड़ी : मोदी

**कोलकाता।** कोलकाता के एक स्थानीय चैनल से विशेष बातचीत में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके जीवन में पश्चिम बंगाल और रामकृष्ण मिशन की भूमिका बहुत बड़ी रही है। इस बातचीत का एक वीडियो प्रधानमंत्री मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर भी डाला है। उनसे रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ के साथ ही इस्कॉन को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आपत्तिजनक टिप्पणी पर सवाल पूछा गया। मोदी ने कहा कि रामकृष्ण मिशन और पश्चिम बंगाल की भूमिका मेरे जीवन में बहुत बड़ी है। उन्होंने कहा, जब मैं ने घर छोड़ा था तो मुझे पता नहीं था कहां जाना है, क्या करना है, मैं बहुत बच्चा था। मेरे मन में स्वामी विवेकानंद, रामकृष्ण मिशन की बातें थीं। मैं बंगाल आया। रामकृष्ण मिशन गया। स्वामी आत्मस्थानानंद जी से मिला (जो प्रधानमंत्री मोदी के गुरु थे)। मैं उन्हीं के पास रहता था। उन्होंने मुझे जीवन के रास्ते दिखाए। उसके बाद मैं गुजरात का मुख्यमंत्री बना लेकिन उनको इन सब चीजों से कोई मतलब नहीं था। उनके लिए तो मैं उनका अपना नरेन्द्र था। वह मुझे हमेशा तू कह कर बुलाते थे।



जनता ने 10 साल की विकास यात्रा भी देखी है और 60 साल की दुर्गति भी | जो देश हमारे साथ आजाद हुए, हमसे छोटे थे, वो हमसे आगे कैसे निकल गए

## पीएम मोदी ने नवीन पटनायक की सेहत पर जताई चिंता...



**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ओडिशा के मयूरभंज में राज्य सरकार और बीजू जनता दल (बीजेडी) की जमकर आलोचना की। इस दौरान उन्होंने ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की खराब सेहत को लेकर भी चिंता जताई। इतना ही नहीं पीएम मोदी ने कहा कि जो नवीन बाबू के नाम पर पर्दे के पीछे ओडिशा में सत्ता भोग रहे हैं, इस रहस्य से पर्दा उठना जरूरी है। 10 जून के बाद राज्य में भाजपा सरकार बनते ही एक स्पेशल कमेटी का गठन किया जाएगा, जो यह जांच करेगी कि अचानक नवीन बाबू की तबीयत क्यों खराब हो गई है।

### पिछले एक साल में नवीन बाबू की तबीयत कैसे बिगड़ी


पीएम मोदी ने कहा कि आजकल नवीन बाबू के शुभचिंतक बहुत चिंता में हैं, वो यह देखकर परेशान हैं कि पिछले एक साल में अचानक नवीन बाबू की तबीयत इतनी कैसे बिगड़ गई। बरसों से नवीन बाबू के करीबी रहे लोग अब जब मुझसे मिलते हैं तो जरूर उनकी तबीयत की चर्चा करते हैं।

# सहारा में जिनका पैसा फंसा है, उनकी पाई-पाई चुकायेंगे

एजेंसी

**महाराजगंज/देवरिया।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को एक चुनावी जनसभा में कांग्रेस और सपा पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस के लोग झूठ बोलने में माहिर हैं। अभी ये सहारा के रिफंड का मुद्दा उठा रहे हैं। जब सहारा का घोटाला हुआ तो किसका राज था? अखिलेश की सरकार में घोटाला हुआ। शाह ने कहा कि मोदी ने तो रिफंड की शुरूआत की। सहारा में जिन लोगों का पैसा फंसा है, हम उनकी पाई-पाई वापस करेंगे। गृहमंत्री शाह ने महाराजगंज के जवाहरलाल नेहरू पीजी कॉलेज के ग्राउंड में पार्टी प्रत्याशी पंकज चौधरी के समर्थन में बोल रहे थे। कहा , चार जून की दोपहर को ये दोनों शहजादे प्रेस कांफ्रेंस करेंगे और कहेंगे कि ईवीएम खराब थी, इसलिए हम हार गए। भाजपा नेता ने कहा कि 6 चरणों के मतदान हो चुके हैं, पांच चरण के मतदान में ही मोदी 310 पार कर गए हैं। छठे और सातवें चरण का मतदान 400 पार कराने का है।

राहुल की कांग्रेस 40 सीट भी पार नहीं कर रही है और अखिलेश की सपा 4 के अंदर रहने वाली है। शाह ने कहा कि एक ओर रामभक्तों पर गोली चलाने वाले हैं और एक ओर राम मंदिर बनाने वाले हैं। तय आपको करना है।



*आरक्षण के नाम पर गुमराह करती है कांग्रेस, एससी-एसटी-ओबीसी का आरक्षण काट मुसलमानों को दिया*

*04 जून को दोनों शहजादे ईवीएम खराब होने का रोना रोकर कहेंगे इसकी वजह से हम हारे*

देवरिया में शाह ने कहा कि कांग्रेस ने पिछड़ों का आरक्षण काटकर मुस्लिमों को दिया। कांग्रेस झूठ के आधार पर राजनीति करती है। ये लोग आरक्षण के नाम पर जनता को गुमराह करते हैं। मोदी 10 साल से प्रधानमंत्री हैं। आरक्षण को हाथ नहीं लगाया। जब तक संसद में एक भी सांसद भाजपा का है गरीब आदिवासी व पिछड़े समाज के आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता।

# इंडिया गठबंधन रिकॉर्ड नौकरी देगा : अखिलेश

*यह चुनाव हमारे-आपके भविष्य का चुनाव तो है ही साथ ही आने वाली पीढ़ी के भविष्य का भी चुनाव है।*

एजेंसी



**सोनभद्र।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी लोग लगातार काम कर रहे हैं, जबकि, भाजपा वाले केवल सपने दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कभी-कभी मैं सोचता हूं, ये बोरी की चोरी भाजपा वाले कहां से सीखकर आए हैं। वो सीखी है पारले जी के बिस्किट पैकेट से, जैसे-जैसे महंगाई बढ़ी, पैकेट छोटा हो गया। जबसे चुनाव शुरू हुआ है लगातार गर्मी बढ़ती चली जा रही है, 50 डिग्री तक तापमान पहुंच गया है, मैं समझता हूं राजनीतिक तापमान भाजपा के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि हम राशन बढ़ा करके डाटा भी फ्री देने का काम करेंगे। राशन इसलिए बढ़ा रहे हैं, जिससे गरीबों को भरपेट खाना मिल जाए और डाटा इसलिए क्योंकि बिना डाटा के आजकल कोई जानकारी हासिल नहीं होती। इन भाजपा वालों ने बड़े-बड़े लोगों का कर्ज माफ किया, 25 लाख करोड़ रुपए इन्होंने 10 साल में बड़े-बड़े उद्योगपतियों का माफ कर दिया।

हम गरीबों को कहकर जा रहे हैं, जिन पर हजारों-लाखों का कर्ज है, सरकार आएगी तो आपका पूरा का पूरा कर्ज माफ होगा। अखिलेश यादव ने कहा कि ये देश का चुनाव हमारे आपके भविष्य का चुनाव तो है, साथ ही आने वाली पीढ़ी के भविष्य का चुनाव है। ये चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है। ये संविधान वही है, जो हमें न्याय दिलाता है, हमें अधिकार दिलाता है। ये संविधान हमारे आपके लिए संजीवनी है। 10 साल में भाजपा की हर बात झूठी निकली, हर वादा झूठा निकला। जब किसान देखता है, 10 साल में उसे लाभ नहीं दे पाई सरकार, हमारे किसानों को संकट में डाल दिया। पेपर लीक हुआ नहीं है, जानबूझकर कराया है। नौजवानों को कहना चाहता हूं, इन्होंने रिकॉर्ड बनाया नौकरी ना देने का तो वहीं इंडिया गठबंधन रिकॉर्ड बनाएगा नौकरी देने का। उन्होंने कहा कि अग्निवीर व्यवस्था खत्म होगी, फौज की नौकरियां बढ़ाकर और तीस लाख नौकरियों को भरकर अपने नौजवानों को नौकरी देने का काम करेंगे। हमलोग दिल्ली की सरकार बनाने जा रहे, तो माताओं-बहनों को कहकर जा रहे हैं कि अब सरकार बनेगी तो माताओं-बहनों को एक लाख रुपए देने का काम करेंगे।

## सरकार बनने पर पचास फीसदी रोजगार महिलाओं को मिलेगा : प्रियंका गांधी

**कुल्लू ।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा कि केन्द्र में कांग्रेस सरकार बनने पर हर गरीब परिवार की सबसे बुजुर्ग महिला के खाते में 8500 रुपये डलवाए जाएंगे। यह राशि हिमाचल सरकार की ओर से मिलने वाली राशि के अतिरिक्त होगी। इसके अलावा पचास फीसदी रोजगार महिलाओं को दिया जाएगा।कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी बुधवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक जनसभा को संबोधित कर रही थीं। प्रियंका गांधी ने मंच से भाजपा उम्मीदवार विक्रमादित्य के पक्ष में वोट करने की अपील की। गांधी ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद 50 प्रतिशत रोजगार महिलाओं को दिया जाएगा।

# भाजपा इंसाफ और इंसानियत की राजनीति करती है : राजनाथ सिंह

*कल तक लोग 'तारीख नहीं बताने' को लेकर ताना मारते थे, आज वे चुप हो गए।*

एजेंसी



**सासाराम।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को काराकाट से एनडीए समर्थित राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजद की हवा निकलती जा रही है। ऐसे भी लालटेन एक कमरे से ज्यादा क्षेत्र में रोशनी नहीं दे सकता है। आज दुनिया में सबसे कम मंहगाई दर है तो वह भारत में है। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि भारत में महंगाई दर अगर 2.91 प्रतिशत है तो पाकिस्तान में 48 प्रतिशत, फ्रांस में 19 प्रतिशत, अमेरिका में 7.7 प्रतिशत है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की स्थिति तो ऐसी हो गई है कि डायनासोर की तरह दस साल में पार्टी लुप्त हो जाएगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमने कभी भी आंखों में धूल झोंकने की राजनीति नहीं की है। भाजपा जो कहती है, वह करती है। आज जम्मू-कश्मीर से धारा 370 समाप्त कर दिया गया। अयोध्या में प्रभु श्री राम आज झोपड़ी से भव्य मंदिर में पहुंच गए। कल तक लोग 'तारीख नहीं बताने' को लेकर ताना मारते थे, आज वे चुप हो गए। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि प्रभु श्री राम भव्य मंदिर में पहुंच गए। अब रामराज का आगाज होकर रहेगा। आज सभी को कर्तव्य बोध हो जाए तो रामराज हो जाए। भाजपा धर्म और तुष्टीकरण की राजनीति नहीं बल्कि इंसाफ और इंसानियत की राजनीति करती है।

# ये लोग दुर्लभ मूर्ख हैं, इनकी वजह से हम 400 पार कर रहे : अजय आलोक

*चार जून को चुनाव का रिजल्ट आएगा और पांच जून का रोहणी का सिंगापुर का टिकट है।*

एजेंसी



**पटना।** लोकसभा चुनाव के रण में राजनीतिक बयानबाजियों का दौर जारी है। इसी कड़ी में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने तेजस्वी यादव, राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन को निशाने पर लिया है। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और राजद नेता तेजस्वी यादव ने अपने एक बयान में कहा था कि चार जून के बाद सीएम नीतीश कुमार फिर बड़ा निर्णय ले सकते हैं। तेजस्वी के इस बयान पर मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा कि क्यों प्रश्न करके समय बर्बाद करते हैं। उन्होंने कहा कि देश के स्तर पर दुर्लभ मूर्ख राहुल गांधी हैं, प्रदेश में तेजस्वी यादव हैं और यूपी में टीपू हैं। उन्होंने कहा कि इन लोगों के सवाल पर मीडिया कृपया अपना समय बर्बाद न करे। ये लोग दुर्लभ मूर्ख हैं, हमलोग 400 पार इसलिए कर रहे हैं क्योंकि वो लोग हैं। अगर ये लोग नहीं होते तो हम लोग चार सौ पार कहां से करते। इनके जैसे दुर्लभ मूर्ख अगर रहेंगे तो देश इन्हें कैसे चुनेगा। रोहणी आचार्य ने कहा था कि अगर मुझपर खरोंच भी आई तो इसके जिम्मेदार भाजपा के लोग होंगे। इस सवाल के जवाब में अजय आलोक ने कहा कि कहां से खरोंच आएगी उनपर। चार जून को लोकसभा चुनाव का रिजल्ट आएगा और पांच जून का उनका सिंगापुर का टिकट है। अजय आलोक ने इंडी गठबंधन को भी निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन सिर्फ मुसलमान का समर्थन करता है। साल 1947 में मुसलमानों के लिए पाकिस्तान बन गया था।

## चुनावी सभा

### मुख्यमंत्री योगी ने सपा और कांग्रेस पर बोला हमला

# दोनों पार्टियां भारत की आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाली

*कांग्रेस अमेरिका की तरह देश में विरासत टैक्स लगाना चाहती है, जो औरंगजेब का जजिया कर है।*

एजेंसी

**कुशीनगर/देवरिया।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कुशीनगर और देवरिया में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। कुशीनगर में सीएम योगी ने कहा कि सपा-बसपा और कांग्रेस राम मंदिर के मार्ग में बाधा बनती थी, जैसे ही कमल को आपका आशीर्वाद मिला, केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुझे अवसर मिला तो एक झटके में सारी बाधाएं दूर हुईं और अयोध्या में राम मंदिर बन गया। अब, भावी पीढ़ी से कह सकेंगे कि राम मंदिर का निर्माण हमने अपनी आंखों से देखा है। कमल को वोट देने वाले कहें कि राम मंदिर का निर्माण हमने किया है। इसका श्रेय पीएम मोदी को जाता है, लेकिन मोदी-योगी की ताकत आप हैं। उन्होंने कहा कि 'फिर एक बार मोदी सरकार', 'अबकी बार 400 पार' का नारा सुन सपा को चक्कर आ रहा है, वह कभी 400 सीटों पर चुनाव लड़ ही नहीं सकती। सपा केवल 60 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

इसमें से पांच पर सैफई खानदान लड़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने देवरिया में कहा कि जैसे प्रदेश से माफिया का सफाया किया गया है, वैसे ही पूर्वांचल से इंसेफेलाइटिस को भी समाप्त कर दिया गया है।



## राम के आदर्शों पर चलना होगा : तेजस्वी



**पटना।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पर पलटवार करते हुए कहा कि राम का नाम लेने से काम नहीं चलेगा, उनके आदर्शों पर चलना होगा। तेजस्वी यादव ने कहा, इस देश में कौन राम भक्त नहीं है? हमारे घर में राम हैं। हमारे घर में मंदिर है। लेकिन रामराज्य के लिए बेहतर है बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी को दूर करना। राम का नाम लेने से काम नहीं चलेगा, राम के आदर्शों पर चलने से काम होगा।

उन्होंने सपा और कांग्रेस को भारत की आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाली पार्टी बताते हुए कहा कि सपा माफिया परस्त है और अपराधियों को अपने गले का हार बनाती है। कांग्रेस अमेरिका की तरह देश में विरासत टैक्स लगाना चाहती है, जो औरंगजेब का जजिया कर है। सीएम योगी ने कहा कि आज कोई भी शरीफ मुसलमान अपने बेटों का नाम औरंगजेब नहीं रखता, क्योंकि उसने अपने भाई की हत्या और पिता को कैद करके पानी-पानी के लिए तरसा दिया था। उन्होंने देवरहा बाबा और बाबा राघव दास की पावन धरा को कोटि-कोटि नमन करते हुए कहा कि प्रदेश के कुछ जिलों में 48 डिग्री तक गर्मी पहुंच गई है। भाटपार रानीवासियों को आश्वासन देने आया हूं कि आप जो पसीना बहा रहे हैं, इसके लिए भाजपा सरकार इस पूरे क्षेत्र का विकास करके आपका कर्ज चुकाने का काम करेगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दांतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com